सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84544.31 |
| निफ्टी | 25790.95 |
| सोना 73,340 | चांदी 92,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 22 सितंबर 2024 | 7 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 276, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और पाकिस्तान का एजेंडा एक: अनुराग

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रमुख समूह के रूप में उभरा क्वाड: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। यात्रा से पहले पीएम ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होने वाले वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### अमरप्रीत सिंह को किया वायुसेवा प्रमुख नियुक्त



**नई दिल्ली।** वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह को नया वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया है। 30 सितंबर से वायुसेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर नियुक्त किया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सोनिया, प्रियंका और राहुल ने शिमला से बनाई चुनावी रणनीति -पेज 2
- बड़सर-भोरंज बनेंगी नगर पंचायतें, नादौन नगर परिषद -पेज 6
- सिद्धपुर में भीषण आग लगने से 3 दुकानें और रिहायशी मकान राख -पेज 9
- कुमारी शैलजा को भाजपा में शामिल होने का ऑफर -पेज 13
- युकी भांबरी चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में -पेज 14


# पहले यहां के आका डरते थे, अब अब मोदी से डरता है पाक : शाह

## गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के मेंढर, थानामंडी और राजौरी में जनसभाओं में बोला हमला

**अशोक ठाकुर, मेंढर**



**कहा- 3 परिवारों का शासन खत्म करने वाला है यह चुनाव**

**केंद्रीय** गृह मंत्री ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के पक्ष में मेंढर, थानामंडी और राजौरी में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में फारूक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। तब यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे। अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है।

पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वह गोलीबारी करे, अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवारों अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार ने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। आज पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने जेएंडके से दशहतगर्दी को समाप्त किया है। 40 हजार युवा मारे गए। ये मेरे पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल भाई ही थे, जिन्होंने सीमाओं पर बहादुरी से गोलियों का सामना किया। भाजपा ने तय किया है कि पहाड़ी, गुर्जर बकरवाल को सिर्फ नौकरी में ही आरक्षण नहीं देना है, बल्कि प्रमोशन में भी आरक्षण देना है। (अनंत ज्ञान)

### पहाड़ियों में फिर से नहीं पनपने देंगे आतंकवाद लोगों की सुरक्षा के लिए बनाएंगे और बंकर

**शाह** ने कहा कि केंद्र ने युवाओं के हाथों में बंदूकों और पत्थरों की जगह लैपटॉप देकर आतंकवाद का सफाया कर दिया है। हम लोगों की सुरक्षा के लिए सीमा पर और बंकर बनाएंगे। शाह ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला लोगों को आतंकवाद के फिर से पनपने का डर दिखा रहे हैं। मैं यहां से बताना चाहता हूं कि आपके संरक्षण के बावजूद मोदी और शाह इन खूबसूरत पहाड़ियों में उन्हें फिर से पनपने नहीं देंगे।

# दिल्ली में अब आम आदमी पार्टी की आतिशी पारी शुरू

## सबसे युवा सीएम बनीं, केजरीवाल के छुए पैर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में अब आम आदमी पार्टी (आप) की 'आतिशी' पारी शुरू हो गई है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की नई सीएम पद की शपथ ली। वह राष्ट्रीय राजधानी में इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली सभी तीन महिलाओं में सबसे कम उम्र की हैं। वह स्वतंत्र भारत में मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने वाली 17वीं महिला भी बन गई हैं।

राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं। आतिशी ने दिल्ली की सबसे युवा सीएम होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार सीएम बनने के समय के जरीवाल 45 साल के थे। शपथ समारोह में 'आप' के संयोजक केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब के सीएम भगवंत मान शामिल रहे।



**पांच मंत्रियों के साथ ली सीएम पद की शपथ, मुकेश नया चेहरा**

### दिल्ली की तीसरी महिला सीएम बनीं आतिशी

**आतिशी** दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उनसे पहले भाजपा की ओर से सुषमा स्वराज और कांग्रेस की ओर से शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की सीएम बनी थीं। वह 15 साल और 25 दिन तक इस पद पर बनी रहीं, जबकि बीजेपी की फायरब्रांड नेता रहीं सुषमा स्वराज 1998 में केवल 52 दिनों के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी थीं।

**केजरीवाल को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का आग्रह किया :** आतिशी ने शपथ लेने के बाद प्रेसवार्ता में भाजपा पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। राजधानी के लोगों से आग्रह किया कि वे दोबारा से केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएं।

## जालंधर में आइस फैक्टरी में गैस लीक होने से एक की मौत, 3 बचाए

**जालंधर।** जालंधर में शनिवार को दोमोरिया ब्रिज के पास एक आइस फैक्टरी में गैस लीक होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन को रेस्क्यू कर लिया है। पुलिस और दमकलकर्मियों ने दो घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीन लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिसाव के दौरान अमोनिया गैस के संपर्क में आना काफी खतरनाक हो सकता है और इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

## सीएम सुक्खू की बिगड़ी तबीयत सभी टेस्ट नॉर्मल, रेस्ट की सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें आईजीएमसी में लाया गया। डॉक्टरों ने उनके टेस्ट किए और रेस्ट की सलाह दी है।

डॉक्टरों की जांच के बाद सुक्खू सरकारी आवास ओकओवर में लौट गए। आईजीएमसी प्रशासन के अनुसार, सीएम सुक्खू के पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द हो रहा था और उनका अल्ट्रासाउंड टेस्ट किया गया, जो सामान्य आया है। खून की जांच की रिपोर्ट अभी आनी है।

आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि पेट में हल्के दर्द के बाद सीएम आईजीएमसी पहुंचे थे। वहीं, सुक्खू ने रविवार को जम्मू-कश्मीर जाना था। ऐसे में स्वास्थ्य बिगड़ने से उनके जम्मू-कश्मीर जाने पर संशय बना हुआ है।

### तिरुपति लड्डू विवाद

## अमूल ने 'एक्स' के 7 यूजर्स के खिलाफ दर्ज करवाई शिकायत

**अमूल** ने तिरुपति मंदिर में लड्डू बनाने में मिलावटी घी की आपूर्ति करने से संबंधित झूठी खबरों के प्रसार के खिलाफ 'एक्स' के सात यूजर्स के खिलाफ अहमदाबाद के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा कि अमूल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए गलत सूचना फैलाई गई। यह घटनाक्रम मंदिर में प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले लड्डू में पशु वसा की मौजूदगी को लेकर हुआ है।

## 42 दिन बाद काम पर लौटे कोलकाता के जूनियर डॉक्टर

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता आरजी कर अस्पताल रेप एंड मर्डर केस**

**कोलकाता** आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर 42 दिन बाद शनिवार सुबह आंशिक रूप से काम पर लौट आए हैं।

हालांकि, डॉक्टरों ने सरकारी अस्पतालों में आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में काम करना शुरू कर दिया, लेकिन उन्होंने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में अब भी काम शुरू नहीं किया है। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल अनिकेत महतो ने कहा कि हमने आज से काम पर लौटना शुरू कर दिया है। हमारे सहकर्मी केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में अपने-अपने विभागों में आज सुबह से काम पर लौटना शुरू कर चुके हैं, लेकिन ओपीडी में काम शुरू नहीं किया गया है। यह नहीं भूलें कि चिकित्सक केवल आंशिक रूप से काम पर लौटे हैं।

## इसराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर मारा गया

**बेरुत।** इसराइली सेना ने बेरुत के दक्षिणी इलाके में बमबारी की, जिसमें हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर इब्राहिम अकील मारा गया। हिजबुल्लाह ने इसराइली हवाई हमले में वरिष्ठ नेता इब्राहिम अकील के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्लाह ने शुक्रवार देर रात बयान जारी कर कहा कि जिहादी नेता इब्राहिम अकील अपने जिहाद से भरपूर जीवन के बाद अपने शहीद भाइयों में शामिल हो गए हैं। एलीट राडवान फोर्स की पूरी कमांड कमेटी उस इमारत में बैठक कर रही थी, जिसे इसराइली हवाई हमले का निशाना बनाया गया था।







## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी करवाएगी राज्यस्तरीय सामान्य ज्ञान स्पर्धा

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले नेरवा में राज्य स्तर की स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 6 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए एबीवीपी द्वारा पूरे प्रदेश के 60 हजार विद्यार्थियों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस स्पर्धात्मक परीक्षाओं में अलग-अलग सीरीज निर्धारित की गई है,जिसके तहत सामान्य ज्ञान (हिमाचल, भारत, विश्व), भारतीय स्वंत्रता आंदोलन, भाषा (संस्कृत, हिंदी व अंग्रेजी), सामान्य विज्ञान, धर्म एवं संस्कृति, खेलकूद, समसामयिक विषय, तर्क विषय से सम्बंधित अलग अलग प्रश्न इस प्रतियोगिता में पूछे जाएंगे। एबीवीपी नेरवा इकाई के सह मंत्री ने कुश शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा तीसरी से बारहवीं कक्षा के छात्र सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते है। इसके लिए 16 सितंबर से 28 सितंबर तक पंजीकरण किया जाएगा, जिसके लिए प्रति विद्यार्थी 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### धामी कॉलेज में यौन उत्पीड़न पर किया जागरूक



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में महिला प्रकोष्ठ ने यौन उत्पीड़न और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच संचालन डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विशिष्ठ प्राध्यापक कृषि सहकारी प्रशिक्षण संस्थान सांगटी, शिमला की शिवानी शर्मा रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण जरेट, डॉ. ज्ञानचंद, डॉ. रमेश, डॉ. नमिता के खागटा, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. उज्ज्वल राठौर आदि मौजूद रहे।

### मंढोल स्कूल में पांच दिवसीय कैंप संपन्न



**दशमी रावत, रोहड़ू।** भारत स्काउट एंड गाईड जिला शिमला का तृतीय सोपान टेस्टिंग कैंप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंढोल में 17 से 21 सितंबर तक आयोजित किया गया। पांच दिवसीय इस टेस्टिंग कैंप में चौथे दिन लेखराज उप निदेशक उच्च शिक्षा विभाग जिला शिमला मौजूद रहे और कैंप का निरीक्षण किया। कैंप निरीक्षण में उप शिक्षा निदेशक (उच्च) जिला शिमला के लेख राज के अलावा रतन वर्मा जिला कमिश्नर स्काऊट व रविंद्र चतरा अधीक्षक ग्रेड वन एवं लक्ष्मी मौजूद रहे।

### उमंग के वेबिनार में कमल गौतम होंगे मुख्य वक्ता

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस्लामी ढांचों के अवैध निर्माण, जनसंख्या के अनुपात में बदलाव के षडयंत्र और इससे उत्पन्न सामाजिक तनाव पर उमंग फाउंडेशन 22 सितंबर को गूगल मीट पर एक वेबिनार आयोजित कर रहा है। इसका विषय है 'हिमाचल में डेमोग्राफी परिवर्तन के खतरे के मायने'। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रदेश मंत्री और जाने-माने हिंदू नेता कमल गौतम इसमें मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल रीता गोस्वामी करेंगी।

प्रो. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शांत देवभूमि हिमाचल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में आकर बस रहे मुसलमानों के कारण यहां जनसंख्या के अनुपात में बदलाव के खतरे की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश भर में अवैध मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों आदि से समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को चोट पहुंच रही है। लोग इस समस्या से परेशान होकर आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदियों से हिमाचली हिंदू और मुसलमान मिलजुल कर रहते आए हैं। यह भाईचारा और शांति भंग करने की अनुमति बाहर से आए मुसलमानों को नहीं दी जा सकती। इसलिए युवाओं को जागरूक बनाना आवश्यक है।

### जुखाला कॉलेज में निकाली स्वच्छता रैली




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी। इसके बाद हरी झंडी दिखाते हुए स्वच्छता रैली को महाविद्यालय से गसौड़ चौक तक रवाना किया गया। इसमें स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक व अन्य कूड़ा-कर्कट इकट्ठा किया। इसके बाद महाविद्यालय के खेल परिसर में स्वयंसेवियों ने श्रमदान किया। मध्याह्न सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने स्वयंसेवियों की माई भारत पोर्टल पर आईडी बनाई। इस स्वच्छता अभियान में लगभग 122 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। यह स्वच्छता अभियान ईको क्लब क्लब, रोवर व रेंजर्स और करियर काउंसलिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

### हरितल्यांगर में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा डंगार द्वारा शनिवार को गांव हरितल्यांगर में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा के सहायक प्रबंधक नरेंद्र सोनी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन योजना के प्रति जागरूकता लाना है और साथ ही साथ लोगों को सुरक्षित रूप से एटीएम कार्ड का उपयोग करने हेतु जानकारी देना भी है। शिविर में उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में अवगत करवा पूरी जानकारी प्रमुखता से दी गई। लोगों को बैंक की विभिन ऋण योजनाओ की जानकारी भी दी गई।



### एकल गायन में मधु ने हासिल किया पहला स्थान




**गोपाल कपिल, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में संगीत विभाग की ओर से एक शानदार प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों की प्रतिभा को निखारने हेतु सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सतीश चंदेल ने की। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर सुरेश, प्रोफेसर राजेंद्र और प्रोफेसर कमलेश उपस्थित रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में मधु ने पहला स्थान प्राप्त किया, अक्षिता ने दूसरा और श्रद्धा एवं तानिया ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। नाटक में कनिका की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, भावना की टीम ने दूसरा और मुस्कान की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अनीता ने पहला स्थान, सिमरन ने दूसरा और काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। युगल नृत्य प्रतियोगिता में भव्या और श्रद्धा की जोड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि शिखा और पलक की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. बलबीर चंद और प्रो. रंजू ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को निखरना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से योग्य छात्रों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चयनित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## जरवा-जंदर-खुड़बी उठाऊ सिंचाई योजना पर ग्रामीण-विभाग आमने-सामने

# लोगों का योजना फेल होने का आरोप विभाग का पानी उपलब्ध करवाने का दावा

**सपना सूद, नेरवा**

तहसील नेरवा की पुजारली पंचायत के ग्रामीणों ने जहां विभाग पर इस योजना के फेल होने के आरोप जड़े है, वहीं जलशक्ति विभाग ने ग्रामीणों के इन आरोपों को सिरे से खारिज कर किसानों को जरूरत के हिसाब से पानी उपलब्ध करवाने का दावा किया है ।

ग्रामीणों का आरोप है कि तीन गांव के लिए बनी जरवा-जंदर-खुड़बी उठाऊ सिंचाई योजना उद्घाटन के बावजूद शुरू नहीं हो पाई है । करोड़ों रुपए की इस योजना के हांफने से किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा यह सफेद हाथी साबित हो रही है। उप मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को भेजे गए ग्राम पंचायत पुजारली द्वारा पास प्रस्ताव में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त उठाऊ सिंचाई योजना में जो विद्युत मोटरें लगाईं गई है वह कम क्षमता की है । इन मोटरों की क्षमता कम होने की वजह से इस योजना में पानी ऊपर नहीं चढ़ रहा है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वह इस बारे में कई बार विभाग को शिकायत कर चुके है तथा कई बार ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल भी विभागीय अधिकारीयों से मिल चुका है, परंतु विभाग द्वारा हर बार एक ही जवाब दिया जाता है कि इस योजना में पंप ऑपरेटर तैनात कर उचित क्षमता की मोटर लगाईं जाएगी, परन्तु दो साल की लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूद आज तक न तो इस योजना के लिए पंप ऑपरेटर की तैनाती हो पाई है और न ही उचित क्षमता की मोटर लगा कर इसे शुरू किया गया है।स्थानीय निवासी उदय सिंह ने बताया कि ग्रामीण इस मामले को चौपाल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रह चुके रजनीश किमटा के समक्ष भी उठा चुके है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की गई है कि उपरोक्त योजना को शीघ्र शुरू किया जाए ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

> **ग्रामीणों** द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। जरवा-जंदर-खुड़बी उठाऊ सिंचाई योजना को किसानों की जरूरत के हिसाब से समय समय पर चलाया जाता है। इस योजना के लिए तैनात पंप ऑपरेटर इसके साथ ही ढाढू-रिन्जट उठाऊ सिंचाई योजना का कार्य जरूर देख रहा है।
>
> **-केवल राम जिंटा, कनिष्ठ अभियंता।**

# सोनिया, प्रियंका और राहुल ने शिमला से बनाई चुनावी रणनीति

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आजकल प्रियंका गांधी के शिमला स्थित छराबड़ा में बने घर पर रुके हैं। कांग्रेस तीनों दिग्गज नेता यहां से अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव को लेकर रणनीति बना रहे हैं। ये नेता शीघ्र ही दोनों राज्यों में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। इन दिनों शिमला कांग्रेस का पावर सेंटर बना हुआ है। देश के दो राज्य हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा के लिए मतदान होने हैं।

हरियाणा विधानसभा के लिए 5 अक्टूबर को और जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर और तीसरे चरण के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होना है। ऐसे में दोनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार पीक पर है। दिलचस्प बात ये है कि चुनाव इन दोनों राज्यों में हो रहे है, लेकिन राजनीति चर्चा का केंद्र छोटे पहाड़ी राज्य हिमाचल की राजधानी शिमला बना हुआ है। ये इसलिए की दोनों राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के बीच गांधी परिवार इन दिनों शिमला में छुट्टियां बिताने आया है। पिछले दिनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी पहुंची।

प्रियंका गांधी का शिमला से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित छराबड़ा में अपना घर है। इन दिनों प्रियंका गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी दोनों छराबड़ा में ठहरी हैं। शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी पहुंच गए हैं। उनका चॉपर दोपहर बाद छराबड़ा में प्रियंका गांधी के घर के समीप बने हेलीपैड पर उतरा। बताया जा रहा है कि उनका अगले कुछ दिन शिमला में ही रुकेंगे। ऐसे में इन दिनों गांधी परिवार के पहुंचने से शिमला कांग्रेस की राजनीति का पॉवर सेंटर बन गया है।

## पेड़ गिरने से गाड़ी क्षतिग्रस्त

**शिमला।** आईजीएमसी समीप एक ऑल्टो कार पर देवदार का पेड़ गिर गया। जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हुई है है। बताया जा रहा है एक तीमारदार अपने मरीज को लेकर आईजीएमसी आया था, लेकिन आईजीएमसी के पास ही कार एकदम खराब हो गई और सड़क किनारे कार को पार्क किया गया, कुछ समय बात गाड़ी पर पेड़ गिर गया। गनीमत यह रही कि इसमें कोई भी स्वार नहीं था।

## जेई और नीट निशुल्क कोचिंग के लिए 25 को होगा टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

समग्र शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे मेधावी बच्चों को नीट व जेई की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के मकसद से स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना के तहत नि:शुल्क कोचिंग दे रहा है। सरकारी स्कूल के 11वीं और 12वीं कक्षा के चयनित प्रतिभाशाली बच्चों को अवंती फैलोज संस्था के माध्यम से निशुल्क जेई और नीट की ऑनलाइन कोचिंग दी जा रही है।

इस साल भी बच्चों को यह कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए 25 सितंबर को बच्चों का चयन करने के लिए एक ऑफलाइन टेस्ट कराया जा रहा है, इस टेस्ट के माध्यम से मेधावी बच्चों का नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग के लिए चयन किया जाएगा।

## कुलदीप राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के बने संयोजक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कुलदीप सिंह पठानिया को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के चेयरपर्सन एवं लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र– II का सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 तक एक वर्ष के लिए संयोजक बनाया है। कु

पठानिया पांच राज्यों क्रमश: हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू कश्मीर तथा पंजाब के संयोजक होंगे। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि कुलदीप पठानियां को पांच राज्यों का संयोजक बनाया गया है जो उत्तर भारत के सभी महत्वपूर्ण राज्य हैं। कुलदीप पठानिया ने वर्ष 2023 तथा 2024 में पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में अपनी सक्रियता दिखाई है तथा अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, विषय की गहनता तथा प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता की वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पठानिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। वह उसका निर्वहन दृढ़ता तथा सम्पूर्ण योग्यता के साथ करने का प्रयास करेंगे तथा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र– II को मजबूती प्रदान करने में अपना भरपूर योगदान देने का प्रयास करेंगे।

इस जिम्मेदारी के लिए कुलदीप पठानियां ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के अध्यक्ष ओम बिरला का धन्यवाद किया है।

## नगर परिषद रोहड़ू ने गृहकर जमा करने वाले नागरिकों को दी 10 फीसदी की छूट : अशोक

**दशमी रावत, रोहड़ू**

नगर परिषद रोहड़ू अध्यक्ष अशोक चौहान व उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने बताया कि नगर परिषद ने गृह कर में 10 फीसदी की छूट और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा की शुरुआत की है। यह विशेष छूट उन गृह स्वामियों के लिए है जो अपने वर्तमान गृह कर को 15 दिन के भीतर जमा करेंगे। इसके साथ ही, पिछली बकाया राशि का भुगतान करना भी अनिवार्य होगा। यह छूट केवल वर्तमान कर पर लागू होगी। जिससे नागरिकों को कर भुगतान की प्रक्रिया को आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था का सबसे अधिक लाभ उन नागरिकों को होगा जो नियमित रूप से अपना गृह कर जमा करते आ रहे हैं। यह नागरिक नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके लिए यह प्रक्रिया अब और भी सरल हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## विश्व कल्याण के लिए हो छात्रों की शिक्षा : डॉ. कृष्ण

**अनंत ज्ञान, शिमला**



समिति के सदस्य छात्र निशाद को सम्मानित करते हुए।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति बैठक के दूसरे दिन पूर्व छात्र निशाद कुमार पैरा आलंपिक खिलाड़ी विश्व चैंपियन ऊंची कूद में जिन्होंने दो रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त किया है, को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि अपनी लगभग 74 वर्षों की यात्रा में अनेक पड़ाव आए है अनेक शिक्षाविदों एवं समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े है।

विद्या भारती के विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा का कार्य भी तेजी से हो रहा है इसके कारण घर के पास ही रोजगार मिलेगा जिससे छात्रों को रोजगार के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर उनके साथ विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डाक्टर राम कृष्ण राव भी उपस्थित रहे।

## व्यंजनों की लगाई चित्रकला प्रदर्शनी

**शिमला।** शहीद वेद प्रकाश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बायचड़ी में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत स्थानीय मेलों, मंदिरों, संस्कृति व स्थानीय व्यंजनों को लेकर चित्रकला, भाषण व प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इसमें नवी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री से मिलेंगे हिमाचल मुस्लिम समुदाय के पदाधिकारी

## बिलासपुर जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय मुस्लिम चिंतन सम्मेलन में लिया गया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

ऑल हिमाचल मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारी जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करेंगे और प्रदेश में हो रहे विवादों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। यह बात बिलासपुर में आयोजित ऑल हिमाचल मुस्लिम समुदाय द्वारा चिंतन सम्मेलन में समुदाय के पदाधिकारियों ने कही।

बिलासपुर के जिला परिषद हॉल में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ऑल हिमाचल मुस्लिम समुदाय के संयोजक साबरदीन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी समुदायों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई है। सम्मेलन में एक यह निर्णय लिया गया है कि एक शिष्टमंडल, जिसमें पूर्व राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष दिलदार चंबा, साबरदीन बिलासपुर, लतीफ नेगी शिमला, नासर रावत पांवटा साहिब व नजाकत हाशमी सिरमौर मुख्यमंत्री से मिलकर मुस्लिम समुदाय को अपनी बात रखने के लिए वार्ता हेतु समय मांगा जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश से आए सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण प्रदेश है और इसमें आपसी भाईचारा कायम रखा जाए तथा जो भी शरारती तत्व चाहे वह किसी भी समुदाय से हो, उन पर कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।



बिलासपुर के जिला परिषद हॉल में आयोजित सम्मेलन में भाग लेते ऑल हिमाचल मुस्लिम समुदाय के पदाधिकारी व अन्य।

**सम्मेलन में प्रदेश में हुए मस्जिद विवाद पर किया चिंतन और मंथन**

हिमाचल में जो समुदाय विशेष को टारगेट कर अभियान चलाया जा रहा है इस पर प्रतिबंध लगे। इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जो भी कानूनी प्रक्रिया हो उसके खिलाफ होनी चाहिए। प्रदेश में सभी धर्म के लोग अपने-अपने धर्म के अनुसार अपनी धार्मिक प्रक्रिया कर सकें।

## यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बनीं संपत्तियों को लगी दीमक

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार व कांग्रेस पार्टी को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य, पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राम लाल ठाकुर ने



कहा कि बहुत सी योजनाओं को विश्व बैंक व एशियन विकास बैंक के तहत पूर्व में चलाया गया था। इसमें प्रदेश सरकार को अपनी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत देनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत जो प्रॉपर्टीज बनी थीं, आज उनको दीमक लग चुकी है। इस विषय पर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार से कई बार अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के तहत बने भवनों, कम्युनिटी सेंटरों, जंजघरों और तत्कालीन योजनाओं को चलाने हेतु जिन भवनों का निर्माण किया गया था उनकी हालत जर्जर हो चुकी है और इनको लेकर किसी भी संबंधित विभाग या स्थानीय पंचायतों के अधीन किया जाए, लेकिन अभी भी इन प्रॉपर्टीज की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे पहले प्रदेश ने कहा था कि इन भवनों या प्रॉपर्टीज की टेक ओवर कर लिया जाएगा जो अभी तक नहीं किया गया है, जिसके कारण काफी नुकसान हो रहा है।

## सीपीआर तकनीक की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में शनिवार को टोल फ्री नंबर 1033 एंबुलेंस नेशनल हाईवे की ओर से स्वास्थ्य संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई। इस दौरान ईएनटी रविंद्र कुमार पायलट रवि कुमार ने विद्यालय के विद्यार्थियों की स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। रविंद्र कुमार ने बच्चों को बताया कि सीपीआर या कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन किसी व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट से बचने में मदद कर सकता है। भले ही आपको सीपीआर न आता हो, आप सिर्फ हाथों से सीपीआर का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति की मदद कर सकते हैं।

## सिक्योरिटी गार्ड्स के 150 पदों के लिए इंटरव्यू 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 150 पदों हेतु रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 24 सितंबर को 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 10वीं पास तथा मासिक वेतन 16 हजार 500 रुपए से लेकर 19 हजार 500 रुपए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईपीएफ, ईएसआई, बोनस एवं ग्रेज्यूटी भी दी जाएगी। उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 इंच एवं वजन 54 किग्रा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 19 से 40 आयुवर्ग के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 24 सितंबर को रोजगार कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। उम्मीदवार एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल www-eemis-hp-nic-in पर आवेदन कर सकते हैं।

**जानकारी**

## जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे व्यापक कदम : उपायुक्त

# बिलासपुर में होगी एयरोस्पेस और वॉटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एयरोस्पेस और वॉटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जिला रेगुलेटरी पर्यटन विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए और चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वॉटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत गोबिंदसागर झील में वाटर काइकिंग और कनोइंग ड्रैगन बोर्ड चैंपियनशिप और एयरोस्पेस के अंतर्गत बिलासपुर के बंदलाधार में जिला स्तरीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एयरोस्पेस और वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के आयोजन और बंदलाधार में पैराग्लाइडिंग साइट के सौंदर्यीकरण के संबंध में चर्चा की गई।



जिला रेगुलेटरी पर्यटन विकास समिति की बैठक में जानकारी देते डीसी सादिक।

इसके अतिरिक्त जिले में पर्यटन की अन्य संभावनाओं पर भी सभी कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। उपायुक्त बिलासपुर में बताया कि जिला में एक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास जारी है और जल्द ही बंदलादार, बहादुरपुर और लुहनू मैदान में इको कैंप का आयोजन किया जाएगा और पर्यटक को आकर्षित करने के लिए बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जाएगा, ताकि जिला में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिले। बैठक में पर्यटन विभाग के अधिकारियों सहित जिला के सभी संबंधित अधिकारी और कमेटी के सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### जिले के युवाओं को मिलेगा रोजगार

**उपायुक्त** के अनुसार किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी भराड़ी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में कोल डैम में पर्यटन वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए टेंडर लगाने की प्रक्रिया को मंजूरी दी। इस कदम से जहां कोल डैम में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। इसके अतरिक्त मंडी भराड़ी में झील पर जिपलाईन तैयार की जाएगी, जबकि स्काई वॉक ब्रिज निर्मित करने की भी योजना है। इसके साथ ही वे-साईड एम्युनिटीज विकसित कर पर्यटकों के लिए रेस्तरां व अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं, बिलासपुर की इकोनोमी में भी ग्रोथ आएगी।

# अडिप और व्योश्री के तहत लगाए जाएंगे असेसमेंट शिविर : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु केंद्र सरकार की दो योजनाओं अडिप और व्योश्री के अंतर्गत असेसमेंट शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चयनित किया जाएगा। यह जानकारी एडीसी डॉ. निधि पटेल ने शिविरों के आयोजन के सम्बघ में सम्बधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अडिप और व्योश्री के अंतर्गत लगाए जाने वाले असेसमेंट शिविरों में व्हीलचेयर, बैसाखी, सुनने वाली मशीन, चश्मा, छड़ी, इत्यादि के लिए असेसमेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनों की दिव्यांगता 40



प्रतिशत से ऊपर हैं और उनकी मासिक आय 22 हजार 500 रुपए से अधिक नहीं है वे दिव्यांग इन उपकरणों के लिए पात्र होंगे। जिला बिलासपुर में सात स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 23 सितंबर को किसान भवन, 24 सितंबर को राजकीय प्राइमरी स्कूल जुखाला, 25 को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस भराड़ी, 27 सितंबर को ग्राम पंचायत कलोल, 28 सितंबर पीडब्लूडी गेस्ट हाउस बरठीं और 30 सितम्बर को फॉरेस्ट गेस्ट हाउस स्वारघाट, 2 अक्तूबर को शिवा इस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी अवधानी घाट में आयोजित किए जा रहे हैं।

### तारादेवी मंदिर



राजधानी शिमला में तारादेवी मंदिर काफी प्रसिद्ध है। यहां पर स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्य से पर्यटक आते हैं और माता के दर्शन करते हैं। बताया जाता है की जंगल में शिकार करते हुए तारा देवी दिखी थी। तब यहां पर मंदिर बनाया गया। पुरानी कथाओं के अनुसार शिमला में भूपेंद्र सेन नामक राजा शिकार करने तारा जंगल गए थे। तभी उन्हें जंगल में मां तारा देवी और हनुमान जी दिखाई दिए। ऐसा माना जाता है कि तारा देवी ने राजा भूपेंद्र सेन से मंदिर वाली चोटी पर निवास करने की इच्छा जताई।

# किन्नौर का प्रवेश द्वार भीमा काली मंदिर

**जिला** शिमला में श्री भीमा काली मंदिर भारत में हिमाचल प्रदेश के सराहन में एक प्राचीन मंदिर है, जो कि माता भीमाकाली देवी को समर्पित है, जो पूर्व बुशैहर राज्य के शासकों के देवी हैं। यह मंदिर शिमला से लगभग 180 किमी दूरी पर स्थित है और हिन्दू धर्म के 51 शक्तिपीठों में से एक है। सराहन शहर को किन्नौर के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है। 51 शक्तिपीठों में से एक भीमाकली मंदिर पवित्र स्थल है।

काली माता का प्राचीन मंदिर अपने अंदर सुंदरता समेटे हुए है। इसके साथ ही सराहन शहर की खुबसूरत पहाड़ियों में अपनी अनूठी शैली से बना यह मंदिर अपने अंदर शांति और सुकून का आभास करवाता है।



### हिमाचल का प्रवेश द्वार



हिमाचली कला की झलक दिखलाता ऊना जिला में स्थित हिमाचल प्रदेश का यह अनूठा प्रवेश द्वार।

### आस्था का केंद्र 'बाबा गरीब नाथ' मंदिर




ऊना जिला के कुटलैहड़ के रायपुर मैदान के समीप झील के बीच बना मंदिर 'बाबा गरीब नाथ' लाखों लोगों की आस्था और आकर्षण का केंद्र है। यहां माथा टेकने लोग दूर-दूर से आते हैं।

### मनमोहक झांकी



एक धार्मिक समारोह के दौरान मंडी शहर में निकली मनमोहक झांकी।


### 1905 का चित्र



मंडी के ऐतिहासिक व्यापार केंद्र चौहाटा बाजार का 1905 के विनाशकारी भूकंप से पहले का चित्र। मंडी के राजा अजबर सेन द्वारा 1526 और 27 में निर्मित भूतनाथ मंदिर के ऊपरी हिस्से को भूकंप से कुछ क्षति हुई थी, उस समय दुकानों के बुर्ज भी नहीं बने थे।

### शूलिनी देवी मंदिर







जिला सोलन मुख्यालय में स्थित माता शूलिनी देवी मंदिर हमेशा से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। मुख्यालय के नजदीक मोहन हेरिटेज पार्क में पर्यटकों को यहां हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां आकर्षित करती है। वहीं पर्यटन नगरी चायल का काली टिब्बा का विहंगम दृश्य देखते ही बनता है।

### ठोडा खेल







जिला शिमला में ठोडा खेल प्रसिद्ध है। यह खेल बिशु मेले में खेला जाता है। इसमें प्रतिभागी शाठी और पाशी का परिचय देते हैं। लोग इस खेल का भरपूर आनंद उठाते हैं। वैसे यह खेल कौरवों और पांडवों के नाम से खेलते हैं।

### पर्यावरण के रक्षक





मंडी के गांधी चौक के पास पत्तल डोना बेचकर पर्यावरण की रक्षा करते पंडोह के परिवार। बता दें कि इन पत्तल डोना से पर्यावरण दूषित होने से बचता है और खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है। मंडी में हर समारोह में इन्हीं पत्तलों का उपयोग किया जाता है।



## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर कॉलेज में मनाया विश्व शांति दिवस



अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शनिवार को विश्व शांति दिवस का आयोजन किया गया। इसमें संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों, एनएसएस के 150 स्वयंसेवियों व रोवर्स रेंजर्स ने शांति पाठ के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शांति मंत्रों से मन शांत रहता है इस तरह की भावना जागृत कर समाज में नवचेतना का संचार होता है। आज विश्व में हर तरफ अशांति का वातावरण है। शांति पाठ इस अशांति को दूर करने की एक छोटी सी पहल है। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. केशव कौशल ने बताया कि शांति पाठ विश्व के साथ-साथ अंतरिक्ष, वायु, पृथ्वी, जल सभी जगह शांति प्रदान करता है। शांति बाह्य तथा आत्मिक सभी और आवश्यक है। रोवर्स रेंजर्स के 30 विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया, जिसे झंडा दिखाकर प्राचार्य ने रवाना किया था।

### इशांत और काकू के गानों पर खूब थिरके लोग



अनंत ज्ञान, देहरा। नागा बाबा शिव शक्ति दंगल कमेटी के सौजन्य से आयोजित स्टार नाइट ढलियारा में हिमाचल के प्रसिद्ध गायक इशांत भारद्वाज, काकू राम ठाकुर, सौरव शर्मा व नीतीश मेहरा ने खूब समां बांधा। स्टार नाइट का आयोजन ठाकुर कॉलेज के सामने किया गया था। कार्यक्रम की मुख्यातिथि समाजसेवी कशिश महंत का कमेटी के प्रधान वीरेंद्र मनकोटिया, सचिव विनायक द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम गायक नीतीश मेहरा व सौरव शर्मा ने वहां उपस्थित जनसमूह को अपने गानों पर थिरकने पर विवश कर दिया तदोपरांत जिला चंबा से संबंध रखने वाले गायक काकू राम ठाकुर ने वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। काकू राम ठाकुर द्वारा कांगड़ी व पंजाबी गीत गाकर स्टार नाइट में खूब धमाल मचाई। अंत में स्टार कलाकार इशांत भारद्वाज द्वारा पहाड़ी गाने गाकर वहां उपस्थित जनसमूह को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में नए बस रूटों पर किया मंथन



अनंत ज्ञान, पालमपुर। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नए बस के रूटों की पहचान को लेकर उपमंडल स्तरीय बस रूट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पालमपुर, नेत्रा मेती ने की। बैठक में कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। एसडीएम ने कमेटी सदस्यों से आग्रह किया ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों बस सुविधा देने तथा बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार देने के लिए बस रूट दिए जाने हैं। उन्होंने कमेटी सदस्यों को ऐसे ग्रामीण रूटों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां आवाजाही की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने चुने हुए प्रतिनिधियों से भी इस बारे सुझाव लेने की अपील की।

### बाइक चालक से 21.4 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, गगल। गगल पुलिस की टीम ने शुक्रवार रात्रि को राजोल के पास चेकिंग के दौरान बाइक चालक की टूल किट में 21.4 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जानकारी देते हुए गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात राजोल में नाका लगाया हुआ था और प्रतिदिन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल की टूल किट में 21.4 ग्राम चिट्टा बरामद किया। प्रभारी ने बताया आरोपी की पहचान आलोक कुमार निवासी जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बैजनाथ कॉलेज में दिया विश्व शांति का संदेश




अनंत ज्ञान, बैजनाथ। गवर्नमेंट कॉलेज बैजनाथ में शनिवार को भारत स्काउट एंड गाइड रोवर रेंजर यूनिट ने विश्व शांति दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने श्वेत वस्त्र पहनकर कार्यक्रम में समानता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने शांति पाठ गाकर आरंभ किया। रोवर लीडर डॉ विशाल चौधरी एवं एंजेल लीडर डॉ दीप्ति शर्मा ने छात्रों को जीवन में शांति लाने व विश्व शांति के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने विश्व में चल रहे युद्ध वी युद्ध में शहीद हुए कई जानों के लिए 2 मिनट का मौन किया। रोवर रेंजर यूनिट के छात्रों ने मैसेंजर आफ पीस (शांति के दूत) बनने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में बैजनाथ डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार कौंडल भी उपस्थित रहे। इस दिन, दिन और रात का समय बराबर होता है जो सभी को एक समान जीने जीने की प्रेरणा देता है। विश्व शांति दिवस हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युद्ध और हिंसा को समाप्त करने और शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1981 में घोषित किया गया था और तब से इसे दुनिया भर में मनाया जा रहा है।

# बैजनाथ में टीसीपी के विरोध में फिर लामबंद हुए ग्रामीण

## महाराजा पैलेस से एसडीएम कार्यालय तक निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

टीसीपी के विरोध में एक बार फिर बैजनाथ की प्रभावित पंचायतों के बाशिंदों ने एसडीएम कार्यालय का रुख किया है। ग्रामीणों ने बैजनाथ के महाराजा पैलेस से रैली निकालते हुए एसडीएम परिसर तक टीसीपी को हटाने को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।

इस दौरान घोड़पीठ उप्परली, महालपट्ट, कुंसल पंचायत के ग्रामीणों ने एसडीएम बैजनाथ व टीसीपी के अधिकारियों से उनके गांवों का दौरा करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांवों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद बिना आपत्तियां लिए टीसीपी में शामिल किया गया है जोकि सरासर हजारों लोगों के साथ अन्याय है।

ग्रामीणों ने एसडीएम बैजनाथ से पूछा कि जो ज्ञापन उन्होंने 2 सितंबर को प्रदेश सरकार को प्रेषित किया था, उसके बारे क्या जवाब आया है। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने बताया कि प्रशासन की ओर से प्रदेश सरकार के पास ज्ञापनों को भेज दिया गया था, लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई भी जवाब नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार ने मांग न मानी तो पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का करेंगे विरोध



**ग्रामीणों** ने मुखर होकर कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने उनके गांवों को टीसीपी से नहीं हटाया तो वे बैजनाथ के बीड़-बिलिंग में होने जा रहे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का विरोध करेंगे व बिलिंग की ओर जाने वाले रास्ते पर चक्का जाम कर देंगे। एसडीएम ने बताया कि यह मामला प्रदेश सरकार के स्तर का है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि वे इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि से मिलकर हल करने का प्रयास करें।

### नगरोटा मेन बाजार व आसपास 24 को लगेगा पावर कट

**नगरोटा बगवां।** 33/11केवी सब-स्टेशन नगरोटा बगवां में आवधिक परिक्षण हेतु 24 सितंबर दिन मंगलवार को उपमंडल के अंतर्गत आते गांव नगरोटा मेन बाजार, काइस्थ्वाडी, ठारु, नगरोटा, नागरिक चिकित्सालय, कवाडी, ठारु, काईस्थवाडी, त्रिंड, ओद्योगिक क्षेत्र, हटवास, अंबाडी, पंतेहड़, जूस फेक्टरी, पठियार, मझेली, राणा मोहल्ला, मुहाल्कड़, गुजरेहडा, चाहड़ी, मला, औद्योगिक क्षेत्र एसबीआई बैंक घोडब, सरोत्री मोहल्ला, न्यू पुलिस स्टेशन कवाड़ी, डिग्री कॉलेज, महिंद्रा शोरूम समलोटी में विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किया जाएगा।

### सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां के ठारू गांव के अश्वनी और दीक्षा को सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### काहनफट में कल बंद रहेगी बिजली

**डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत 11 केवी काहनफट फिडर के उचित रखरखाव एवं मरम्मत हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों गगल खोली, भद्रोल, काहनफट, रक्कड़ व औचा आदि में 23 सितंबर को सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के 200 पदों के लिए 25 से होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सिस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के 200 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला जिला कांगड़ा को अधिसूचित किए हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 19 से 40 वर्ष के बीच रखी गई है। इस साक्षात्कार के लिए केवल पुरुष आवेदक पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 16 हजार 500 रुपए से 19 हजार 500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ दिनांक 25 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय ज्वालाजी, 26 सितंबर को उप रोज़गार कार्यालय कस्बा कोटला, 27 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय नूरपुर तथा 28 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय फतेहपुर में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। इस साक्षात्कार के संबंध में यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9816813693 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर साक्षात्कार का ब्यौरा अपलोड कर दिया गया है। सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले पर विभागीय साइट पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही सिस इंडिया लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करें। विभागीय साइट पर ऑनलाइन आवेदन के पश्चात ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है।

### ज्वालाजी में दो से हथियारों पर प्रतिबंध

**ज्वालामुखी।** श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में 3 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक चलने वाले आश्विन नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालामुखी नगर परिषद क्षेत्र में 2 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक सभी प्रकार के हथियार और विस्फोटक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए आश्विन नवरात्र मेलों के दौरान यह निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि नवरात्र मेलों के सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गयी हैं। अत: क्षेत्र के निवासियों तथा आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है कि इस दौरान किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

# धर्मशाला में पंजाब रोडवेज की बस ने स्कूल बस समेत 3 वाहनों को मारी टक्कर

## हादसे में स्कूल बस का चालक घायल, अस्पताल में उपचाराधीन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




जिला मुख्यालय धर्मशाला में शनिवार सुबह हुए एक हादसे में बस अड्डे के समीप पंजाब रोडवेज की बस ने स्कूल बस समेत तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक अनियंत्रित पंजाब रोडवेज की बस ने पहले स्कूल बस और फिर एचआरटीसी बस और उसके बाद सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद पीआरटीसी बस भी सड़क से नीचे लुढ़क गई। टक्कर लगने के बाद स्कूल बस सड़क से पलट कर नीचे जा गिरी। गनीमत यह कि स्कूल बस हादसे के समय बच्चों को लाने के लिए जा रही थी और चालक के अलावा बस में कोई नहीं था। इस दुर्घटना में बस का चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे के समय एचआरटीसी बस और कार में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### पठानिया ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगे वोट



अनंत ज्ञान, शाहपुर। हरियाणा राज्य के विधानसभा चुनाव के दौरान हिमाचल सरकार में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने नारायणगढ़, कालका में ब्लॉक कांग्रेस सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। उन्होंने चुनावी क्षेत्रों में जाकर जनता से मिले और पार्टी वर्कर्स का कांग्रेस पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। विधानसभा क्षेत्र कालका के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी केपक्ष में प्रचार करके वोट डालने की अपील की किया।

### जवाली का विकास पियाऊ के उद्घाटन तक सिमटा : भाजपा

**जवाली।** विधानसभा क्षेत्र जवाली के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने आका के सामने अपनी पैठ बनाने के लिए पियाऊ के उद्घाटन को विकास की परिभाषा दे रहे हैं, लेकिन उनको मालूम होना चाहिए कि जिस जगह पर प्याऊ लगाया गया है, उस जगह पर प्याऊ लगाने की जरूरत ही नहीं थी। यह बात भाजपा मंडल जवाली के अध्यक्ष धीरज अत्री, महामंत्री डॉ. राजिंदर सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि कुमार ने जवाली में संयुक्त प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्याऊ पर चार लाख रुपए खर्च बताया जा रहा है, जिसकी सच्चाई जल्द ही सूचना का अधिकार के तहत उजागर की जाएगी। उन्होंने कहा कि जवाली का विकास तो अब नलकों व प्याऊ के उद्घाटन करने तक ही सिमट कर रह गया है।

## भाजपा षड्यंत्र के तहत धूमिल कर रही राहुल की छवि : प्रेम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के बारे में हो रहे अनर्गल प्रचार को लेकर भाजपा को खूब खरी-खोटी सुनाई।कौशल ने कहा कि एक दौर होता था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में राजनीति की भी एक अपनी साफ-सुथरी संस्कृति थी, बावजूद इसके आज उस संस्कृति का पतन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की छवि को धूमिल करने पर आमादा है, जबकि राहुल गांधी आज की तारीख में कोई साधारण नेता नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

पांच बार के सांसद हैं तथा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में वह नेता प्रतिपक्ष हैं। बावजूद इसके उनकी बातों को तबज्जो देने की बजाय भाजपा की केंद्र सरकार के मंत्री उनके खिलाफ सुनियोजित तरीके से बाहर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कभी उन्हें देश का बड़ा आतंकी करार दे रहे हैं तो कभी उनकी सिक्योरिटी को हटा लिया जा रहा है। कौशल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू का उन्हें देश का सबसे बड़ा आतंकी कहना कितना दुर्भाग्यपूर्ण है। सब जानते हैं कि रवनीत बिट्टू कौन हैं वो खुद आतंक का शिकार हैं। कांग्रेस के सिपाही रहे, भाजपा की टिकट से चुनाव हारे फिर भी केंद्र में मंत्री बनाए गए, इसके पीछे की वजह साफ है कि आखिर क्यों उन्हें मंत्री बनाया गया शायद इसलिये ताकि वो इस तरह की बयानबाजी कर सकें जिससे जनता राहुल गांधी के खिलाफ आक्रोशित हो और उन्हें मानसिक और शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाया जा सके। प्रेम कौशल ने कहा कि आज हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव चल रहे हैं, इन चुनावों में हैरत यह है कि पिछले दस साल से इन दोनों ही राज्यों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा ने ही राज किया।

### मॉडर्न आईटीआई परागपुर में 24 को लगेगा जॉब फेयर

**परागपुर।** देश के प्रथम धरोहर गांव परागपुर में स्थित मॉडर्न आईटीआई में आगामी 24 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले में आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों से पासआउट छात्र व छात्राएं, जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच हो वे भाग ले सकते हैं। मेले में चयनित हुए छात्र-छात्राओं को 11600 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। यह जानकारी मॉडर्न आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर सुरजीत सिंह ठाकुर ने दी।

## धीरा में 307 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**राकेश डोगरा, डरोह**



शनिवार को स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धीरा में किया गया। इसका उद्घाटन एसडीएम धीरा ने किया। शिविर में विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं, जिसमें निशुल्क ओपीडी, शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन की जांच, टीवी रोग से संबंधित जांच व जानकारी, एचआईवी एड्स के बारे में, संतुलित आहार के बारे में जानकारी एवं विशेष रूप से और भी आवश्यक जानकारियां दी गईं। इस मेले में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन राणा ने सभी का धन्यवाद किया व आयुष विभाग द्वारा विशेष रूप से योग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ योग भी कराया गया। 35 मरीजों ने आयुर्वेदिक और 48 मरीजों ने ईएनटी, 42 डेंटल ओपीडी में, 33 मेडिसिन ओपीडी में 220 लोगों ने जांच करवाई, 180 लैब टेस्ट हुए। कुल 307 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। (अनंत ज्ञान)

# बुजुर्गों-दिव्यांगों को मिनी सचिवालय की ऊपरी मंजिल तक पहुंचने में हो रही दिक्कत

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मिनी सचिवालय बैजनाथ

बैजनाथ के मिनी सचिवालय भवन में दिव्यांगों, बुजुर्गों तथा बीमार लोगों को पहुंचाना किसी आफत से कम नहीं है। इस भवन में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, शिक्षा विभाग और नगर पंचायत के कार्यालय के अलावा और भी कार्यालय हैं। इस इस भवन की ऊपरी मंजिल तक पहुंचाना किसी स्वस्थ इंसान के लिए तो मुश्किल है ही वहीं मरीजों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए तो किसी आफत से कम नहीं है।

बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों के लिए इन तमाम कार्यालय तक पहुंचाना काफी जोखिम भरा रहता है । कई बार लोगों ने मांग उठाई कि इस भवन में लिफ्ट लगाई जाए मगर 10 वर्ष भी जाने के पश्चात भी यहां लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है।

इसके साथ-साथ जब मुख्य गेट से भवन की ओर प्रवेश किया जाता है तो नगर पंचायत द्वारा बनाई गई डंपिंग साइट आने जाने वालों का स्वागत करती है। बैजनाथ के तहसीलदार का कहना है कि जब यह भवन बना था उस समय लिफ्ट लिफ्ट नहीं लगी थी वर्तमान में दिव्यांगों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए लिफ्ट का प्लान तैयार किया जा रहा है बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुविधा के लिए अब लिफ्ट की जरूरत महसूस की जाने लगी है प्रशासन द्वारा जल्द ही इस बारे योजना बनाकर सरकार को भेजी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**अनदेखी**

### गांव में कोई बीमार हो जाए तो उसे चारपाई पर पहुंचाया जाता है सड़क तक

# लियूनी के बाशिंदे आज भी सड़क सुविधा से महरूम

**अनिल छांगू, जवाली**





सरकारों द्वारा लोगों के कल्याण एवं सुविधा के लिए कई जनकल्याण योजनाएं चलाई जाती हैं, लेकिन ये योजनाएं तब दम तोड़ जाती हैं, जब लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पाता। जवाली विधानसभा की पंचायत भाली का गांव लियूनी एक ऐसा गांव है, जहां के लोगों को आज तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। गांव में सड़क तो दूर की बात, लोगों के लिए पैदल चलने के लिए भी पक्का रास्ता तक नहीं है। इन लोगों को यहां रहते हुए 50 के करीब वर्ष हो गए हैं और इस बीच कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने इनकी कोई सुध नहीं ली। गांव के बीच खड्ड पड़ती है, जिसपर पुल न होने के कारण स्कूली बच्चे कई-कई दिन तक स्कूल नहीं जा पाते। गांव में करीब 25 से 30 परिवार रहते हैं। ऐसा नहीं कि यहां कोई नेता नहीं पहुंचता। नेता पहुंचते हैं, लेकिन चुनावों के समय ही। उसके बाद कोई नहीं दिखता। स्थानीय ग्रामीणों दर्शन कुमार, जोगिंद्र राणा, सूरत सिंह, विपन कुमार, सीमा देवी, कर्म चंद, रेशमो देवी, सपना देवी, रिनु देवी, बेबी देवी, बाली देवी, सोम कुमार, महिंदर कुमार, विजय कुमार, रवि कुमार, जोगिंदर कुमार, सुरेश कुमार, कार्तिक, आयुष, भागो राम,ओम प्रकाश, देव दत्त, करनैल सिंह, सुनीता देवी सोनू कुमार ने बताया कि उन्हें आज तक केवल आश्वासन ही मिले हैं, धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। जब गांव में कोई बीमार हो जाता है तो उसे चारपाई तक मुख्य सड़क तक पहुंचाया जाता है। कई लोग बीमारी के कारण घर नहीं जा पाते, बल्कि भाली में किराए के मकान में रह रहे है। उन्होंने बताया कि कई बार पंचायत में भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायतीराज विभाग मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह, स्थानीय विधायक व मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द पुल व सड़क मार्ग का निर्माण करवाया जाए।

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने की दुकानों की जांच

**धर्मशाला।** खाद्य एव आपूर्ति विभाग की ओर से जिला भर में शनिवार को दो दर्जन व्यापारिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगरोटा सुरियां के खाद्य एव आपूर्ति निरीक्षक तरुण सूद, नूरपुर के खाद्य एव आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तथा इंदौरा के खाद्य एव आपूर्ति निरीक्षक अजय कौंडल की संयुक्त टीम ने लभ, ज्वाली तथा केहरियां क्षेत्र में कुल 24 दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस बारे जानकारी देते हुए जिला खाद्य एव आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि इस दौरान 3 दुकानों को चेतावनी दी गई, जबकि पॉलीथीन तथा नॉन बायोगडिग्रेवल उत्पादों के प्रयोग के चलते 4500 रुपए का जुर्माना किया गया।

# कृषि मंत्री ने 86 लाख रुपए की परियोजनाओं के किए उद्घाटन

## कुठेड़ में पशु औषधालय तथा डोल पद्दर में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जवाली**




कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो.चंद्र कुमार ने शनिवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 86 लाख की परियोजनाओं के उद्घाटन किए। उन्होंने कुठेड़ में 23 लाख रुपए से निर्मित पशु औषधालय तथा डोल पद्दर में 63 लाख से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र जनता को समर्पित किया।

कृषि मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को पशुपालन व्यवसाय की तरफ प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। भैंस तथा गाय के दूध के खरीद मूल्य में वृद्धि कर इसे 55 और 45 रुपए प्रति लीटर किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस व्यवसाय से जुड़ें। उन्होंने कहा कि इससे दूध आधारित अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर जरुरत को देख पशु औषधालय खोले जा रहे हैं ताकि पशुपालक घरद्वार के पास अपने पशुधन का इलाज करवा सकें।

खेतीबाड़ी भी पशुपालन से जुड़ी है, इसलिए पशुपालन के जरिए जैविक खेती को भी बल मिलता है। प्रदेश सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रसायन मुक्त गेहूं तथा मक्की की खरीद करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोसदनों को प्रति गौवंश दिए जाने वाली राशि को 700 से बढ़ाकर 1200 रुपए किया है, लेकिन फिर भी सड़कों पर बेसहारा पशु घूम रहे हैं इसलिए प्रदेश सरकार एक नई नीति बनाने जा रही है जिसके अंतर्गत जिन किसानों के पास बिना दूध देने वाले बूढ़े पशु हैं उनको प्रति पशु 700 रुपए देने पर विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक संदीप मिश्रा, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. भीष्म शर्मा,पशु चिकित्सक डॉ. रिचा ठाकुर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज मौजूद रहे।

### 200 रेफ्रिजरेटर मिल्क वैन खरीदेगी सरकार

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों से घर-द्वार के नजदीक दूध एकत्रित करने के लिए 200 रेफ्रिजरेटर मिल्क वैन खरीदने जा रही है। इन वाहनों के जरिये सरकार किसानों व एकत्रीकरण केंद्रों से दूध प्रसंस्करण संयंत्रों तक दूध ले जाया जा सकेगा। प्रदेश में दुग्ध संयंत्रों का भी चरणबद्ध तरीके से उन्नयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिम-गंगा योजना के तहत कांगड़ा के ढ़गवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से विश्व स्तरीय दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। इस संयंत्र में अत्याधुनिक तकनीक से दूध का पाउडर दही, खोया, घी, आइसक्रीम, लेवर्ड मिल्क, पनीर और अन्य दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

# लोगों को जल्द मिलेगी ट्रेन सुविधा

## कांगड़ा से बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन तक ट्रायल सफल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



कांगड़ा घाटी की पहाड़ी ढलानों पर रेलवे की आवाज जल्द ही सुनाई देने वाली है। इसके लिए शनिवार को रेलवे विभाग ने रेलवे मंडल फिरोजपुर के उच्च अधिकारियों सहित कांगड़ा से बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन तक सफल ट्रायल किया। हालांकि सामान्य गति से चलने वाली रेल गाड़िया की स्पीड की अपेक्षा मध्य रखी गई थी, लेकिन कुल मिलाकर यह ट्रायल सफल रहा। बैजनाथ पपरोला से जोगिंद्रनगर तक रविवार को रेलगाड़ी का ट्रायल किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कांगड़ा घाटी के तमाम ग्रामीण क्षेत्र के लिए जीवन रेखा मानी जाने वाली रेल गाड़िया बंद होने से लोगों को मोटी रकम देकर टैक्सी या फिर अन्य यातायात के साधन से अपने गंतव्य तक पहुंचाना पड़ रहा था बेशक देर से सही मगर आने वाले दिनों में रेलगाड़ी का यह सफर सुहाना इसलिए भी होने वाला है क्योंकि रेल मंडल प्रबंधक संजय साहू ने बीते दिनों कांगड़ा घाटी रेल पुत्री का तकनीकी निरीक्षण कियाथा और इस रेलगमन के कुछ हिस्सों में टॉय ट्रेन चलाने की भी बात कही थी, जिसका रेल मंत्रालय दिल्ली को विस्तृत प्रस्ताव बना कर भेजा गया है कांगड़ा घाटी रेल मार्ग में तमाम शक्तिपीठ ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ दलाई लामा का निवास स्थान धर्मशाला और बीड़ बिलिंग घाटी का अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग पर्यटक स्थल को जोड़ने के लिए यही एकमात्र रेल मार्ग है।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा आरोपी

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैकलोडगंज के तहत अरुणाचल प्रदेश की युवती को चाकू मारने के आरोपी को अदालत ने पुलिस रिमांड के बाद ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को 2 दिन के पुलिस रिमांड के बाद बिहार के गया निवासी गोरख कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मैक्लोडगंज के एक होटल में बतौर कुक काम करने वाले आरोपी ने होटल की सहकर्मी के गले पर चाकू से वार कर गंभीर जख्मी कर दिया था। क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला लाई गई। 18 वर्षीय घायल युवती को मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया था।

**अनंत ज्ञान संडे स्पेशल**

# सियासी आपदा प्रकृति का कहर और वित्तीय संकट!



**12 दिसंबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ। सुखविंद्र सिंह सुक्खू के रूप में प्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिला, लेकिन ठीक 11 दिन बाद ही हिमाचल प्रदेश में एक बड़ी घटना पेश आई और 25 दिसंबर 2024 को होने वाला जूनियर ऑफिस असिस्टेंट का पेपर 23 दिसंबर को लीक हो गया। इस बड़ी समस्या से सरकार आज भी जूझ रही है, क्योंकि पेपर लीक की वजह से सरकार ने हमीरपुर चयन बोर्ड को खत्म कर दिया और फिर प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती पर एक तरह से रोक लग गई थी। कांग्रेस सरकार के 20 महीने के कार्यकाल में कई बड़ी दिक्क तें पेश आई। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार को सत्ता संभाले हुए छह माह का वक्त हुआ था कि इस दौरान 2023 में मानसून ने ऐसा कहर बरपाया कि प्रदेश में 12000 करोड़ रुपए की संपति खाक हो गई और 12 हजार घरों पर प्रकृति का कहर टूटा। अब भी प्रदेश सरकार इस आपदा के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से नौ हजार करोड़ रुपए मांग रही है, लेकिन केंद्र ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। इस आपदा से निपटने के लिए सुक्खू सरकार 4500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज लाई थी।**

## 20 महीने में कई विपदाओं से सूझबूझ से निपट रही सुक्खू सरकार

**राज्यसभा चुनाव का संकटः** जैसे-तैसे सुक्खू सरकार का एक साल का कार्यकाल बीता। करीब 12 माह बाद हिमाचल प्रदेश में खाली हुई इकलौती सीट पर राज्यसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में कांग्रेस ने बाहरी नेता अभिषेक मनु सिंघवी को अपना प्रत्याशी बनाया, लेकिन पार्टी के छह विधायकों को यह रास नहीं आया और उन्होंने खुले तौर पर बगावत करते हुए क्रॉस वोटिंग कर भाजपा प्रत्याशी को वोट डाला। नतीजतन, हर्ष महाजन भाजपा के सांसद चुने गए। यहां पर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर बड़ा सियासी संकट आया। सुक्खू सरकार के गिरने की भी चर्चाएं शुरू हो गई, क्योंकि 40 विधायकों वाली कांग्रेस पार्टी के पास बहुमत से एक नंबर कम हो गया और 34 ही विधायकों का सरकार को समर्थन बचा। इस मुद्दे पर लगातार घमासान मचा रहा।. जैसे-तैसे सीएम सुक्खू अपनी सरकार बचाने में कामयाब रहे। दिल्ली से आए कांग्रेस नेताओं ने भी उन्हें सीएम पद पर बनाए रखने की बात कही। कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की सदस्यता व्हिप उल्लंघन के चलते स्पीकर ने खारिज कर दी और फिर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने दोबारा 6 सीटें जीत ली और इस तरह से सुक्खू सरकार ने सियासी संकट को भी पार पा लिया

**वित्तीय संकट से जूझ रही सरकार :** हिमाचल प्रदेश पर बढ़ता कर्ज कोई नई बात नहीं है। पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में 35 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था और सुक्खू सरकार भी उसी राह पर है। ऐसे में प्रदेश को लगातार वित्तीय संकट का सामना करना पड़ता है, लेकिन सितंबर महीने में वित्तीय संकट को लेकर खासा बवाल हुआ है। हिमाचल प्रदेश के आर्थिक संकट की चर्चा देशभर में हुई और कांग्रेस के मुफ्त सुविधाएं देने पर सवाल उठने लगे। आलम यह हुआ कि प्रदेश सरकार पहली बार महीने की एक तारीख को अपने सरकारी कर्मचारियों को सैलरी नहीं दी पाई। इस संकट से निपटने के लिए सुक्खू सरकार लगातार कोशिश कर रही है। सीएम सुक्खू कहते हैं कि केंद्र सरकार के पास हिमाचल प्रदेश के 23 हजार करोड़ रुपए देय हैं।

**अब मस्जिद विवाद से धर्म संकट :** शिमला के संजौली से उपजा मस्जिद विवाद से प्रदेश में धर्म संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीएम हिमाचल प्रदेश में सरकार पर एक संकट खत्म होता है, उतने में दूसरी परेशानी सामने आ जाती है। मौजूदा समय में शिमला के संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण का मुद्दा सरकार के लिए परेशानी बना हुआ है। इस मुद्दे की आग अब प्रदेश के दूसरे इलाकों में भी फैल रही है। शिमला, मंडी, पालमपुर के अलावा, कई जगह लोग मस्जिदों का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में सरकार ने अब प्रवासियों के प्रदेश में आने और उनके वेरिफिकेशन को लेकर बात कही है और कहा कि सरकार एक कमेटी बनाएगी। 14 सितंबर को सुक्खू सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय मीटिंग भी की थी। इस मामले पर अब कैबिनेट मंत्री चंद्र कुमार और रोहित ठाकुर का कहना है कि यह कानूनी मसला है, लेकिन इस विवाद को बढ़ाने के पीछे सियासी फायदे की राजनीति भी नजर आ रही है। कृषि मंत्री ने दावा किया कि सीएम सुक्खू अन्य मंत्रियों और प्रशासन की सूझबूझ से इस विवाद को सुलझा लिया गया है। हालांकि, दो समुदायों के विवाद में सरकार और सीएम सुक्खू धर्म संकट में फंस गए हैं।

**पेपर लीक कांड पर घिरी सरकार :** जेओआईटी पेपर लीक की जांच में प्रदेश में बीती सरकार के समय हुए कई पेपर भी जद में आ गए। इसी तरह कई भर्तियों का परिणाम सरकार ने रोक दिया। आलम यह हुआ कि सीएम ने चयन बोर्ड को भंग कर दिया और लगातार कहते रहे कि नया आयोग बनाया जाएगा। अब सरकार ने नया आयोग तो बना दिया है, लेकिन इस दौरान सरकारी भर्तियां रुक गई और पुरानी भर्तियों के रिजल्ट भी नहीं आए। एक लाख से अधिक नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार को इस मामले में विपक्ष ने जमकर घेरा है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वभाव और संस्कार स्वच्छता का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विवि के क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला की रेंजर्स और रोवर्स यूनिट द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा 2024' के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो. डीपी वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अभियान में विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय केंद्र परिसर, खनियारा रोड़ तथा फतेहपुर रोड़ के इर्द-गिर्द फैली प्लास्टिक तथा कचरा एकत्रित कर उपस्थित विद्यार्थियों तथा राहगीरों को 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रोवर्स डॉ. संजीव कुमार तथा रेंजर्स अधिकारी डॉ. सोनिका सहित डॉ. किशोर, डॉ. हेत राम ठाकुर, डॉ. राज कुमार तथा हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### मिनी अंडर-11 बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय मिनी अंडर-11 एवं सब जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मेयर नगर निगम धर्मशाला देवेंद्र जग्गी द्वारा किया गया। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीएफ वन विभाग दौलत राम धीमान, पंचायत प्रधान बागनी सुरेंद्र पपी, हरभजन सिंह, अनुराग धीमान तथा संजीव कुमार शर्मा रहे। पहले दिन के मुकाबले में अंडर 13 लड़कों के एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी के अभिनव ने धर्मशाला के राघव को हराकर, रुद्र प्रताप सिंह ने ऋषभ को हराकर, धर्मशाला के दर्श ने केंट के रिशांत कुमार को हराकर, नूरपुर के सूर्यांश सिंह ने धर्मशाला के प्रगुण को हराकर, कपूर बैडमिंटन अकादमी के अंश ने धर्मशाला के स्पर्श कौंडल को हराकर, नूरपुर के सारांश कुमार ने धर्मशाला के नित्यांश गलोड़ा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता का समापन 22 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### भवारना में स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से भवारना में तृतीय हिमाचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता शनिवार से शुरू हो गई। इसमें महिला एवं पुरुष वर्ग में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर,एवं मास्टर्स में मुकाबला करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आज के मुख्यातिथि सुलह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगजीवन पाल थे। इनके साथ विशेष अतिथि अजय कुमार ज्वेलर्स खैरा थे। खेल का मुख्य आकर्षण नौ वर्षीय शिवांश कुमार चौधरी रहे। इस मौके पर स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव सिंह चौधरी, आर्म रेस्लिंग के अध्यक्ष डॉ. पंकज जम्वाल, महासचिव अजीत सिंह, सहसचिव पवन कुमार,सैलाब जोशी व सौरभ आदि उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता रविवार को भी जारी रहेगी।




# टांडा अस्पताल में पांव तले रौंदा जा रहा रिकॉर्ड

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में अवव्यस्था का आलम देखने को मिला। टांडा अस्पताल में जो लोग उपचार हेतु दाखिल होते व इलाज के बाद स्वास्थ्य होकर वापस घर लौटते हं, उनके और यहां पर जन्म वा मृत्यु का रिकॉर्ड जो कि अस्पताल में रखा जाता है और एक हफ्ते में उस रिकॉर्ड रूम का नजारा देखने लायक है। रिकॉर्ड रूम में उचित स्थान न होने के कारण लोगों के रिकॉर्ड पांव में रौंदे जा रहे हैं। ऐसे में अगर किसी भी व्यक्ति को अपना पुराना रिकॉर्ड यहां से लेना हो तो उसे महीनो भर यहां के चक्कर काटने होंगे परंतु इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है की उन्हे उनके रिकॉर्ड के दस्तावेज मिल पाएंगे। रिकॉर्ड रूम के चारों ओर पड़े लोगों के रिकॉर्ड को बदलो में बांध कर रेड्डी की तरह यहां वहां फेंका गया है । जो लोग प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपना रिकॉर्ड लेने के लिए यहां आए हैं उनको इसके लिए काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ा है।

कई लोगों कई दिनों तक यहां पर अपने रिकॉर्ड के दस्तावेज लेने के लिए यहां पर रुकना भी पड़ता है। ऐसे ना जाने कितने लोग होंगे जिन्हें अपना रिकॉर्ड लेने के लिए टांडा अस्पताल के रोजाना धक्के खाने पड़ते होंगे लेकिन जो लोग बाहर बाहरी क्षेत्र से आते हैं उनके लिए यह गंभीर समस्या है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक

**टांडा** अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि मामला ध्यान में है। उन्होंने रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज को कई बार कहा है कि वह रिकॉर्ड के बारे में बताएं, परंतु कोई जवाब नहीं आया। यहां पड़े रिकॉर्ड के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां स्टोर रूम में 10 साल तक का डाटा मिल सकता है7 यहां पर वर्ष 2023 से लेकर 2024 तक का रिकॉर्ड यहां पर मिल जाएगा। यह पर रोजाना 200 से लेकर 1000 से भी अधिक फाइल बिलेदारकर से अनुर्ध किया है। फाइलें आती-जाती रहती हैं।

### नगरोटा सूरियां-लंज सड़क खस्ताहाल

**जवाली।** विधानसभा क्षेत्र जवाली व शाहपुर को आपस में जोडने वाला नगरोटा सूरियां-लंज मार्ग काफी खस्ताहालत हो गया है। इस मार्ग पर कोलतार उखड़ने के बाद रोड़ी बाहर झांक रही है तथा जगह-जगह काफी गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं, जिनमें वाहन हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। गड्ढों में भरे पानी के कारण कई बार गहराई पता न चलने से वाहन चालक गिर भी जाते हैं। दोपहिया व छोटे चौपहिया वाहनों की चैसियां गड्ढों के कारण जमीन के साथ लग जाती हैं और वाहनों का नुकसान हो जाता है। बड़े वाहनों को हिचकोले खाते गुजरते देख अनहोनी घटना के घटित होने का अंदेशा बन रहता है।

# हेरिटेज विलेज यात्रा को किया रवाना

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल इन दिनों पर्यटन सप्ताह आयोजित कर रहा है, जिसके निमित स्कूल के विद्यार्थी विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन करेंगे। 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के साथ इसका समापन होगा।

पर्यटन सप्ताह के प्रथम दिवस कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल द्वारा आयोजित गरली परागपुर हेरिटेज विलेज यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हेरिटेज भवन, ग्रामों और दर्शनीय स्थलों का पर्यटन में एक अहम रोल है और आज पर्यटन में अध्ययनरत विद्यार्थी वहां जाएंगे और स्थानीय लोगों से मिल कर पर्यटन के बारे में जानकारी देंगे जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण कर हरी झंडी दिखाकर गरली प्रागपुर के लिए रवाना किया।

# जिले के 3109 निरक्षर लोग आज देंगे परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्र सरकार की ओर से निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने को लेकर शुरू किए गए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 22 सितंबर को निरक्षर लोग अपने नजदीकी स्कूल में परीक्षा देंगे। जिला कांगड़ा नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए परीक्षार्थी को 33 फीसदी अंक अर्जित करना अनिवार्य किया गया है। जिला कांगड़ा से 3109 लोग इस परीक्षा में भाग लेंगे।

सर्वे में कांगड़ा से लगभग 14800 निरक्षर लोग चिन्हित किए गए हैं। इस अभियान के तहत इन लोगों की शिक्षा मुहैया करने के लिए प्रशिक्षित स्वयंसेवी शिक्षकों की तैनाती की गई इन लोगों को साक्षर बनाने की को लेकर शिक्षा मुहैया करवाई जा रही ह। इस कार्यक्रम के चलते परीक्षा देने को लेकर 25 फीसदी का टारगेट दिया था, जिसे समग्र शिक्षा विभाग जिला कांगड़ा ने पूरा किया है और 3109 लोगों ने परीक्षा देने के लिए अपनी सहमति दी है।

### 150 अंकों की तीन घंटे होगी परीक्षा

परीक्षा का आयोजन 22 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 तक निर्धारित किया जाएगा। परीक्षार्थियों को 3 घंटे में अपनी परीक्षा को पूरा करना होगा । यह परीक्षा 150 अंक की होगी इसमें परीक्षार्थी को इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए 50 से अधिक अंक अर्जित करने होंगे जो परीक्षार्थी इस परीक्षा को उत्तीर्ण करेगा उसे निरक्षर लोगों की सूची से बाहर कर साक्षर घोषित किया जाएगा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी दी जाएंगे।

### प्राप्त अंक गूगल सीट पर भरकर भेजने होंगे

**प्रारंभिक** शिक्षा विभाग और जिला परियोजना अधिकारी जिला कांगड़ा नीना पुन की ओर से खंड स्तर पर एक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं । संबंधित स्कूल मुखिया अधीक्षक एवं एक शिक्षक को पर्यवेक्षक लगाया गया है। वहीं स्टाफ सदस्य इन परीक्षार्थियों को परीक्षा का मूल्यांकन भी करेंगे और उसके द्वारा प्राप्त किए गए अंकों को गूगल सीट पर भरकर अपने शिक्षा खंड के कार्यालय को प्रेषित करेंगे। खंड स्तर पर सभी स्कूलों के परिणाम को एकीकृत किया जाएगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला को एक दिन के अंदर यह भेजना होगा। केंद्रीय शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय की ओर से प्रदेश में निरक्षरों को साक्षर करने की यह पहली परीक्षा है।

**जानकारी**

## धर्मशाला में 28 सितंबर को शोभायात्रा के साथ आरंभ होगा कांगड़ा वैली कार्निवल : उपायुक्त

# केरल का बहुशैली संगीत बैंड थाई कुडम बिखेरेगा सुरों के रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धर्मशाला में 28 सितंबर से कांगड़ा वैली कार्निवल का भव्य आगाज होगा। धर्मशाला के पुलिस मैदान में होने वाला यह आयोजन 28 सितंबर से 13 अक्तूबर तक चलेगा। कार्निवल में 28 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जांएगी।

यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के सफल आयोजन के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं। इनमें एडीसी सौरभ जस्सल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया इसके साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि 28 सितंबर को कांगड़ा वैली कार्निवल का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा उपायुक्त कार्यालय परिसर से आरंभ होगी तथा आयोजन स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा इसमें पारंपरिक परिधानों के साथ स्थानीय कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को पहली सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक मनिंद्र बटर स्टार कलाकार के रूप में प्रस्तुति देंगे, 29 सितंबर को बालीवुड कलाकार गजेंद्र वर्मा, 30 सितंबर की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल कलाकारों को अवसर प्रदान किया जाएगा इसके साथ ही पहली अक्तूबर को रशमीत कौर बतौर स्टार कलाकार आमंत्रित किया गया है, दो अक्तूबर को केरल का बहुशैली संगीत बैंड थाई कुडम तथा ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि निफ्ड कांगड़ा के सहयोग से फैशन शो का भी आयोजन किया जा रहा है।

### कैमल राइडिंग, हॉट बैलून होंगे मुख्य आकर्षण

**कैमल** राइडिंग, हॉट बैलून भी कार्निवल के मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने बताया कि कांगड़ा घाटी कार्निवल में मिलेट्स फेस्टिवल और क्राफ्ट बाजार का भी आयोजन किया जाएगा। हस्तकला और शिल्प से संबंधित स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान उपलब्ध करवाने के साथ महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

### डीआरडीए के सभागार में हो रहे ऑडिशन

**धर्मशाला।** अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए डीआरडीए कार्यालय, धर्मशाला में ऑडिशन आरंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑडिशन के लिए कोई भी कलाकार/गायक/प्रतिभागी किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 से दोपहर 4 बजे के बीच डीआरडीए कार्यालय में ऑडिशन के लिए आ सकता है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को अवसर देने के लिए यह ऑडिशन रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कांगड़ा वैली कार्निवल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवक जीवन में अपनाएं अच्छे गुण : अनिल



**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाट में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंचायत बाट के प्रधान अनिल राणा ने स्वयंसेवकों से जीवन में अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा शोभा देवी ने स्वयंसेवकों से अपने जीवन में अच्छे गुणों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम अधिकारीअमिता नैय्यर ने कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना पर प्रकाश डाला और स्वयं सेवकों को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### प्रधान पर लगे फर्जीवाड़ा करने के आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर की सलवाना ग्राम पंचायत में फर्जी विकास कार्य का स्थानीय वासी ग्रामीण महिला ने आरोप लगाए है। जिस पर कार्रवाई करने की बजाय शिकायत को दबाने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय ग्रामीण ब्राह्मी देवी पत्नी जेहर सिंह ठाकुर निवासी मनवाना ने आरोप लगाया है। पंचायत द्वारा फर्जी निर्माण कार्य एक ऐसे व्यक्ति के नाम से किया जा रहा है। जो सलवाना पंचायत का रहने वाला ही नहीं है। लेकिन उप प्रधान का करीबी है। उसके नाम के निर्माण कार्य के जारी मस्टररोल में फर्जी नामों में उसका भी नाम शामिल किया। बिना काम किए इसके पेमेंट खाते आ गई है और उप प्रधान पैसे की उगाही कर रहा है। इधर, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि पंचायतों में जो धनराशि विकास कार्यों में आवंटित की गई है, उसका सही ढंग से उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने शुक्रवार को सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर चल रहे विकास संबंधी सभी निर्माण कार्यों का नियमित तौर पर निरीक्षण करें तथा इन कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। बता दें कि सुंदरनगर की एक पंचायत में पहले भी 24 लाख का फर्जीवाड़ा का मामला पाया गया था, जिसमे प्रधान पर कार्रवाई की गई थी। लेकिन बाद में मिलीभगत करके प्रधान को जिस तर्ज पर बहाल किया गया है। वह एक विशेष उदाहरण छोड़ गया है। इस संबंध में जिला ग्रामीण अभिकरण मंडी के परियोजना अधिकारी गोपी चंद ने कहा कि बीडीओ को शिकायत की गई है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### सरकार की नाकामी से सड़कों पर उतरे लोग : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है। आज प्रदेश का हर वर्ग सरकार के ख़िलाफ़ सड़कों पर है। बीते रोज सरकार के खिलाफ विभिन्न संगठनों ने प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ साल में ही प्रदेश के सभी वर्ग द्वारा सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोलने के पीछे की वजह है कि सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए, झूठी गारंटियां दी। लेकिन सत्ता में आने के बाद सारी की सारी गारंटियां भूल गए और एक तानाशाह की तरह शासन करने लगे। जब मन में आया डीज़ल के दाम बढ़ा दिए, सीमेंट के दाम बढ़ा दिए, डिपुओं में मिलने वाले राशन के दाम बढ़ा दिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने समूचे प्रदेश के लोगों को निराश किया है। सरकार के अब तक का प्रदर्शन देखकर लोगों का सरकार से भरोसा उठ चुका है।

### भाजपा ने समस्त समाज के लिए किया कार्य : सोनकर



**शिमला।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रिय प्रभारी सोशल मीडिया अणिमा सोनकर ने शिमला में कहा कि कांग्रेस का आरक्षण, संविधान, डॉ. अंबेडकर विरोधी इतिहास है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह 'आरक्षण हटा देंग'। ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। भाजपा ने हमेशा समस्त समाज के लिए कार्य किया है, हिमाचल पीएम मोदी सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया। 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण की शुरुआत, 2019 में वित्त आयोग और संविधान की छठी अनुसूची से संबंधित प्रावधानों में संशोधन, 2019 में लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) आरक्षण का 10 वर्षों के लिए विस्तार किया गया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ओबीसी सूची में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया गया।

### छेड़छाड़ मामले में पीड़िता को मिले न्याय : एसएफआई

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई संजौली इकाई ने कहा कि संजौली महाविद्यालय में दो दिन पहले एक लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। जिस मुद्दे को लेकर एसएफआई का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानाचार्या व प्रशासन से भेंट करता है। एसएफआई ने महाविद्यालय प्रशासन से यह मांग की कि इस मामले में पर वूमेन सेल द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए तथा पीड़िता को उचित न्याय मिलना चाहिए। इसके पश्चात कॉलेज प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया जाता है की इस मुद्दे पर हम बैठक के माध्यम से एक कमेटी गठित कि जाएगी जो मामले की निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। लेकिन शनिवार को सुबह 10 बजे एसएफआई का प्रतिनिधि मंडल कॉलेज प्रशासन भेंट करता है तो कॉलेज प्रशासन का पूर्ण रूप से नकारात्मक रवैया देखने को मिलता है। प्रशासन द्वारा महाविद्यालय में कक्षाओं का बहिष्कार किया जाता है और अनौपचारिक तरीके से महाविद्यालय में अवकाश घोषित किया जाता है। कैंपस अध्यक्ष प्रवेश का कहना है की एसएफआई पिछले दो दिनों से न्याय की मांग कर रही है लेकिन पिछले कल देर शाम को एक नोटिफिकेशन आती है जिसमे 6 छात्रों को निष्कासित किया जाता है आज एसएफआई ने कॉलेज गेट के बाहर अवैध निष्कासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और महाविद्यालय प्रशासन इसके बावजूद भी छात्रों से बात नही की।

वित्त पोषित परियोजनाओं की समीक्षा को लेकर उपायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक

# पक्काटाला व चुवाड़ी में भूस्खलन रोकथाम पर कार्य करने के आदेश

**ओपी शर्मा, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत जिला के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों के स्थाई समाधान के लिए वित्त पोषित परियोजनाओं की समीक्षा को लेकर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आज एक बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने परियोजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए जियो टैगिंग तथा फोटोग्राफ साझा करने को कहा। मुकेश रेपसवाल ने चंबा शहर के पक्काटाला मोहल्ला तथा उप मंडल मुख्यालय चुवाड़ी के समीप काली घार में भूस्खलन की रोकथाम को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

उपमंडल चुराह के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारी ने बैठक में अवगत किया कि बैरागढ़ अप्पर तथा लोअर नाला का अधिकांश कार्य संपूर्ण किया जा चुका है। तीसा– झज्जाकोठी संपर्क मार्ग में झुक्याणी घार के संरक्षण कार्यों को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। मेहला के समीप संरक्षण कार्यों को लेकर विभागीय प्रतिनिधि ने बताया कि डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रेषित कर दी गई है।

बैठक में दुर्गेठी नाला, मोतला गांव, जतरुण, त्रिमथ, सलोह, बनीखेत नाला, कल्हेल क्षेत्र के कमौथा गांव के बाढ़ संरक्षण कार्यों सहित द्रमनाला संपर्क मार्ग के भूस्खलन रोकथाम कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित डीपीआर सिफारिशों के अनुसार समयबद्ध तौर पर सभी जोखिम उपायों को लागू के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन की ओर से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा तथा लोक निर्माण विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया तथा जल शक्ति विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता राजेश मोगरा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### वर्षा जल संग्रहण कार्यों के लिए तैयार की जाए मनरेगा सेल्फ

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में कैच द रेन अभियान के अंतर्गत आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस वर्ष के नारी शक्ति से जल शक्ति थीम विषय के अनुरूप जल संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यों में महिलाओं का सहयोग लेने को कहा। विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्षा जल पर आधारित जल संग्रहण कार्यों के लिए, जल शक्ति एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत अभिसरण (कन्वर्जेन्स) के लिए 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में अनुमोदन के लिए सेल्फ तैयार करने को कहा।

# तीसा, चुवाड़ी और पांगी अस्पताल को जल्द मिल सकते हैं रेडियोलॉजिस्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**तीसा में रेडियोलॉजिस्ट तैनात होने से मरीजों को जाना नहीं पड़ेगा चंबा**

जिले के अस्पतालों में जल्द रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हो सकती है। रेडियोलॉजिस्ट का प्रशिक्षण लेकर लौटे तीन चिकित्सकों में से दो को तीसा, चुवाड़ी और पांगी में ज्वाइनिंग करवाने के लिए विभाग ने कदमताल शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों की तैनाती का प्रस्ताव सरकार और उच्च अधिकारियों को भेजा है। स्वीकृति मिलते ही पांगी की गर्भवती महिलाओं और मरीजों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए किलाड़ से कुल्लू तक 220 किलोमीटर का सफर नहीं करना पड़ेगा। किलाड़-चंबा वाया लाहौल-स्पीति 632, किलाड़ से वाया पधरी जोत 442 किमी के सफर भी छुटकारा मिलेगा। चुवाड़ी से 40 से 80 किमी दूर पठानकोट या टांडा भी नहीं जाना पड़ेगा। तीसा में रेडियोलॉजिस्ट तैनात होने से मरीजों को चंबा की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

जिले की पौने छह लाख की आबादी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रही है। कहने को तो मेडिकल कॉलेज समेत सिविल अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न होने से मरीजों का मर्ज बढ़ता जा रहा है। चुवाड़ी, तीसा और पांगी में तैनात तीन चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग ने छह माह का प्रशिक्षण दिलाया है। इन चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड करने की अनुमति मिलना शेष है। सूत्रों ने बताया कि चुवाड़ी अस्पताल में तैनात चिकित्सक का तबादला जिले से बाहर और तीसा अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक का तबादला ब्रंगल के लिए हुआ। पांगी के चिकित्सक सिविल अस्पताल किलाड़ में तैनात हैं। ऐसे में अब विभाग ने सरकार को चुवाड़ी, तीसा और पांगी में दो चिकित्सकों को बतौर रेडियोलॉजिस्ट सेवाएं देने का प्रस्ताव भेजा है।

उधर, सीएमओ डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि तीसा, चुवाड़ी और पांगी में तैनात जिन चिकित्सकों ने रेडियोलॉजिस्ट का प्रशिक्षण लिया है, उनकी अस्पतालों में बतौर रेडियोलॉजिस्ट सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार और विभाग को प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलने पर अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड शुरू होने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता को पठानिया ने किया सम्मानित

**बबलू पठानिया, भटियात**



सुनील कुमार को सम्मानित करते हुए कुलदीप पठानिया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट में कार्यरत रसायन विज्ञान के प्रवक्ता और राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनील कुमार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष माननीय कुलदीप सिंह पठानिया ने सम्मानित किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा में आयोजित 14 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में उन्होंने सुनील सम्मानित किया और उन्हें 21,000 की सम्मान राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने उन्हें इनकी इस उपलब्धि के लिए और पूरे हिमाचल, जिले और भटियात को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। इस मौक़े पर एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

### क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद

**चंबा।** किन्नौर जिले की डीसी अमित शर्मा के लापता चल रहे पिता का शव बीती रात शुक्रवार को क्षत-विक्षत हालत में बरामद हो गया है। प्रथम दृष्टिया लापता भानी दास शर्मा की मौत गिरने के कारण हुई है। भानीदास शर्मा का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

67 वर्षीय मृतक भानी चंद शर्मा बीते 10 सितंबर से मणिमहेश यात्रा के दौरान धनछो नामक जगह से लापता हो गए थे। शुक्रवार को हड़सर कुगती रोड पर लोगों ने देखा कि वहां पर किसी चीज की दुर्गंध आ रही है। लिहाजा लोगों ने नीचे जाकर देखा तो वहां पर एक शव पड़ा हुआ था। जिसके बाद इसकी सूचना प्रशासन को दी।

# प्राइवेट सेक्टर में काम करने वालों के लिए नहीं कोई सामाजिक सुरक्षा: मनोज

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद ड्राइवर यूनियन के सदस्य।

ड्राइवर यूनियन की बैठक आज भजराडू में हुई, जिसमें टैक्सी, ट्रक, बस चालक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष मनोज टंडन ने की। बैठक में सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र, महासचिव सुदेश ठाकुर शामिल रहे और मार्ग-दर्शन किया। बैठक को सीटू पदाधिकारियों ने कहा मोटर व्हीकल एक्ट 2020 व भारतीय दंड संहिता में ड्राइवर विरोधी प्रावधानों के चलते आजीविका पर संकट पैदा कर दिया है।

प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले इन लोगों के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। जबकि कृषि के बाद रोजगार देने वाला परिवहन दूसरा बड़ा क्षेत्र है। बैठक में टैक्सी चालकों ने कहा की भजराडू में टेक्सी स्टैंड नहीं है। न कोई व्यवस्था है।

बस अड्डे में एचआरटीसी की पार्किंग में गाड़ी पार्क करने पर 50 रुपए पर्ची काटी जाती है लेकिन कोई सुविधा नहीं दी जाती है। यूनियन ने फैसला लिया है कि सभी 25 सितंबर को शिमला में होने वाले अधिवेशन में पदाधिकारी ऑल इंडिया रोड एंड ट्रांसपोर्ट वर्कर की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। बैठक में यूनियन का अध्यक्ष सुभाष, सचिव रिशु चोफला, केशियर पीर मुहम्मद को चुना गया, जोकि मांगों को लेकर एसडीएम से मिलेंगे।

### इतिहास लेखन एक साहित्यिक : डॉ. अंकुश

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में इतिहास विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के इतिहास विभाग से सह आचार्य डॉ. अंकुश भारद्वाज मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे।

इस उपलक्ष्य पर उन्होंने कहा कि इतिहास लेखन विषय पर कहा कि इतिहास लेखन एक साहित्यिक और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें अतीत की घटनाओं, व्यक्तियों, सामाजिक संरचनाओं और सांस्कृतिक विकासों को लिखित रूप में संरक्षित किया जाता है। यह प्रक्रिया विभिन्न दस्तावेज़, पुरातात्विक अवशेष और अन्य सामग्रियों के आधार पर की जाती है।

# एसडीएम ने विद्यार्थियों को सफलता के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, चंबा ( सलूणी )**



बच्चों को टिप्स देते हुए गणमान्य।

जिला रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेई में 'भविष्य सेतु एक पहल सुनहरे भविष्य की' थीम विषय पर व्यवसायिक मार्गदर्शन एवं करियर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में एसडीएम सलूणी नवीन कुमार ने मुख्य अतिथि भाग लेते हुए अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि करियर के चुनाव को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके भविष्य को आकार देने में मदद करता है। इस विषय पर विद्यार्थियों की जानकारी एवं जागरूकता को लेकर शिक्षकों तथा अभिभावकों को भी गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि करियर चुनाव के लिए विद्यार्थियों को अपनी रुचियों, क्षमताओं, और मूल्यों को समझने हेतु आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए। इससे उन्हें अपने करियर के लक्ष्यों को निर्धारित करने में मदद मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानना चाहिए और उनकी आवश्यकताओं, अवसरों, और विकास की संभावनाओं का विश्लेषण भी अवश्य करना चाहिए।

इस मौके पर जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईएफएस सहित अन्य विकल्पों के बारे में बताने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के टिप्स भी दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया। अरविंद सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होगी। इसके उपरांत राजकीय महाविद्यालय भलेई में भी कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को करियर चुनाव करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।

# धरवाला में कामगारों के लिए लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



कैंप के दौरान मौजूद गणमान्य ।

**अनंत ज्ञान, चबा**

जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड चंबा के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज उप तहसील धरवाला में कंपनी के कार्यालय परिसर में छोटे पुलों के निर्माण पर कार्यरत कामगारों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जिसमें 56 कामगारों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर में श्रम कल्याण अधिकारी ने कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### सूडोकु 0062 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0063 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 सितंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** पंचमी :(03:45): **नक्षत्र** कृत्तिका (11:02), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** हर्शण (8:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:49-12:37), **राहुकाल** (04:46 -6:17)।

**विशेष दिन**

- 22 सितंबर : गुरु नानकदेव का पुण्य दिवस आज।
- 22 सितंबर : अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस आज।

**मेष:** आज का दिन सामान्य से थोड़ा कम बेहतर है। आज मेष राशि वालों को किसी से बहस नहीं करनी है। अपनी सेहत का ध्यान रखना है। कार्यों में सफलता आज आपको मिलने वाली है।

**वृषभ:** आज भाग्य आपके साथ है लेकिन कोई भी जल्दबाजी में कदम आपको नहीं उठाना है। आज मित्रों का भरपूर सहयोग आपको मिलने वाला है। किसी पुराने मित्र से आपकी मुलाकात होगी।

**मिथुन:** थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। आज मिथुन राशि वाले जो भी कार्य करेंगे उन्हें सफलता मिलेगी लेकिन दिनभर आज निम्न विचार आपको घेरने की कोशिश करेंगे।

**कर्क:** सफलता के अवसर आएंगे लेकिन उनको पहचानना होगा और सही समय पर आगे बढ़कर उनका लाभ आपको लेना होगा। आज किसी से भी ईर्ष्या आपको नहीं करनी है।

**सिंह:** आज रुका हुआ धन वापस आ सकता है। जिन लोगों को आपने उधार पैसा दिया हुआ है उन्हें आज याद दिलाएं। आज भाग्य आपके साथ है।

**कन्या:** आज आपका कोई आपसे चालाकी कर सकता है, इसलिए सावधान रहिएगा। अच्छी खबर यह है कि आज भाग्य आपके साथ है।

**तुला:** पिछले दिनों से जिन चिंताओं में आप घिरे हुए हैं उनसे आज निजात आपको मिलने वाली है। आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा।

**वृश्चिक:** आज कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप धैर्य बनाए रखिए अपना कार्य करते रहिए सफलता मिलेगी।

**धनु :** दुश्मन मुखर हो सकते हैं लेकिन आपको विरोध नहीं करना है। आज कानूनी पचड़ों में आपको नहीं पड़ना है। आज अपने व्यवहार में आप सरलता बनाए रखिएगा।

**मकर:** दोस्तों से भी आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। खर्च करते समय सावधानी रखें, भोजन की अधिकता पेट के विकार का कारण बन सकती हैं।

**कुंभ:** आज आपके सारे कार्य पूर्ण होंगे लेकिन विरोध भी आएंगे आज आपका मन चंचल रहेगा, एक जगह आपका मन नहीं रुकेगा, मन को एकाग्र करने के लिए अच्छा संगीत सुनें।

**मीन:** आज छोटे छोटे कार्यों में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, लेकिन इनसे घबराना नहीं है। आज भाग्य आपके साथ है और आपके सभी कार्य पूर्ण होने वाले हैं। कहीं से रुका धन आज मिलेगा।

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोप सिद्ध दोषी को साधारण कारावास एवं जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के दोषी को विभिन्न धाराओं में साधारण कारावास की सजा के साथ जुर्माने की सजा सुनाई। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 21 अक्टूबर 22 को पीड़िता की माँ ने पुलिस थाना बल्ह में शिकायत पत्र दिया कि, उसकी 14 वर्षीय बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती है।

शिकायत में पड़ोस के गांव के लड़के पर करीब 2 वर्ष से स्कूल को आती और जाती बार तंग करने और करीब एक महीना पहले दोषी ने पीड़िता को गलत तरीके से जबरन छूने की कोशिश का आरोप लगाया था।

इस शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बल्ह में दोषी के खिलाफ अभियोग दर्ज हुआ था। अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए व 354-डी के तहत एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा के साथ 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई।

# अंडर-19 में ठियोग जोन को ओवरऑल खिताब

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

68वीं जिला स्तरीय अंडर 19 (छात्र) वर्ग प्रतियोगिता का समापन पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुपवी में हुआ। प्रतियोगिता का समापन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र के लोगों का खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए आभार व्यक्त किया एवं प्रबंधन समिति को बधाई दी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में इस समय 131 महाविद्यालय है वहीँ 16 हजार के करीब विद्यालयों की संख्या है, जिनके सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व कांग्रेस सरकार के इन संस्थानों को खोलने के प्रयास रहे है, जिसकी बदौलत आज प्रदेश के कोने-कोने में छात्र अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार ने अहम कदम उठाए है। शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण के मुताबिक प्रदेश का 21 वां स्थान है, जिसके सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे । रोहित ने कहा कि महाविद्यालय में प्रधानाचार्यों के लगभग 131 पद खाली थे, जिसको पूरा करने के लिए 80 प्रधानाचार्यों की नियुक्ति पदोन्नति के आधार पर की गई वहीं 20 प्रधानाचार्यों की सीधी नियुक्ति की गई।

# 2326 गांवों का ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा : अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि स्वामित्व योजना के अर्न्तगत मंडी जिला में 2508 आबादी देह गांवों में 2326 गांवों का ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सदर मंडी, बगसाड, औट, पांगना, थाची, चच्योट, पधर, करसोग, बल्ह, बलद्वाड़ा और रिवालसर में ड्रोन सर्वे का कार्य किया जा रहा है, अन्य सभी तहसीलों व उप-तहसीलों में कार्य पूरा हो चुका है।उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना में आबादी देह में परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। इससे आबादी देह में रहने वालों को जमीन का अधिकार मिलने से उनकी बहुत समस्याएं हल होंगी। उपायुक्त ने यह जानकारी शनिवार को डीआरडीए हॉल में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दी।

बैठक में जिला मंडी के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व मामलों के निपटारे में देरी मंजूर नहीं है। उपायुक्त ने इस दौरान तहसील और उप तहसील स्तर पर तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों द्वारा म्यूटेशन, जमाबंदी, अतिक्रमण, निशानदेही, हुक्मी और खानगी तकसीम सहित सभी राजस्व मामलों के निपटारे की प्रगति का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे पर है। इसके लिए हर महीने राजस्व अदालतें लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी रणनीति बनाकर राजस्व मामलों का निपटारा करें। बैठक का संचालन एडीएम डॉ. मदन कुमार ने किया।

# युवाओं के प्रति संवेदनहीन हो गई सुक्खू सरकार : राकेश

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में ।

हिमाचल में पांच लाख रोजगार का वायदा करके सत्ता में आई सुक्खु सरकार युवाओं क्रे प्रति संवेदनहीन हो गई है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के इलाका डैहर में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोजगार देना तो दूर, रोजगार मांगने आए युवाओं को शादी की सलाह दे रहे हैं। जिससे पता चल रहा है मुख्यमंत्री बेरोजगारों के प्रति कतई गंभीर नहीं है। दो साल में केवल मंत्रिमंडल से पद सृजित किए गए, मगर कितने पदों पर भर्तियां हुई यह युवाओं के लिए अभी भी बड़ा प्रश्न बना हुआ है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रताप और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ओपिनियन



हर जीवन को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि हर जीवन मायने रखता है। -बराक ओबामा

## संपादकीय

# लड्डू प्रसाद पर बवाल

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसाद लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल की मिलावट का मुद्दा आजकल पूरे देश में गरमाया हुआ है। यह मसला सीधे-सीधे भक्तों की आस्था से जुड़ा हुआ है, शायद इसलिए ज्यादा हो-हल्ला भी हो रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा है। केंद्र सरकार ने जांच बिठा दी है। लोग इसे हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ बता रहे हैं और अब वे हिंदू रक्षा मंदिर ट्रस्ट की मांग भी उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि ऐसे ट्रस्ट बनने से क्या समस्या का निदान हो पाएगा। जनमानस का मानना है कि देश में हिंदुओं के मंदिरों की रक्षा के लिए कोई ट्रस्ट नहीं है, शायद इसलिए उनकी भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डिमांड शायद इसलिए भी उठ रही है, क्योंकि इस वक्त देश में वक्फ बोर्ड के गठन का मसला भी जोर-शोर से गरमाया हुआ है। हिंदू धर्म से जुड़े लोग यह तर्क दे रहे हैं कि यदि मुस्लिमों के हितों के लिए देश में वक्फ बोर्ड गठित हो सकता है तो हिंदुओं के मंदिरों की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड का गठन क्यों नहीं हो सकता है। हिंदू समाज इस देश का बहुसंख्यक समाज है। तर्क यह भी निकल रहे हैं कि आजादी मिलने के साथ ही सनातन बोर्ड का गठन कर देना चाहिए था, क्योंकि सनातन के ऊपर लगातार आघात हो रहे हैं। तिरुपति जी वह मंदिर है, जिसमें भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया से लोग दर्शन के लिए आते हैं।

तिरुपति जी के प्रति लोगों में कितनी श्रद्धा है, यह किसी से छुपी नहीं है। ऐसे में मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी का मिला होना अपने आप में कई सवाल खड़े कर गया है। तिरुपति जी को साक्षात बैकुंठ का दर्शन माना जाता है। भगवान श्री कृष्ण के भक्तों को इस घटनाक्रम से बहुत बड़ी ठेस पहुंचती है, जब उस मंदिर का अध्यक्ष कोई क्रिश्चियन धर्मा रेड्डी बना दिया जाता है। सवाल यह भी है कि क्या इतने बड़े मंदिर की देखरेख के लिए कोई हिंदू धर्माचारी नहीं मिला। लड्डू में चर्बी मिलने का इस्तेमाल होना केवल वहीं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश में हर जगह घी और में चर्बी की मिलावट हो गई है और उसका इस्तेमाल तकरीबन सभी मंदिरों में भी हो रहा है। यहां तक कि सरसों के तेल की बोतल में भी पाम ऑयल मिला होता है। कहीं नान में थूक मिला दिया जाता है तो कहीं पेशाब मिला दिया जाता है। ऐसे ओछी हरकतें भला कौन कर सकता है। जवाब सीधा सा है, जिसे हिंदू धर्म को ठेस पहुंचानी हो। ऐसे में हम यह कैसे सोच सकते हैं कि सरकारी संस्था हमारे लिए बेहतर करेंगी।

पेशाब मिलाकर यहां के मानवों को नष्ट करने का प्रयास दूसरे धर्म के लोग कर रहे हैं और सरकार चुपचाप बैठी हुई है। षड्यंत्र बहुत बड़े स्तर पर हो रहा है, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लग रही है। मंशा ऐसी हो हो गई है कि हमारे भगवान को भी पवित्र करने की पूरी कोशिश की जा रही है। धर्म को अपवित्र करने के लिए पूरी साजिश के तहत यह सब हो रहा है। राजधानी दिल्ली के छह मंदिरों पर वक्फ बोर्ड ने कब्जे का दावा किया है और इधर तिरुपति में लड्डू के प्रसाद में चर्बी मिलना बेहद चिंतनीय विषय बन गया है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी तिरुपति से ही एक लाख लड्डुओं का प्रसाद आया था, जिससे रामलला का भोग लगाया गया था। अब संतों में उबाल है। वह गुनहगारों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। सनातन धर्म के लिए ये सारी घटनाएं किसी कुठाराघात से कम नहीं हैं। सरकार को इसकी गंभीरता से जांच करवानी चाहिए। यही समय की मांग है। तभी यह बवाल शांत हो सकता है। इस घटना के पीछे के कारणों को समझना और इसके प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

गलत सूचना और अफवाहों पर लगाम लगानी होगी। धार्मिक भावनाओं का शोषण सामाजिक और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। नफरत और वैमनस्य को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिएं। धार्मिक नेताओं और समुदायों के बीच संवाद बढ़ाया जाना चाहिए, साथ ही सामाजिक और राजनीतिक नेताओं को शांति और सौहार्द का संदेश देना चाहिए। पुलिस और प्रशासन को संवेदनशील और निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए और मीडिया को जिम्मेदार और संतुलित रिपोर्टिंग करनी चाहिए। हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित होने चाहिएं। यह समय ऐसा है जिसमें हम एकता और सौहार्द के लिए काम करें और नफरत और वैमनस्य को नि:संदेह रोका जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी

**शारदा** देवी का बचपन का नाम शारदामणि था। उनके पिता रामचंद्र मुखोपाध्याय पुरोहिताई करने वाले साधारण ब्राह्मण थे। रामकृष्ण परमहंस कोलकाता के दक्षिणेश्वर मंदिर में भक्ति में इतने मग्न रहते थे कि लोग उन्हें पागल समझने लगे। उनकी वृद्ध माता चंद्रमणि पुत्र की यह दशा देखकर चिंतित हुईं। वह यह सोच कर उन्हें अपने गांव कामारपुकुर ले आईं कि विवाह हो जाने से पुत्र की मानसिक स्थिति बदल जाएगी। शारदा देवी का जिस समय विवाह हुआ था, उस वक्त उनकी उम्र 6 वर्ष और रामकृष्ण परमहंस की 23 वर्ष थी। 14 वर्ष की उम्र में शारदा का द्विरागमन हुआ और वे अपनी ससुराल गईं। रामकृष्ण ज्यादातर दक्षिणेश्वर मंदिर में भक्ति में ही लीन रहते थे। शारदा वापस अपने पिता के गांव जयरामबारी आ जाती थीं। किसी तरह 4 वर्ष गुजर गए। एक बार शारदा देवी रामकृष्ण की अस्वस्थता का समाचार सुनकर सीधे दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंच गईं। वह स्वयं भी बीमार थीं। रामकृष्ण परमहंस ने शारदा देवी को आध्यात्मिक ज्ञान दिया। एक दिन स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने 'दिव्य माता दुर्गा' की पूजा का अनुष्ठान किया और दुर्गा के लिए बने आसन पर शारदा देवी को बैठाकर उन्हें दंडवत प्रणाम किया। फिर बोले-'आज से तुम मेरी पत्नी नहीं मेरी दिव्य माता की प्रतिमूर्ति हो।' इस प्रकार शारदा देवी मां शारदा बन गईं। उन्होंने अपने स्वामी का मार्ग अपनाया। 1888 ई. में परमहंस के स्वर्गारोहण के समय तक वे उनके रिक्त स्थान की पूर्ति करने में समर्थ हो गईं। ■



**शारदा देवी**
**जन्म :** 22 सितंबर, 1853
**मृत्यु :** 20 जुलाई, 1920

## अपनी बात

**देश** में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है। इसमें हर साल देश-विदेश के करीब 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है, उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई है। कहते हैं कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। **-पायल शर्मा, पंचरुखी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू होना समय की जरूरत

देश में विगत एक दशक से या यूं कहें जब से स्वामीनाथन कमीशन ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी है, तभी से देशभर के किसानों की एक ही मांग है कि स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट को पूरी तरह से लागू करके किसानों को लाभ दिया जाए, परंतु यूपीए की सरकार यह कह कर लागू नहीं कर रही कि हम अभी रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं, तब तक 2014 में जनता ने सरकार बदल दी। देश मे एक नई मोदी की सरकार आ गई जो चुनाव में यह कह कर सत्ता में आए थे कि हम किसानों के हित में स्वामीनाथन कमीशन रिपोर्ट को पूर्ण रूप से लागू करेंगे।

देश के किसानों ने भरोसा किया और भारी बहुमत से देश की सत्ता उन्हें सौंप दी, पर हुआ कुछ नहीं। अंत में बाध्य होकर किसानों को आंदोलन करना पड़ा जो दुनिया का सबसे लंबे समय तक चलने वाला आंदोलन बन गया। इस आंदोलन में किसान ही नहीं अपितु कृषक महिला युवा किसान कुछ एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने भी भरपूर समर्थन दिया। बस मीडिया और सरकार ने इस आंदोलन को प्रायोजित आंदोलन कहना शुरू कर दिया। मीडिया और कुछ प्रिंट मीडिया ने खालिस्तानी और आतंकी संगठन से जोड़ कर किसानों के आंदोलन को जनता में बदनाम करने का एक चक्रव्यूह चला दिया। इस आंदोलन में सात सौ किसानों ने स्वामीनाथन कमीशन रिपोर्ट को लागू करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस दौरान कोरोना का भी प्रकोप बढ़ा, पर किसान घर परिवार छोड़कर अपनी मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन में बैठे रहे। जब यूपी, हरियाणा, पंजाब का चुनाव नजदीक था, सरकार यह समझ गई यदि किसानों के आंदोलन को समाप्त नहीं करवाया गया तो चुनाव जीतना नामुमकिन हो जाएगा। सरकार ने एक समिति केंद्रीय कृषि मंत्री के नेतृत्व में वार्ता के लिए बना दी, जो किसान नेताओं से बात करके समाधान निकालेगी। इसका फैसला किसानों और सरकार दोनों पक्षों को मान्य होगा और किसान हित में होगा, परंतु सब एक भ्रम था, जो टूट गया। सरकार और आंदोलनरत किसानों के बीच कई दौर की बातचीत हुई, पर बहुत सार्थक नतीजा नहीं निकला। दोनों पक्ष अपनी अपनी बात पर अड़े रहे।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

अंत में यह तय हुआ कि किसानों की मांगों पर विचार करने वाली समिति में किसान नेताओं का नाम भी होगा और उनके विचारो पर भी अमल किया जाएगा। हर तरह के मुकद्दमे भी हटाए जाएंगे और किसानों को स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर फसलों का न्यूनतम मूल्य भी दिया जाएगा, जो स्वामीनाथन कमीशन के संस्तुति के अनुरूप होगा।। इस आश्वासन पर किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया था। किसानों का आंदोलन समाप्त हो गया। किसान सड़क से हटकर खेती करने चले गए। सरकार भाजपा की हरियाणा-यूपी में बनी तो पंजाब में 'आप' की सरकार बन गई। किसान संगठनों ने अपने को चुनाव से अलग रखा, जिसका परिणाम यह हुआ कि जनता ने किसानों के बलिदान को नकार कर पुन: सत्ता भाजपा को सौंप दी। चुनाव में संदेश सफल रहा कि किसान आंदोलन प्रायोजित था, जिसमें विदेशी धन लगा था। आम किसान इस आंदोलन में नहीं बस कुछ बड़े किसान ही थे। भाजपा ने यही सब जनता में फैलाया। जनता ने विश्वास किया और किसान आंदोलन के विरोध के लिए वोट दिया। किसानों को दिल्ली में प्रवेश की मोदी सरकार ने अनुमति नहीं दी थी बार्डर पर ही किसान बैठे रहे। सिंधु टिकरी और शंभू सीमा पर। किसानों ने आंदोलन को सरकार के गलत आश्वसान पर समाप्त किया, यही किसान नेताओं से गलती हुई।

इसके परिणामस्वरूप आज तक किसानों की मांग सरकार ने नहीं मानी। दो साल से ज्यादा का समय बीत गया है, पर सरकार द्वारा किसानों से वार्ता करने वाली समिति की कहीं भी कोई बैठक किसान नेताओं के साथ नहीं हुई, न ही सरकार को कोई रिपोर्ट सौंपी गई। परिणाम स्वरूप किसान पुन: आंदोलन करने सड़क पर आ गए हैं। अब एक बार फिर पंजाब के किसान दिल्ली जाने के लिए दिल्ली चंडीगढ़ हाईवे पर बैठ गए है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि किसान दिल्ली में आंदोलन करना चाहते हैं तो फिर उन्हें जाने दिया जाए। इस किसान आंदोलन से हरियाणा सरकार को क्या नुकसान होगा, पर सरकार, सरकार होती है। सरकार हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई है। अब कब क्या फैसला होगा, यह कोई नहीं जानता है। जहां तक खेती में लाभ की बात है, जब तक किसानों को उनके उपज का सही सरकारी न्यूनतम मूल्य सी टू फार्मूले के अनुसार नहीं मिलेगा, किसानों को हानि ही उठानी पड़ेगी। खेती में लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। रासायनिक खादों के लगातार प्रयोग से उत्पादन कम हो रहा है या स्थिर हो गया है, ऐसी परिस्थितियों में खेती और किसानों को केवल एकमात्र उम्मीद स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट से ही है, जिसमें फसलों के उपज का न्यूनतम खरीद मूल्य कानूनी रूप से लागू हो। किसानों की यह मांग नहीं है कि सारी उपज सरकार खरीदे, वह तो यह चाहते हैं कि फसलों के दाम कानूनी दायरे में रहें जिससे व्यापारी वर्ग किसानों का दोहन न कर सकें और जो भी खरीदें, सीधे किसानों से सरकारी मूल्य पर ही लें। यह मांग बहुत बड़ी नहीं है, न ही बहुत पेचीदा है, न ही सरकार के खजाने पर बहुत बड़ा बोझ है।

कोई सरकार किसानों के सारे उत्पाद नहीं खरीदती है। सरकार केवल उतना ही खरीदती है, जितना सरकार को साल भर राशन डिपो के माध्यम से बेचना होता है और आपात काल के लिए दो साल का भंडारण करना होता है। भारत में नहीं, दुनिया भर में किसानों के साथ हर देश की सरकारें खेल खेलती हैं। कृषि और किसान का दुर्भाग्य है कि किसान अपनी उपज का मूल्य नहीं लगा सकता है। किसानों को किसान निधि नहीं, उनके उपज का सही मूल्य और कृषि में प्रयोग होने वाले बीज खाद दवा कृषि यंत्रों को भी सस्ते में उपलब्ध कराया जाए जिससे किसान खेती से जुड़ा रहे और उसके पढ़े-लिखे लड़के भी खेती को ही अपना रोजगार मान कर जुड़े रहें। खेत बंजर रहेगा तो देश में भुखमरी कुपोषण बढ़ेगा। देश को पुन: 1960 के दौर से गुजरना पड़ेगा। अमेरिका, आस्ट्रेलिया जैसे देशों से अनाज मांगना होगा। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों की अपेक्षा कम सहायता देता है। भारत के किसानों को सरकारी सहायता देने में सरकार का बहुत धन खर्च होता है।


हर साल और वोट की वर्तमान राजनीति पर छोटे किसान प्रभाव डालते हैं। इस कारण सरकार भी मजबूर होकर उनके अनुसार ही नीति बनाती है। यदि छोटे किसानों का वर्ग खेती से हट जाएगा तो सरकार भी अपनी मर्जी कर सकती है। इस कारण ही सरकार फसलों का स्वामीनाथन कमीशन रिपोर्ट के अनुसार खरीद मूल्य को कानूनी रूप नहीं देना चाहती है। फसलों के खरीद मूल्य को कानूनी स्वरूप न मिल सके, सरकार पर औद्योगिक घरानों का दबाव भी होगा, जो सरकार और पार्टी को धन चंदा के रूप में देते रहते हैं। अब यह जरूरी है कि यदि कृषि और किसान को देश में औद्योगिक घराने के चक्रव्यूह से बचाना है तो निश्चित ही सरकार को तुरंत स्वामीनाथन कमीशन रिपोर्ट लागू करके फसलों के साथ-साथ, फलों-सब्जियों आदि का सरकारी खरीद मूल्य कानूनी रूप से बनाए नहीं तो किसान बागवान सबको इस चक्रव्यूह में फंस कर मरना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद की सेवा कीजिए

जो तुम्हें सम्मान दे, उसे ही सम्मान देना चाहिए क्योंकि हर आदमी का अपना-अपना स्वाभिमान होता है। अक्सर देखा गया है कि अगर आप किसी व्यक्ति को ज्यादा आदर सम्मान देते हैं और जरूरत से अधिक अहमियत देते हैं, तो वही व्यक्ति आपको इग्नोर करेगा और आपको दबाने की कोशिश करेगा, आपका दुरुपयोग करेगा और अपना स्वार्थ निकल जाने के बाद आपसे दूरी बना लेगा। इसलिए ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

ऐसे लोग बहुत ही घातक होते हैं, दूसरे आदमी को नीचा ठहराते हैं, ऐसे लोग किसी के नहीं होते। ये लोग काम खत्म, पहचान खत्म पर यकीन रखते हैं, क्योंकि ये खुद को ही बड़ा मानते है। आदमी को स्वाभिमान से जीना चाहिए, भले ही आधी रोटी मिले। किसी की जी हजूरी नहीं करनी चाहिए। कभी भी किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए, अपना कर्म करना चाहिए। ईमानदारी से अपना कर्म निभाते रहिए। संस्कार मत छोड़िए। संस्कार ही सबसे बड़ी विरासत होती है। ईश्वर हमेशा अच्छा ही करेंगे। निस्वार्थ भाव से हर जरूरतमंद की सेवा कीजिए, कभी भी स्वार्थी मत बनिए। स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती, जल्द ही अवसान हो जाता है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है।

दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाये कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। गरीबों का मजाक उड़ाने वालो एक दिन तुम्हें अपने कर्मों की सजा जरूर मिलेगी, जब वक्त तुम्हें आईना दिखाएगा। इसलिए अभी वक्त है कि संभल जाओ, वरना मिट्टी भी नसीब नहीं होगी, अपनी गंदी फितरतों को छोड़ दो। ऐसे लोगों को सजा जरूर मिलती है, जो दूसरों को दुख देकर अपना सुख तलाश करते हैं। ऐसे लोग अपने दुख से इतने दुखी नहीं है, जितने दूसरों के सुख देखकर दुखी है।

आधुनिक युग में कुछ नीच प्रवृत्ति के तथाकथित अमीर लोग दूसरो को नीचा दिखाने का घिनौना कर्म करते हैं, क्योंकि भगवान की चक्की जब चलती है, तो पाप व पापी को पिस कर रख देती है। चरित्रहीनता की सारी हदें लांघने के बाद भी इतराते हैं। समाज में पैसे के बल पर हर आदमी को खरीदना चाहते हैं। दूसरों के खिलाफ षड्यंत्र रचते है, मगर कहते है सांच को आंच नहीं आती। बेइमानों व बेइमानी का एक दिन सत्यनाश होता है, इसलिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सत्य की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। खुदा के घर में देर है, अंधेर नहीं है। ईमानदारी की सदा ही विजय हुई है। ईमानदारी युगों-यंगों तक अमर रहती है। ईमानदारी की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### भौतिक सत्ता

डॉ. राजीव डोगरा

*जिंदगी जोंक सी*
*रक्त पान कर रही है।*
*मौत के नगर में*
*जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है।*
*काले उजले दिन में*
*देश का गणतंत्र*
*सूखे पत्ते की तरह*
*ठिठुर कर अस्फुट हो*
*शिकायत कर रहा है।*
*भौतिकता का कंकाल*
*महानगर की दहलीज लांघकर*
*विक्षुब्ध कर सब को*
*महाविनाश कर रहा है।*
*देश की राजसत्ता*
*पंख उखाड़ कर मध्य वर्ग के*
*जनसत्ता के नाम पर*
*रंगमहल का चुनाव कर रही है।*

# पशुधन अब बेसहारा बनकर सड़कों पर भटकने को मजबूर

पशुधन की घोर उपेक्षा से कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होने के साथ ही दुग्ध क्रांति का स्वप्न धूमिल हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब खेतीबाड़ी का काम नाममात्र का ही रह गया है। खेतीबाड़ी में दिलचस्पी रखने वाले ज्यादातर लोग अब इस दुनिया में नहीं रहे। जो बचे हैं, वे इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि वे चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं। युवा वर्ग तो अब इसमें रुचि नहीं ले रहा है, इस लिए काफी उपजाऊ भूमि बंजर हो चली है तथा उसमें तेजी से जहरीली घास फैल रही है। खेतों के आसपास कंटीली झाड़ियों के घने जंगल हो गए हैं। इससे अब कई खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस हालत को देखकर उन बुजुर्गों की आंखें भर आती हैं, जिन्होंने उन खेतों से अच्छी फसलें ली हैं तथा उससे ही अपने परिवार का भरण-पोषण किया है। इसलिए बुजुर्ग नई पीढ़ी को कोस रहे हैं।

नई पीढ़ी का कहना है कि अब खेती करना बहुत ही घाटे का सौदा हो गया है। बीज, खाद, तथा कीटनाशक दवाइयां काफी महंगी हो गई हैं। अब ट्रैक्टर से बिजाई भी काफी महंगी हो गई है। पहले जंगली जानवर ही फसल का नुकसान करते थे, लेकिन अब लोगों द्वारा छोड़े गए पशु भी फसल चट कर जाते हैं। फुलणु घास व इस श्रेणी का खरपतवार फैल जाने से बंजर भूमि से अब सामान्य घास भी समाप्त हो रही है। इससे पशुचारे का गंभीर संकट हो गया है। अब जिन किसानों ने उन्नत नस्ल के इक्का-दुक्का पशु पाल रखें हैं, कुछ ही खेतों में उत्तम किस्म के बीज, खाद व कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग किया है, लेकिन अब पहले की तरह बात नहीं रही है। कीटनाशक दवाइयों व रासायनिकयुक्त खाद्य पदार्थों के दुष्परिणाम आने शुरू हो गए हैं, जिससे लोग बेहद चिंतित हैं। कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का, लोगों को रासायनिक जहर से मुक्ति पाना मुश्किल हो गया है। पर्यवरण संतुलन गड़बड़ाकर रह गया है तथा हवा-पानी भी शुद्ध नहीं रहे हैं। पशुओं की नस्ल में भले सुधार हुआ है। अब गाय कई-कई लीटर दूध दे रही है तथा देसी गाय ढूंढे नहीं मिल रही है। बुजुर्ग बताते हैं कि नई नस्ल की गायों में पहले की तरह दूध में गुणवत्ता नहीं रही।



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

इस तरह अनाज से बने पकवान भी पहले की तरह स्वदिष्ट नहीं बन रहे हैं। कई पशुपालक तो ऐसे गैर जिम्मेदार व निर्दयी हो गए हैं कि जब तक उनके दुधारू पशु दूध देते हैं, तब तक उनको घास-पानी देते हैं तथा उसके बाद उन्हें खुले में छोड़ देते हैं। फिर ये पशुपालकों के पशु बेसहारा होकर सड़कों, चौराहों, गली-मोहल्लों में भटकने को मजबूर हो गए हैं तथा खेती व बागवानी को नुकसान पहुंचाते हैं। दिनभर तो ये बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं तथा सांझ ढलते ही खेतों में पसर जाते हैं। सवेरा होते-होते फसल को ही चट कर जाते हैं। कुछ पशुपालक तो इतने असंवेदनशील हो गए हैं कि पशुओं के छोटे बच्चों को भी सड़क पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। बेसहारा पशुओं से कई जानलेवा बारदतें हो चुकी हैं। पशुपालकों के ही पालतू पशु बेसहारा बन रहे हैं तथा गलियों चौराहों में भटकने को मजबूर हो जाते हैं। लोग उन्हें इधर-उधर खदेड़ देते हैं, ऐसी हालत में बेचारे बेजुबान पशु जाएं तो कहां जाएं तथा अपनी फरयाद किस से करें। राजनीतिक हलके में यह सत्तासीन सरकार के खिलाफ जबरदस्त मुद्दा बन जाता है। चुनाव के समय बेसहारा पशुओं का मुद्दा बड़े जोर-शोर से उठाया जाता रहा है। एक समय था, जब कृषि व पशुपालन व्यवसाय एक-दूसरे के पूरक थे। जो खेतीवाड़ी करता था, वह पशु भी पलता था । यानी जो जितना बड़ा किसान होता था, वह उतना ही बड़ा पशुपालक भी होता था। किसान व उसका परिवार वर्षभर खेतीबाड़ी व पशुपालन के काम में व्यस्त रहता था। खासकर फसल की बिजाई, गुड़ाई, कटाई व गुहाई के समय तो किसानों को रात-दिन काम करना पड़ता था। सालभर के लिए पशुचारे को भी इकट्ठा करके रखा जाता था।

बदली परिस्थितियों में कृषि क्षेत्र भी काफी प्रभावित हुआ है तथा दुग्ध उत्पादन में काफी गिरावट आई है। नतीजतन अब लोगों के मवेशिखानों की शोभा कहलाए जाने वाला पशु-धन सड़कों पर विचरने लगा है। उसे अब बेसहारा पशुओं का दर्जा दिया गया है। सरकार ने कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं पशुपालन विभाग दो अलग-अलग विभाग खोले हैं। लोग अब पशुपालन में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जो थोड़ी बहुत खेती की जा रही है, अब उसके पारंपरिक तरीके बदल गए हैं। खेतीबाड़ी का सारा काम पहले बैलों पर ही निर्भर था। उस समय ग्रामीण गाय को पालना पुण्य समझते थे। धार्मिक मान्यता के अनुसार गाय में तैतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। लोकमान्यता के अनुसर गोदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि मरणाशन स्थिति में कराया गया गोदान मृत प्राणी की वैतरणी नदी में नैया पार लगाने में सहायक होता है। वर्षभर मृतक के नाम की एक रोटी गाय को दी जाती है। इससे यह समझा जाता है कि गाय को दी गई रोटी दिवंगत आत्मा को मिल रही है। गोमूत्र से अनेक व्याधियां दूर होती हैं। जिस स्थान पर कोई भी धार्मिक कार्य होना होता है, वहां गाय के गोबर से लिपाई की जाती है। तभी उस स्थान को पवित्र माना जाता है । गाय का दूध अमृत के समान बताया गया है। भैंस के पास दूध की अधिक मात्रा होती है। भैंस का दूध गाढ़ा होता है तथा दूध व घी भी काफी मात्रा में मिलता है, इसलिए लोग गाय के साथ भैंस भी पालते थे ताकि दूध-घी की कोई कमी न रहे। गाय यदि बछड़े को जन्म देती थी तो शुरू से ही उसकी जोड़ी के बछड़े की तलाश शुरू हो जाती थी। तीन-चार सालों के बाद उन्हें हल जोताई में लगाया जाता था। बछड़ी होने पर उसे पाल-पोष कर बड़ा किया जाता था, ताकि भविष्य में उससे हष्ट-पुष्ट बैल व दुधारु गाय मिल सके, लेकिन अब ट्रैक्टरों व अन्य मशीनों से कृषि कार्य होता है। नई पीढ़ी ने अब मेहनत-मशक्कत करनी ही छोड़ दी है, इसलिए अब उन्हें बीमारियां भी घेरने लगी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# न्यायपालिका को सरकार के 'हाथ बांधने' से बचना होगा

क्या देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गईं सरकारों के समानांतर न्यायपालिका अपने हिसाब से देश को चलाना चाहती हैं। क्या यह अदालतें तय करेंगी कि जनता द्वारा चुनी गई सरकारों पर उनके किसी आदेश को कैसे तवज्जो मिलना चाहिए। कैसे किसी सरकार को कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए अपराधियों पर अंकुश लगाना है, यह तय करना सरकार का काम है। वह सबसे अधिक जनता के प्रति जवाबदेह होती है।

हर पांच साल पर जनता उसके (सरकार) कामकाज की समीक्षा करती है। तब यह नहीं देखा जाता है कि कोर्ट के तमाम आदेशों से सरकार को कामकाज में कितनी परेशानी का सामना करना पड़ा था। यह सही है कि यदि कोई सरकार संविधान के खिलाफ कार्य करती है तो न्यायपालिका उसे ऐसा करने से रोके, लेकिन अदालतें किन्हीं दो-चार या इससे कुछ अधिक घटनाओं के आधार पर किसी सरकार के खिलाफ कोई अवधारणा बनाकर उसके हाथ नहीं बांध सकती हैं। इससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। फिर न्यायपालिका केंद्र और राज्य सरकारों को लताड़ लगाती हैं कि वह कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही हैं। यह कैसे हो सकता है कि एक तरफ सुप्रीम कोर्ट की मात्र दो जजों की खंडपीठ पूरे देश में बुलडोजर न्याय पर रोक लगा देती है तो दूसरी ओर करीब-करीब उसी समय बॉम्बे उच्च न्यायालय बच्चों व महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में पुलिस के अगंभीर रवैये पर सवाल खड़ा करती है।



लेखक : संजय सक्सेना
स्वतंत्रत टिप्पणीकार

बता दें 17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से गैरकानूनी ध्वस्तीकरण पर चिंता जताते और इसे संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए इस पर पहली अक्तूबर यानी अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी है। सुप्रीम अदालत ने कहा अगर अवैध ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है, वह संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। कोर्ट की इजाजत के बगैर कोई संपत्ति नहीं ढहाई जाएंगी, जिसमें किसी अपराध में आरोपित की संपत्ति भी शामिल है। यह आदेश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपराध के आरोपितों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया। हालांकि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अंतरिम आदेश का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि कोर्ट के सामने यह धारणा पेश की जा रही है कि किसी अपराध में आरोपित समुदाय विशेष के लोगों की संपत्तियां ही ढहाई जा रही है, जबकि वह उदाहरण दे सकते हैं कि मध्य प्रदेश में हिंदुओं के घर भी ढहाए गए हैं। उन्होंने कहा कि याची ऐसा एक भी उदाहरण पेश करें जिसमें कानून का पालन नहीं किया गया है,लेकिन कोर्ट ने सरकारी पक्ष के विरोध को दरकिनार कर दिया और कहा कि एक सप्ताह तोड़फोड़ नहीं होगी तो क्या हो जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्ति जैसे सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइनों या जल निकायों आदि का अतिक्रमण तोड़े जाने पर यह रोक लागू नहीं होगी। मतलब साफ है कि न्यायपालिका सिर्फ उस अवैध निर्माण को बचा रही है जो उन ताकतवर लोगों ने किया है, जो बड़े से बड़ा गुनाह करने के बाद अपने गुनाहों के खिलाफ उच्च स्तर पर पैरवी कर सकते हैं, जिन्होंने नजूल की जमीन पर अपना साम्राज्य खड़ा कर रखा है। अपराध जिनकी आदत बन गया है। अच्छा होता कि बुलडोजर पर रोक लगाने के साथ सुप्रीम कोर्ट इस ओर भी ध्यान देती कि कैसे अपराधियों को जल्द से जल्द उसके अपराध की सजा मिल जाए, लेकिन इस ओर अपवाद को छोड़कर कभी किसी अदालत ने ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है और इसका ठीकरा सरकारों के ऊपर थोप दिया जाता है।

पीठ ने कहा कि तत्काल प्राथमिकता प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है ताकि न तो अधिकारी और न ही कोई व्यक्ति किसी कमी का फायदा उठा सके। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब देश में बुलडोजर एक्शन चर्चा का विषय बना है। आपातकाल के दौरान देशभर में 4039 इमारतों पर बुलडोजर चलाया गया था। 1978 में शाह आयोग ने अपनी तीसरी और अंतिम रिपोर्ट में कहा था कि दिल्ली में अधिकांश इमारतें संजय गांधी के आदेश से गिराई गईं। वहीं, अन्य राज्यों में उन्हें खुश करने के लिए यह काम किया गया था। शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देशभर में हुई बुलडोजर कार्रवाई में दिल्ली शीर्ष पर थी। अकेले दिल्ली में 1248 इमारतें ढहाई गईं। न्यायपालिका को भी बढ़ते अपराधों के लिए सरकार पर टिप्पणी करने के बजाए इस ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए कि कैसे अपराधी को जल्द से जल्द सजा सुनाई जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बालीचौकी उपमंडल के क्षेत्रों में 22 को बंद रहेगी बिजली

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के अनुभाग बालीचौकी, थाची, सुधराणी व गाडागुसैनी के अंतर्गत आने वाले मुख्य बाजार बालीचौकी, शलयाउडी, हहुरला, फगवाणा, चकुरठा, कोटला, धाराखरी, भुराह, सुनारु, देवधार, खलाओ, लगढयाणा, घाट मुहाथ, पंजाई, डडवाडी, काउ, मूहलू, छेत, सारली, डोभा, पनाला, शलाणू, नलौण, दाडी, रतवाह, सीहढा, थाटीवीड, नौणा, धवेहड, खणी, नारायणबान, सुधराणी, गरशाल, टिक्की, थाटा, कटवाणु,भेखली, गाड़ागुसैनी, खौली, शुकाड, टपनाल, पाली, मठयाणी, थाचाधार व उसके इसके साथ लगते क्षेत्रों मे 22 सितंबर को बिजली सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत विशाल कुमार ने बताया कि 33 केवी मुख्य लाइन की आवश्यक देखरेख एवं रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है।

### प्रदेश को मिले 94000 आवास : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के गरीब परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 800 घरों के निर्माण की स्वीकृति दी है। यह योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आती है, जिसका उद्देश्य गरीब और वंचित वर्गों को सिर ढकने का स्थान उपलब्ध कराना है। हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 94000 आवास मिले हैं। केंद्र सरकार की इस योजना से प्रदेश के गरीबों के जीवन में एक नया उजाला आने की उम्मीद थी, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार की भाई-भतीजावाद और लेटलतीफी की नीति ने इस योजना को धीमा कर दिया है। यह बात प्रदेश भाजपा सह प्रवक्ता रजत ठाकुर ने कही। हम प्रदेश की कांग्रेस सरकार से अपील करते हैं कि वह भाई-भतीजावाद और भेदभावपूर्ण नीतियों को छोड़कर, ईमानदारी और पारदर्शिता से इस योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे ताकि लोगों को जल्द से जल्द उनका घर मिल सके।

### नशे के खिलाफ समाज की एकजुटता जरूरी



**सरकाघाट।** नशा मुक्त धर्मपुर अभियान के तहत मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर, विजय मेमोरियल पब्लिक स्कूल धर्मपुर और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुर स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें अभियान समिति के खंड अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, मंडी साक्षरता समिति की सचिव सुनीता विष्ट, प्रचार्या भोला दत्त कश्यप, ज्ञान विज्ञान समिति राज्य कमेटी सदस्य व पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह, अंतिम कुमार और ऋत्विक कुमार ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया। वहीं पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है और उसके लिए गांव-गांव निगरानी रखने के लिए कमेटियां गठित करने की जरूरत है।

### पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी गठित, बैठक 24 को



**अनंत ज्ञान, कोटली।** राजकीय महाविद्यालय कोटली में वर्ष 2024-25 के लिए भूतपूर्व छात्र संगठन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें योगेश कुमार को प्रधान, नेहा कुमारी को उपप्रधान, मनोहर को सचिव, बनिता को संयुक्त सचिव तथा राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्राचार्य प्रियदर्शिनी ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों तथा सदस्यों को महाविद्यालय के कुशल संचालन में सहयोग व मार्गदर्शन देने की अपील की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की शनिवार को निर्धारित पीटीए की आम सभा की वार्षिक बैठक को कोरम पूरा न होने के कारण टाल दी गई है। अब यह बैठक आगामी 24 सितंबर मंगलवार को होगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** समेकित बाल विकास परियोजना सराज ने सम्बन्धित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ की भर्ती को लेकर आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी सराज स्थित जंजेहली के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोमगाड़ के चलौट और ग्राम पंचायत बसूट के बिझर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत थाचाधार के रामपुर और शुकाड़ में वह ग्राम पंचायत थाटा के ओखली और भेखली में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए 18 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बीच रखी गई है। दोनों पदों के लिए उम्मीदवार +2 उत्तीर्ण होना चाहिए और वार्षिक आय 50 हजार से ऊपर नहीं होनी चाहिए।

### अनिता शर्मा बतौर सहायक प्रोफेसर देंगी सेवाएं



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट तहसील के गांव तंदोह, पंचायत पिंगला की अनिता शर्मा पुत्री बिरी दत्त ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूजीसी नेट की परीक्षा इतिहास में अगस्त महीने में उत्तीर्ण कर ली थी और अब हाल ही में इन्होंने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा एचपीएसईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करके इलाके का नाम रोशन किया है। अनिता ने अपनी बारहवीं तक की पढ़ाई जीएसएस भद्रवाड़ से की है। अनिता के पिता का कहना है की इनकी बच्ची शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और हमें अपनी बेटी पर गर्व है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में शनिवार को सड़क सुरक्षा के विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सिस्टर बीके कमल, फाउंडर सदस्य, यातायात प्रभाग राजयोग शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान माउंट आबू से उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के प्रो. विधु भारद्वाज, प्रो. डॉ. स्मृति, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. ममता देवी, और प्रो. बिमला शर्मा सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बगी तुंगल में लगाया डिजिटल साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कोटली द्वारा कोटली के बगी तुंगल में डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगदेव कुमार प्रबंधक, शाखा कोटली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस शिविर में लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं एनआरएलएम, एसएचजी, केसीसी,हाउस लोन, व्हीकल लोन की जानकारी दी गई। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रहीं पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, व एपीवाई योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ इन योजनाओं के तहत खाते भी खोले गए।

### बिजली बिलों का 27 सितंबर तक करना होगा भुगतान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल ई. नरेश ठाकुर उपमंडल संख्या मंडी के अंतर्गत आने वाले लोअर और अप्पर समखेतर, गोल पौढ़ी, हॉस्पिटल रोड, गणपति रोड, पैलेस कॉलोनी, नर्सिंग होस्टल, जोनल हॉस्पिटल, सैण मोहल्ला, सैणमट, मीट मर्केट, मोती बाज़ार, नेशनल स्ट्रीट, तुंगल कॉलोनी, टाउन हॉल, ट्रेज़री ऑफिस, वेलफेयर ऑफिस, बालकरूपी, खत्रीसभा, बंगला मोहल्ला, सेरी बाज़ार, महाजन बाज़ार, इंदिरा मार्किट, पोस्ट ऑफिस रोड, सुहड़ा मोहल्ला, रवि नगर, डीसी ऑफिस, भगवाहन मोहल्ला, चौबाटा बाजार, रामनगर, थनेहरा मोहल्ला, उप्पर व लोअर सन्यारड, अप्पर व लोअर मंगवाईं, पुलघराट, अप्पर व लोअर पड्डल, बस स्टैंड, मोतीपुर, कांगणी धार, महामृत्युंजय मंदिर, तहसील कार्यालय, विश्वकर्मा मंदिर, टारना हिल, जेल रोड, त्वाम्बडा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दो अम्ब, पंजेठी के सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने सितंबर महीने तक के लम्बित बिजली बिलों का भुगतान 27 सितंबर तक कर दें।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में साक्षात्कार 24 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई जोगिंद्रनगर में आगामी 24 सितंबर 2024 को हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड के सौजन्य से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इस साक्षात्कार में विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आईटीआई से उत्तीर्ण छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 40 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें कुक के 10 पद, कारपेंटर के 6, प्लंबर के 6, इलेक्ट्रीशियन के 4, फिटर के 6, वेल्डर के 2, टर्नर के 2, नर्स के 2 और फार्मासिस्ट के 2 पद शामिल हैं।

# सिद्धपुर में भीषण आग लगने से 3 दुकानें और रिहायशी मकान राख

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

उपमंडल मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर सिद्धपुर पंचायत में आग लगने की घटना में तीन दुकानें और दो रिहायशी सेट स्वाहा हो गए। इन दुकानों के अंदर रखा लाखों का सामान भी राख बन गया। जबकि एक दुकान के ऊपर बने टू रूम सेट भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

शनिवार सुबह करीब छह बजे पंकज कुमार पुत्र ज्ञान चंद ने देखा कि दुकान के अंदर से धुंआ निकल रहा है। उसने सहायता के लिए पड़ोसियों को बुलाया। लोगों ने आग बुझाने की भरसक कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलते ही सात बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने घटनास्थल पर पहुंच कर तेज़ी से फैल रही आग पर काबू पाया।



दुकान में लगी हुई आग का दृश्य, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर फायर ब्रिगेड कर्मी समय पर न पहुंचते तो आग दूसरी दुकानों और रिहायशी घरों में फैल कर भारी नुक्सान पहुंचा सकती थी। अग्निकांड के कारण तीन परिवार रोजी रोटी का साधन खो चुके हैं। प्रभावित परिवारों पंकज कुमार पुत्र ज्ञान चंद, किशोरी लाल पुत्र उमासुत और संजय कुमार पुत्र उमासुत की दुकानें जल जाने से लाखों की चपत लगी है। पंकज कुमार अपनी दुकान में जनरल स्टोर और गिफ्ट सेंटर चलाता था जिसमें करीब 16 -17 लाख का सामान पड़ा था। दुकान के ऊपर बने रिहायशी मकान को भी भारी नुक्सान पहुंचा है। पंचायत प्रधान रीता ठाकुर ने बताया कि प्रभावित परिवार दुकान चला कर अपने परिवार का पेट पालते थे लेकिन अब संकट पैदा हो गया है। स्थानीय प्रशासन की ओर से तीनों परिवारों को पांच पांच हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है। (अनंत ज्ञान)

# सीवरेज लीकेज से नगर परिषद जोगिंद्रनगर में पीलिया का कहर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड 2 गरौरु में सीवरेज लीकेज से फैले पीलिया रोग से जनता का गुस्सा फूट पड़ा।



धरना प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

नगर परिषद की अध्यक्षा ममता कपूर, उपाध्यक्ष अजय धरवाल और पार्षद राजीव कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जल शक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव किया और उपमंडलाधिकारी नागरिक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने कहा कि पीलिया का प्रकोप पीने के पानी में सीवरेज की गंदगी मिलने के कारण फैला है। सीवरेज चैंबरों की लीकेज और जर्जर हो चुकी पानी की पाइपों के फटने से पानी दूषित हो रहा है, चार लोगों की जान जा चुकी है।

## वार्ड 2 गरोड़ु में गंभीर हालात, जीवन खतरे में

**धरवाल** ने बताया कि नगर परिषद के वार्ड 2 गरोड़ु में हालात और भी गंभीर हैं, जहां सीवरेज चैंबर लीक हो रहे हैं और गंदगी नालियों और नालों के माध्यम से रणा खड़ तक पहुंच रही है। रणा खड़ से कई क्षेत्रों में पीने का पानी सप्लाई होता है, जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है।

## .जल शक्ति विभाग पर लापरवाही का आरोप

लोगों ने जल शक्ति विभाग पर आरोप लगाया कि इतने गंभीर हालात के बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। नगर परिषद ने पहले ही सीवरेज सुधार के लिए विभाग को 2 करोड़ रुपये और 10 लाख रुपये की नई पाइपें उपलब्ध करवाई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जनता ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते विभाग ने कार्रवाई नहीं की, तो पीलिया का प्रकोप और बढ़ सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## नवनियुक्त जेबीटी सीख रहे शिक्षण की बारीकियां

**मंडी।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्राथमिक पाठशालाओं में नवनियुक्त कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों का इंडक्शन प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। इस कड़ी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान समग्र शिक्षा डाईट मंडी में जिला मंडी के लगभग 236 शिक्षक प्रतिभागी प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

शिक्षक प्रशिक्षक प्रभारी धर्मवीर राणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में नवनियुक्त कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों को शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली, नवीन शिक्षण शास्त्र की तकनीकों सहित आदि का विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेते नवनियुक्त जेबीटी व मुख्य स्त्रोत व्यक्ति।

## शिक्षकों के प्रति छात्रों का व्यवहार अशोभनीय : बनीता

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की राज्य अध्यक्षा डॉ. बनीता सकलानी ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज, संजौली की घटना की निंदा करते हुए शिक्षकों के प्रति छात्रों के व्यवहार को अशोभनीय करार देते हुए दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताया।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में सभी को मर्यादा में रहकर व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कॉलेज प्रशासन और प्राध्यापकों के साथ दृढ़ता से खड़े रहने का वचन दिया। वहीं इस तरह की व्यवहार करना बेहद निंदनीय है।

# ख्योड मेले में नो एंट्री.. पर जमकर नाचे दर्शक

**सुनील शर्मा, गोहर**

जिला स्तरीय ख्योड नलवाड़ मेले की चौथी सांस्कृतिक में संध्या हिमाचल की लोक गायिका राखी गौतम ने जमकर दर्शकों को नचाया। चौथी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पंचायत समिति गोहर की अध्यक्षा कल्पना ठाकुर ने शिरकत की।

संध्या की पहली प्रस्तुति जेठू राम शाला के मिले जुले गीतों के नाम रही। आदर्श कला केंद्र चैलचौक की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रही। निर्मला देवी बिलासपुर ने चौथी संध्या में बिलासपुरी तड़का लगाकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। नवीन का डांस भी मंत्रमुग्ध कर गया। विशाल कुमार देलग टिकरी ने अपने पहाड़ी और पंजाबी गीतों से सबका मन मोहा।

सुमन शर्मा ने भी पंजाबी और पहाड़ी गीतों से दर्शकों को नचाया। सेमी स्टार मोहन गुलेरिया और हेमराज ने नॉन स्टॉप गीतों से धमाल मचाया। रात नौ बजे स्टार कलाकार राखी गौतम ने लड़का आंख मारे, नो एंट्री आदि गाकर ख्योड वासियों को जमकर नचाया।(अनंत ज्ञान)

# पर्यावरण के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

**आदर्श यादव, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैरामसीत में अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस तथा स्वछता पखवाड़े के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' थीम के तहत बेकार सामग्री से बनाई गई, छोटी-छोटी चीजों को फिर से उपयोग में लाना था। साथ ही कार्यशाला में बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा बेकार सामग्री से खिलौने व घर की सजावट का सामान तैयार किया गया।




मैरामसीत स्कूल में कार्यशाला के दौरान वेस्ट सामग्री से बनाई गई कृतियों को प्रदर्शित करते बीएड प्रशिक्षु एवं अन्य चित्र में।

कार्यशाला के माध्यम से बीएड प्रशिक्षु न केवल अपने कला तथा रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने में सफल रहे, बल्कि इन्होंने पर्यावरण के प्रति भी सजग रहने का संदेश दिया। क्योंकि स्वच्छता से ही स्वच्छ जीवन जी सकते हैं।

कार्यशाला में विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल अंजू धीमान व अन्य अध्यापक तथा अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड प्रशिक्षुओं के साथ आये उनके टीचर एजुकेटर अरुण व शशिकांत शर्मा भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सोनम वांगचुक लद्दाख से पहुंचे मंडी

**पुष्पराज, मंडी**

सोनम वांगचुक की पदयात्रा शनिवार को मंडी पहुंची और उनके समर्थन में मंडी के ग्रामीण लोग और बहुत से पर्यावरण प्रेमी उतरे। सोनम वांगचुक ने लद्दाख के लोगों की मांगों को लेकर लेह से दिल्ली तक की पदयात्रा शुरू की है। इस दौरान उन्होंने हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में विश्राम किया और पत्रकार वार्ता की और उसके बाद पदयात्रा नेरचौक की तरफ रवाना हुई।



सोनम वांगचुक के समर्थन में नारे लगाते हुए लोग ।

सोनम वांगचुक ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो 5 साल पहले चुनावों के समय जनता से वायदे किए हैं उन्हें पूरा करना चाहिए। लद्दाख के युवाओं और देश के युवाओं की उम्मीद पर केंद्र सरकार खरा उतरे। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज यात्रा का 21वां दिन है।

इस दौरान उन्होंने क्लाइमेंट क्लॉक के माध्यम से भी लोगों को बताया की हिमालय में किस तरह से प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। जिसको अगर जल्द नहीं रोका तो फिर प्रलय के लिए भी सभी तैयार रहे। उन्होंने क्लाइमेट क्लॉक के माध्यम से बताया कि हमारे पास केवल 4 साल 303 दिन ही है जिसमें हमें पर्यावरण को बचाने के लिए नीतियां बनानी होगी। यदि यह तापमान 1.5 तक पहुंच गया तो इसके बाद वातावरण को नियंत्रित नहीं किया जा सकता।(अनंत ज्ञान)

## राहुल पर टिप्पणी भाजपा की 'सोची-समझी चाल' : राकेश



**जोगिंद्रनगर।** कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी पर किए गए उग्रवादी टिप्पणियों और जान से मारने की धमकियां भाजपा की 'सोची-समझी चाल' का हिस्सा हैं। राकेश चौहान सचिव हिमाचल प्रदेश ने कहा कि ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जा सके।

# गीतों से किया स्वच्छता पर जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी**

स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रमों के अंतर्गत नगर निगम के नेला वार्ड में शिला कीपड़ स्थित फूटबाल अकादमी में आयोजित किया गया। इस में महिला मंडल शिल्हा कीपड़, नेला, चड्याना व माध्यमिक पाठशाला शिल्हाकिपड़ के स्टाफ व छात्रों ने भाग लिया।

महिला मंडलों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु गीत प्रस्तुत किये। स्कूली बच्चों ने हाथ धोने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम के अंत में एक रैली का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पार्षद राजेन्द्र मोहन, नामित पार्षद दिनेश पटियाल व नगर निगम के एसडीओ जसवाल ने पखवाड़े की पूरी जानकारी दी।



नेला वार्ड में महिला मंडलों व बच्चों की स्वच्छता जागरूकता रैली।

## खिलाड़ियों को बताया मार्शल आर्ट का महत्व

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पांचवी राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ माता भीमाकाली मंदिर परिसर, भयूली मंडी में शुरू हुआ। हिमाचल प्रदेश पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप मे जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने शिरकत की।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पाल वर्मा व अन्य ।

इस दौरान प्रदेश पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के चेयरमैन एचडी पंचानी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, बृज लाल चौहान, महासचिव मोहम्मद जावेद, सदस्य रोहन, नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट का महत्व समझाते हुए बताया कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा की कला के साथ-साथ खेल के रूप मे भी खेला जाता है।

## राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी सिया



**सरकाघाट।** 5 से 9 अक्टूबर तक शिमला के सुन्नी में आयोजित होने वाली अंडर 14 राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्थानीय आरके इंटरनेशनल स्कूल नबाही की आठवीं कक्षा की छात्रा सिया ठाकुर का चयन हुआ है।सिया ठाकुर के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुए चयन को लेकर स्कूल के प्रबंधन, प्रिंसिपल, स्टाफ और अभिभावकों ने बधाई दी है और उसके बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की है।

# डयोड टनल धंसने से 2 पंचायतों के लोग प्रभावित

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

दरंग विधायक पुरन चंद ठाकुर ने बहुचर्चित गड्डे स्थल हटोण का दौरा किया। जहां उन्हें पीड़ित परिवारों का कुशलक्षेम जानते हुए उनका दर्द साझा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को अपनी और सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया।



पीड़ित लोगों के का दुख बांटते द्रंग के विधायक पूरन चंद।

उन्होंने इस हादसे के लिए एनएचएआई को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा एनएचएआई के कर्मचारी अधिकारी किसी की नहीं सुनते है। इन्होंने मंडी से पड़ोह सड़क मार्ग को भी चलती फिरती मौत बना दिया है। उन्होंने कहा कि इनकी शिकायत केंद्रीय मंत्री से की जाएगी। उन्होंने कहा कि डयोड टनल के धंसने के कारण आज मेरे दो पंचायत के 5 हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं। हटौण सड़क बंद होने से मुथल गांव के लोगों को 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। भावस और भौस गांव के लोग परेशान हैं।

डयोड और हटोण गांव की जमीन ही धंस रही है। 8 घरों के लोग बेघर हुए हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सर्वप्रथम पीड़ित परिवारों को राहत राशि और इनके रहने के लिए सुरक्षित व्यवस्था की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता को मौका पर मुथल और हटौण गांव की सड़कों को बहाली तथा गड्ढे वाले स्थान पर उच्च तकनीक की ट्रेन निर्मित करने के भी आदेश दिए।

**सफलता** कृषि प्रोत्साहन योजनाओं ने खत्म की पेंशन की टेंशन

# दुनीचंद ने बंजर भूमि से एक साल में कमाए चार लाख

**अनंत ज्ञान, पधर**

सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं से मंडी जिला के किसान सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। पधर उपमंडल के गांव मसेरन के दुनी चंद ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं को अपनाकर खेती से एक साल में ही लगभग 4 लाख की कमाई अर्जित की है।

हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड से वर्ष 2020 में सेवानिवृत होने के बाद पेंशन न होने के कारण जब उनके पास परिवार के भरण-पोषण का कोई जरिया न रहा तो वह खेती करके आय का स्रोत ढूंढने लगे। परन्तु बंदरों, आवारा पशुओं और जंगली जानवरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने के कारण इसमें सफल नहीं हो पाए। ऐसी मायूसी में जब उन्हें एक किसान जागरूकता शिविर में कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिली तो उन्होंने खेतों की बाड़बंदी के लिए आवेदन किया। उनका आवेदन स्वीकार होने पर मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना से उनकी 4 बीघा जमीन की बाड़बंदी हो गई। इसके उपरांत खेती का कार्य शुरू करने पर उन्होंने पक्षियों और ओलों से फसल को बचाने के लिए कृषि उत्पाद संरक्षण योजना से एंटी हेलनेट लगवाया और बेमौसमी सब्जी उत्पादन के लिए पॉलीहाऊस भी लगवा लिया।



दुनी चंद का कहना है कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्होंने ऐसी जमीन पर जिस पर खेती करने से अभी तक शून्य कमाई हो रही थी, वहां एक साल में ही 4 लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित कर ली। उन्होंने पॉलीहाऊस में विभिन्न बेमौसमी फसलें, एंटी हेलनेट में प्राकृतिक खेती से मौसमी सब्जियां तथा कोदरा, माह और मक्की की खेती की।

## प्रदेश सरकार की योजनाएं बनीं वरदान

**दुनी** चंद ने बताया कि वह कृषि विभाग से मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना, मुख्यमंत्री नूतन पॉलीहाऊस योजना और कृषि उत्पादन संरक्षण योजना का लाभ लेकर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इससे पहले खेती से कोई आय नहीं हो रही थी, लेकिन प्रदेश सरकार की योजनाएं उनके लिए वरदान साबित हुई हैं। वर्तमान में उन्होंने पॉलीहाउस में टमाटर, खीरा और शिमला मिर्च की फसल उगाई है। नेट के अन्दर टमाटर लगाया है। खेत में तैयार सभी सब्जियां व अन्य फसलें खेत में ही बिक जाती हैं।

# रैली निकालकर सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, देलू जोगिंद्रनगर के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा एक भव्य सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया।

यह रैली कन्या पाठशाला से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र तक पहुंची। रैली में 40 मोटरसाइकिल, 100 पैदल यात्री और 50 कन्या पाठशाला की छात्राएं शामिल हुईं। माननीय थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उप प्रधानाचार्य खजान सिंह ने इस कार्य की सराहना की।

रैली के दौरान यात्रियों ने गीतों और स्लोगनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाया। सेवाकेंद्र में कुमारी कमल जी ने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा दिलाई। मुख्यातिथि सकीनी कपूर ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन जीवन के लिए गंभीर सजा बन सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भंजाल स्कूल में लगा एनएसएस शिविर और कार्यशाला




**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक भंजाल में एनएसएस का एकदिवसीय शिविर और कार्यशाला आयोजित की गई। शिविर के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पाठशाला के खेल के मैदान की सफाई की। इस अवसर पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा लेक्चरर अनु शर्मा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुमारी, राजन कुमार, शकुंतला कुमारी, रामिका कुमारी, विनोद कुमार, अधीक्षक रजनी शर्मा, सुरेश ठाकुर, संदीप कुमार, रमणीक बंसल, शिव कुमार सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### 30 को डाकघर ऊना मंडल में लगेगी पेंशन अदालत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मंडल ऊना के डाकघर अधीक्षक ने बताया कि डाकघर ऊना मंडल में 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे पेंशन अदालत लगेगी। पेंशन अदालत में पेंशन भोगियों और डाक फैमिली पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति की पेंशन संबंधी कोई शिकायत है तो वे अधीक्षक डाकघर ऊना मंडल को भेजना सुनिश्चित करें।

### शिल्पा पोस्टर मेकिंग और भाषण में प्रथम



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा रहे। इस दौरान भिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में शिल्पा सोढ़ी ने प्रथम, आंचल ने दूसरा और आदित्य ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में शिल्पा सोढ़ी ने प्रथम, निशा ने दूसरा और सिमरप्रीत ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के संयोजक रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस तथा रेंजर लीडर डॉ. रंजू बनोटा रही। इस अवसर पर लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे। बंशिका और काजल ने भांगड़ा की परफॉर्मेंस दी। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. पवित्रा दुलारी, डॉ. विपुल गौतम और डॉ. विकास सैनी ने जजेस की भूमिका निभाई।

### नई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** समेकित बाल विकास परियोजना ऊना और हरोली में नई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 'आंगनबाड़ी केंद्र प्रबंधन' के तहत प्रशिक्षण शिविर कल्याण भवन में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र प्रबंधन में ध्यान रखने योग्य चीजों बारे भी अवगत करवाया। हरोली प्रोजेक्ट से पर्यवेक्षक नीलम कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र प्रबंधन में कार्यकर्ताओं को जागरूक किया तथा ऊना प्रोजेक्ट से पर्यवेक्षक नानकी देवी ने रिपोर्टिंग के बारे में जागरूक किया। शिविर में पोषण अभियान के जिला समन्वयक मंजूर अहमद खान और खंड समन्वयक गुरमुख सिंह ने पोषण ट्रैक्कर के बारे में कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक इशा चौधरी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर सीडीपीओ हरोली, सेवानिवृत्त सीडीपीओ कुलदीप सिंह दयाल, ऊना और हरोली प्रोजेक्ट के पर्यवेक्षक सहित नई कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

### नंगल जरियालां में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित स्टाफ सदस्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवियों को स्वच्छता ही सेवा के तहत शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे न केवल समाज सेवा में भाग लें, बल्कि इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारियों सुशील जरियाल व रीमा देवी के साथ विजय ठाकुर, अशोक राणा, संदीप लट्ठ, राजीव ठाकुर, धीरज दत्त शर्मा, सतनाम परमार, रणजोध परमार, कमलेश कुमारी, सुरजीत कुमार, सतीश कुमार सहित स्वयंसेवी उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर ध्यान देंगे और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

### रायसरी में एनएसएस शिविर में की सफाई



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी में एकदिवसीय एनएसएस का शिविर आयोजित हुआ। शिविर में स्कूल की क्यारियों की साफ सफाई की गई। स्कूल के आसपास की सफाई भी की गई। यह सारा कार्य प्रोग्राम ऑफिसर अनिल कुमार और सुमन भारद्वाज की देखरेख में हुआ प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने बच्चों को एनएसएस का उद्देश्य और लक्ष्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा की एनएसएस आपस में मेलजोल बढ़ाता है। जब इकट्ठे होकर कोई कार्य करते हैं तो आपसी इंटरेक्शन से ज्ञान में भी वृद्धि होती है। इस कार्यक्रम में समुदाय को भी साथ जोड़ा जाता है ताकि अध्यापक अभिभावक और बच्चे एक दूसरे को समझ कर शिक्षा का असली उद्देश्य प्राप्त कर सकें। बच्चों ने समापन समारोह में एनएसएस गीत गाया तथा कई बच्चों ने देशभक्ति और धार्मिक प्रस्तुतियां भी दीं।

# अज्ञात चोरों ने एक ही रात में गगरेट कस्बे में तोड़े पांच दुकानों के ताले

## मंगे दी हट्टी के ताले तोड़कर एक लाख रुपए से अधिक की नकदी व कपड़े उड़ा ले गए अज्ञात चोर

**सन्नी पुरी, गगरेट**

अज्ञात चोरों को गगरेट कस्बा ऐसा रास आया है कि यहां बार-बार हाथ आजमाने से अज्ञात चोर बाज नहीं आ रहे हैं। हैरत की बात यह है कि गगरेट पुलिस रात्रि गश्त के दावे करती है, लेकिन पुलिस प्रशासन की नाक तले ही अज्ञात चोर शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि गगरेट कस्बे की करीब पांच दुकानों को निशाना बना गए।

इस दौरान चार दुकानों से तो कुछ खास चोरी नहीं हुआ बल्कि एक दुकान से नकदी सहित अन्य सामान चोर उड़ा ले गए। चोर इतने शातिर थे कि उक्त दुकान पर लगी सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी साथ ले गए, जो शनिवार सुबह साथ लगती खड्ड से बरामद हुई। गगरेट पुलिस को इस बावत मिली शिकायतों के बावजूद अभी तक मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

पिछले कुछ दिनों से गगरेट कस्बे में अज्ञात चोरों ने ऐसी दहशत फैलाई है कि आए दिन किसी न किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान को अज्ञात चोर निशाना बना रहे हैं। शुक्रवार-शनिवार मध्य रात्रि भी अज्ञात चोरों ने दौलतपुर रोड पर स्थित दो दुकानों के ताले तोड़ने के प्रयास किए तो होशियारपुर रोड पर एक दुकान के ताले तोड़ने के साथ शिवबाड़ी के समीप भी एक दुकान के ताले तोड़ डाले। बेशक यहां से चोर कुछ ज्यादा माल उड़ाने में कामयाब नहीं हुए, लेकिन भरवाईं रोड स्थित मंगे दी हट्टी के ताले तोड़कर चोर गल्ले में पड़ी करीब एक लाख रुपए से अधिक की नकदी व दुकान में पड़े लेडीज सूट उड़ा ले गए।



सीसीटीवी में कैद संदिग्ध।

चोर इतने शातिर थे कि वे अपने साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग रखने वाले डीवीआर को भी साथ ले गए। शनिवार सुबह जब दुकानदार दुकानों पर पहुंचे तो शटरों के ताले टूटे देखकर दंग रह गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थलों पर पहुंची तो मंगे दी हट्टी से चुराई गई डीवीआर दुकान से कुछ दूरी में खड्डु में पड़ी मिली। इसके साथ कुछ लेडीज सूट भी थे। उधर, दौलतपुर चौक रोड पर कंफेक्शनरी की दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में एक सरदार युवक आपत्तिजनक स्थिति में दुकान के बाहर खड़ा रिकार्ड हुआ है। कुछ दिन पहले मंगे दी हट्टी के बाहर से अज्ञात चोर स्कूटी उड़ा ले गए थे। इसकी लिखित शिकायत भी गगरेट पुलिस थाना में दी गई थी। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। बाद में अंब पुलिस ने उक्त स्कूटी भंजाल में बरामद की। स्कूटी उड़ाते भी एक युवक सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुआ लेकिन उसे पूछताछ के लिए भी पुलिस थाना नहीं बुलाया गया। गत दिनों गगरेट के टेढ़ा राह पर स्थित एक दुकान की शीट उखाड़कर भी अज्ञात चोर दुकान में घुस गए थे तो ऊना रोड पर स्थित एक दुकान से बाहर से अज्ञात चोर स्कूटी उड़ा ले गए। कस्बे में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों में भी रोष पनप रहा है।

उधर, एसपी ऊना राकेश सिंह का कहना है कि फोर्स के लिहाज से गश्त की जा रही है। जहां तक चोरी के मामलों की बात है तो पुलिस चोरों को पकड़ भी रही है। पिछले दिनों ही गगरेट पुलिस ने चोर गिरोह को पकड़ा है। इन मामलों में भी पुलिस गहनता से जांच करेगी। (अनंत ज्ञान)

# राहुल गांधी के बयान को लेकर ऊना में धरना-प्रदर्शन



भाजपा के धरना प्रदर्शन में शामिल विधायक सतपाल सत्ती और नेता जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में सिख समुदाय को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी उग्र है। ऊना जिला भाजपा में भी इस मुद्दे को लेकर जो भावना नेताओं की थी, उसमें काफी उबाल देखा जा रहा है।

शनिवार को जिला भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ एमसी पार्क के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, स्थानीय विधायक सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, हरोली भाजपा नेता राम कुमार, जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया, शाम मिन्हास, मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल, रविंद्र द्विवेदी, चरणजीत शर्मा व पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहे राहुल गांधी भारत में सिख और हिंदू भाईचारे को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल गांधी आरोप लगाते हैं कि सिखों को गुरुद्वारों में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा पगड़ी और कड़ा पहनने पर ऐतराज जताया जा रहा है। राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी का विरोध करते-करते पूरे देश का ही विरोध करने लग गए हैं।

भाजपा ने मांग की है कि राहुल गांधी बिना शर्त देशवासियों से अपने इस बयान के लिए माफी मांगें। खुद कांग्रेस पार्टी का इतिहास सिख समुदाय के खून से सना हुआ है। 80 के दशक में कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया था आज तक कोई नहीं भूला है।

## सहायता राशि दी



दौलतपुर चौक। लांस नायक करम सिंह ने सैनिक कैंटीन दौलतपुर चौक में एक कार्यक्रम में 25 पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। यह कार्यक्रम कैंटीन मैनेजर सूबेदार मेजर सतनाम सिंह कौशल की अगुवाई में हुआ। इस मौके पर सूबेदार मेजर सतनाम सिंह कौशल ने पूर्व सैनिकों के परिवार को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 25 परिवारों को करीब 2.5 लाख रुपए की राशि के दस-दस हज़ार रुपए (प्रति व्यक्ति) के चेक सहायता राशि के रूप में वितरित किए गए। इस अवसर पर कै. रणजोध परमार, शविंद्र सिंह, बिंदु डडवाल, विजय कुमारी, राजेश कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# खाकी से बेखौफ, खुले में छलकते हैं जाम

**अनंत ज्ञान, घनारी**

जहां प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए हजारों रुपए खर्च कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में पोस्टरों और बैनरों द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

उधर, युवाओं को किस तरह नशे के जाल में धीरे-धीरे जकड़ा जा रहा है, इसका एक उदाहरण उपमंडल गगरेट के ग्रामीण क्षेत्र में शाम ढलते ही सड़कों के किनारे खाली पड़ी जगहों पर शराबियों की महफिलों से साफ है। शराब की तलब इन लाल परी के दीवानों के सर चढ़कर यूं बोलता दिखता है, मानो इनका ही साम्राज्य समूचे क्षेत्र में हो। गगरेट क्षेत्र के तहसील घनारी दियोली गांव की सीमा पर एक प्रवासी द्वारा रेहड़ी के आसपास पियक्कड़ों को खाकी से बेखौफ होकर जाम का आनंद लेते देखा जा सकता है। लंबे समय से यह कार्य इसी तरह चलता आ रहा है, जहां तक कि आज दिन तक इस प्रवासी की रजिस्ट्रेशन कहीं भी नहीं हुई है। बता दें लगभग देर रात तक इसी तरह पियक्कड़ों की महिफल लगी रहती हैं। इसकी सूचना कई बार ग्राम पंचायत प्रधान को मौलिक रूप से दी गई है परंतु इस तरह खुले में बैठे पियक्कड़ों पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं हुई।



गगरेट के समीप खुली जगह पियक्कड़ और नशेड़ी महफिल सजाए हुए।

**गगरेट के आसपास शाम ढलते ही शुरू हो जाती है नशेड़ियों की महफिलें**

पियक्कड़ों की इस बढ़ती झुंडों की शिकायत 1100 पर भी की गई परंतु फिर भी इस पर कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक कार्यशैली पर सवालिया निशान लगता नजर आता है। इस तस्वीर से इन पियक्कड़ों की करतूत स्पष्ट उजागर होती है, वहीं इनकी महफिलों के स्थान के साथ गांव को जाने वाले रास्तों पर बच्चे, महिलाएं व आम ग्रामीण जाने में भय भी महसूस करता है।

शाम ढलते ही खुलेआम शराब गटकना जहां ग्रामीण वातावरण के कतई ठीक नहीं कहा जा सकता, वहीं आईपीसी के अनुसार भी ऐसा कृत्य खुले में शराब पिया जाना गलत है, लेकिन ऐसे बढ़ते प्रचलन को लेकर स्थानीय पंचायतें मूकदर्शक बनी हुई हैं। इस बारे में डीएसपी वसुधा सूद ने कहा की अगर ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में जब एक्साइज विभाग ऊना टिकम राम ठाकुर से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जो भी उचित कार्रवाई होगी, जल्द की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय श्रीरेणुका मेले का राजनीतिकरण बंद करे कांग्रेस : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा सिरमौर भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अंतरराष्ट्रीय मेला श्रीरेणुका जी का राजनीतिकरण करना बंद करे क्योंकि यह मेला धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस मेले का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।



रावत ने बताया कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार होती है तो रेणुका विकास बोर्ड का अध्यक्ष उपायुक्त सिरमौर होता है और जब प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो रेणुका विकास बोर्ड की सारी परंपरा तोड़कर रेणुका के कांग्रेसी विधायक विनय कुमार स्वयं रेणुका विकास बोर्ड के अध्यक्ष बन जाते हैं, जिससे अंतराष्ट्रीय मेले का राजनेतिकरण हो जाता है। रावत ने बताया कि नियम अनुसार मेले का संचालन डीसी के हाथ में होना चाहिए ताकि मेले का राजनीतिकरण न हो।

## श्रम अधिकारी जितेंद्र बिंद्रा के निधन से शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सोलन के बद्दी में बतौर जिला श्रम अधिकारी के पद पर तैनात जितेंद्र बिंद्रा का निधन हो गया है। उन्होंने पीजीआई चंडीगढ़ में शनिवार सुबह अंतिम सांस ली। उनके अचानक निधन से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत जितेंद्र बिंद्रा का हाल ही में नाहन से बद्दी के लिए स्थानांतरण हुआ था।

जानकारी के अनुसार बिंद्रा डेंगू से पीड़ित चल रहे थे। ज्यादा तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जितेंद्र बिंद्रा अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। बिंद्रा के असामयिक निधन से समूचे नाहन शहर में शोक की लहर है।

बता दें कि दिवंगत बिंद्रा ने अपने करियर की शुरुआत अधिवक्ता के तौर पर की थी। बाद में उन्होंने श्रम विभाग में अपनी सेवाओं की शुरुआत बतौर लेबर इंस्पेक्टर के पद से की। पिछले लंबे समय से वह जिला श्रम अधिकारी के पद पर तैनात थे। सिरमौर के जिला मुख्यालय नाहन से उनका तबादला पिछले माह बद्दी के लिए हुआ था।

## नई पहल : पिपली गांव में ड्रैगन फल की खेती से किसानों को मिली सफलता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

केंद्र द्वारा संचालित योजना मिशन फॉर इंटिग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के अंतर्गत उपमंडल बंगाणा की पंचायत मोमनियार के पिपली गांव के किसानों ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2023 में रोशन लाल, मदन लाल और अन्य किसानों की भूमि पर ड्रैगन फल की खेती की शुरुआत की गई थी, जिसमें 3300 पौधे लगाए गए थे। यह खेती फ्रंटलाइन डिमॉन्स्ट्रेशन के तहत की गई थी।

कृषक रोशन लाल बताते हैं कि सिर्फ एक साल के भीतर ही पौधों में फल आना शुरू हो गया। आज, इन फलों को बाजार में 80 से 100 रुपए प्रति फल के हिसाब से बेचा जा रहा है, जिससे उनकी अच्छी आय हो रही है।



ड्रैगन फल के साथ एसडीएम से मुलाकात करते किसान बागवान रोशन लाल।

इस सफलता की खुशी में रोशन लाल ने पहली बार उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल से मुलाकात की और उन्हें अपनी ड्रैगन फल की खेती का निरीक्षण करने का निमंत्रण दिया। रोशन लाल ने बताया कि यह वही भूमि है, जहां पहले घास भी नहीं हो पाती थी, लेकिन बागवानी विभाग बंगाणा की मदद से आज वहां ड्रैगन फल की खेती फल-फूल रही है। रोशन लाल ने बागवानी विभाग का धन्यवाद किया कि और कहा कि उनके अथक प्रयासों से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने अन्य किसानों को भी इस योजना से जुड़ने की सलाह दी ताकि वे भी इसका लाभ उठा सकें। (अनंत ज्ञान)

**पहल** सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत ऊना कॉलेज में लगा निशुल्क प्रशिक्षण कैंप

# लड़कियां सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर



ऊना के राजकीय महाविद्यालय परिसर में लड़कियां आत्मरक्षा के गुर सीखती हुईं।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन के महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को समर्पित विशेष कार्यक्रम 'सामर्थ्य' के तहत ऊना डिग्री कॉलेज में लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने को सात दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कैंप लगाया गया है। इसमें लड़कियों आत्मरक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मबल विकास और व्यावहारिक अनुभव का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

इस कैंप में भाग ले रही 60 लड़कियों को पुलिस विभाग के प्रशिक्षित ट्रेनर सब इंस्पेक्टर सुरेश पॉल और कांस्टेबल नीरज कुमार प्रशिक्षण दे रहे हैं। 16 सितंबर से आरंभ इस कैंप का समापन 23 सितंबर को होगा। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रशासन ने सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत लड़कियों को आत्मरक्षा गुर सिखाने को जिलेभर में कॉलेजों में निशुल्क प्रशिक्षण कैंप लगाने के लिए पहल की है। इसी कड़ी में ऊना डिग्री कॉलेज में यह कैंप लगाया गया है।

इन कैंप में प्रशिक्षित और अनुभवी विशेषज्ञ इन कैंपों में महिलाओं को आत्मरक्षा की तकनीकों में निपुण बनाएंगे, जिससे वे न केवल सशक्त होंगी, बल्कि आत्मनिर्भर और सुरक्षित भी महसूस करेंगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस प्रकार के प्रयासों से महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ ही समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

**कैंप में भाग लेने के लिए कराएं पंजीकरण**

उपायुक्त ने बताया कि इन प्रशिक्षण कैंप में स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ घरेलू और कामकाजी महिलाएं भी भाग ले सकती हैं। इसके लिए इच्छुक लड़कियां और महिलाएं अपने नजदीकी सरकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य से संपर्क करके अपना पंजीकरण करवा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 413 में भी संपर्क कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### रिश्वत लेने की आरोपी एचसीएस मीनाक्षी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** एक लाख रिश्वत मामले में फरार चल रही हरियाणा की एचसीएस अधिकारी मीनाक्षी दहिया को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया। दहिया को शनिवार सुबह ही पंचकूला के कोर्ट में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से दहिया को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दहिया पांच महीने से फरार थी। पंचकूला में 29 मई 2024 को सामने आए मामले में एसीबी ने फिशरी डिपार्टमेंट में तैनात महिला अधिकारी मीनाक्षी दहिया के कुक और अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि मीनाक्षी दहिया ने कुक के जरिये एक लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

### स्वास्थ्य सचिव ने 'रेड रन' को दिखाई हरी झंडी




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (सीएसएसीएस) ने आज चंडीगढ़ के सुखना झील पर एचआईवी/एड्स से निपटने के उद्देश्य से 5 किलोमीटर की जागरूकता दौड़ 'रेड रन' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। चंडीगढ़ के 25 कॉलेजों के लगभग 250 छात्रों ने इस दौड़ में भाग लिया, जिसका उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम को चंडीगढ़ प्रशासन के स्वास्थ्य सचिव अजय चगती, आईएएस और चंडीगढ़ प्रशासन के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. सुमन ने हरी झंडी दिखाई। स्वास्थ्य सचिव चगती ने छात्रों को इस महत्वपूर्ण पहल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सीएसएसीएस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने का आग्रह किया, साथ ही एचआईवी/एड्स से संबंधित किसी भी पूछताछ और जानकारी के लिए 24|7 राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 को भी बढ़ावा दिया। डॉ. सुमन ने पौष्टिक, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि स्वस्थ जीवन शैली के हिस्से के रूप में नशीली दवाओं और पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के महत्व पर जोर दिया। (अनंत ज्ञान)

### जींद में नाबालिग लड़की से कार में दुष्कर्म,

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले में नरवाना इलाके में एक नाबालिग लड़की को कार में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। महिला पुलिस थाने की प्रभारी मुकेश देवी ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग को इस बारे में बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। महिला पुलिस थाने ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर शनिवार को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) समेत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी पर मोहल्ले का ही रणजोत बुरी नजर रखे हुआ था और वह अक्सर उसका पीछा करता था। गत 27 जुलाई को आरोपी उसकी बेटी को अपनी कार में ले गया और किसी सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला पुलिस थाने ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर रणजोत के खिलाफ दुष्कर्म समेत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### योगी ने गोवंश को दिया भवानी और भोलू नाम



**उत्तर प्रदेश। सीएम** आदित्यनाथ योगी ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में दक्षिण से आए गोवंश को भवानी और भोलू नाम दिया है। सीएम ने उन्हें खूब दुलारा। गोसेवक मुख्यमंत्री के स्नेह से मात्र दो दिन में सुदूर से आए ये गोवंश उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं।

### यूक्रेन सरकार ने टेलीग्राम पर लगाया बैन

**यूक्रेन।** रूस से युद्ध के बीच यूक्रेन की सरकार ने टेलीग्राम पर बैन लगा दिया है। यूक्रेन सरकार ने कहा कि सेना के अधिकारियों का टेलीग्राम इस्तेमाल करना खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि रूस इसका इस्तेमाल जासूसी क लिए कर सकता है। यूक्रेन के नेशनल सिक्योरिटी ऐंड डिफेंस काउंसिल ने यह ऐलान किया है। इससे पहले यूक्रेन की जीयूआर मिलिटरी इंटेलिजेंस एजेंसी ने बताया था कि किस तरह रूस इस प्लेटफॉर्म में सेंध लगाने में सक्षम है।

### कानपुर में कार ने मंदिर के बाहर सो रहे दो को कुचला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के ग्वालटोली के आनंदेश्वर मंदिर के बाहर कार ने दो पति-पत्नी साधुओं की मौत हो गई है। कानपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति-पत्नी साधु मंदिर के बाहर भीख मांग कर अपना गुजारा करते थे। शनिवार सुबह मंदिर आए कार सवार ने कार को बैक करते समय उनको अपनी कार की चपेट में ले लिया और जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से भाग निकला।

### भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने बलात्कार, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के मामले में गिरफ्तार भाजपा विधायक मुनिरत्न को शनिवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुनिरत्न को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें पाराप्पना अग्रहारा स्थित केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय महिला की शिकायत के बाद विधायक सहित छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### मणिपुर के चुराचांदपुर में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर में पुलिस ने गोला-बारूद और रॉकेट जैसे अस्त्र बरामद किए हैं। पुलिस ने बातया कि समुलामलन में तलाश अभियान के दौरान गोला-बारूद और रॉकेट जैसे अस्त्र बरामद किए गए। मणिपुर में पिछले साल मई से मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### संदीप घोष के करीबी सहयोगी से पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई के अधिकारियों ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कथित करीबी एक अन्य चिकित्सक से शनिवार को पूछताछ की। बिरुपक्ष बिस्वास साल्ट लेक इलाके में सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में सीबीआई के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। बिस्वास को हाल ही में पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से दक्षिण 24 परगना जिले के सुदूर काकद्वीप अस्पताल में स्थानांतरित किया था।

### राहुल के खिलाफ भाजपा ने दर्ज करवाई शिकायत

**नई दिल्ली।** भाजपा अनुसूचित जाति (एससी) इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा, भाजपा सिख सेल के सदस्य चरणजीत सिंह लवली और पार्टी एसटी विंग के सदस्य सीएल मीना ने कांग्रेस नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने राहुल गांधी की हाल की अमेरिकी यात्रा के दौरान आरक्षण पर की गई टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दिल्ली में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### माकपा के वरिष्ठ नेता एमएम लॉरेंस का निधन

**कोच्चि।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता एम एम लॉरेंस का निधन हो गया है। वह 95 वर्ष के थे। लॉरेंस का एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह आयु संबंधी बीमारियों का पिछले करीब एक महीने से इलाज करा रहे थे।

# कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और पाकिस्तान का एजेंडा एक : अनुराग

**अनंत ज्ञान, जम्मू**

भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के तार सरहद पार पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं और इन सबका एजेंडा जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की दलदल में झोंकना है। क्योंकि गांधी, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने जम्मू-कश्मीर में कभी लोकतंत्र को पनपने नहीं दिया और यहां आतंकवाद की खेती करते रहे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोग अब पाकिस्तान के कहने पर वोट नहीं डालेंगे, बल्कि शांतिपूर्ण और खुशहाल जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे, जिसने जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को पेश किया।



अनुराग ठाकुर ने रियासी में पार्टी उम्मीदवार कुलदीप राज दुबे के समर्थन में पौनी, अर्नास और सुंगरी में, जबकि जम्मू साउथ-आरएसपुरा सीट से पार्टी उम्मीदवार डॉ. नरेंद्र सिंह ठाकुर के समर्थन में कई जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कभी जमीन तक नहीं पहुंचने दिया और 2002 के बाद जम्मू-कश्मीर को पंचायत चुनावों से भी वंचित रखा, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को लागू करते हुए तीन-स्तरीय पंचायत राज प्रणाली की स्थापना की गई।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस पार्टी को देश के टुकड़े करने वालों को चुनाव लड़ाना है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि अफजल गुरु की फांसी को रोकने के लिए आधी रात को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा? और ऐसी कौन सी मजबूरी है कि राहुल गांधी को अमेरिका जाकर सिख भाइयों का अपमान करना पड़ा? उन्होंने सभा में मौजूद सिख समुदाय से पूछा, 'क्या आपको पिछले दस वर्षों में किसी ने पगड़ी पहनने से रोका? किसी ने आपको गुरुद्वारे में जाने से रोका, किसी ने कड़ा पहनने से रोका?' उन्होंने कहा कि 1984 के दंगे राजीव गांधी के कहने पर हुए थे और सिख समुदाय पर अत्याचार की पराकाष्ठा कर दी गई थी। अनुराग ने कहा कि सिखों के हत्यारे अभी भी जिंदा हैं, जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार जैसे अपराधियों के खिलाफ एसआईटी जांच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठाई और सिखों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया शुरू की।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा है कि जो नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि धारा 370 वापस होनी चाहिए, वही पाकिस्तान का कहना है।

## प्रत्येक दांत के निशान के लिए दिया जाएगा 10,000 रुपए मुआवजा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

आवारा पशुओं या कुत्तों के काटने से पीड़ितों को मुआवजा देने को लेकर कमेटी की बैठक हुई। कमेटी ने फैसला किया है कि मुआवजा दो जुलाई के बाद के केसों में ही दिया जाएगा। इसके अलावा जितने भी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता हैं, उन सभी पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। सभी याचिकाकर्ताओं से मुआवजे के लिए आवेदन करने संबंधी एक नोटिस भी जारी किया जाएगा ताकि उन तक जानकारी पहुंच सके।

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर यूटी प्रशासन ने दो जुलाई 2024 को कमेटी का गठन किया। कमेटी की अध्यक्षता डीसी विनय प्रताप सिंह कर रहे हैं। कमेटी को ही पीड़ितों को मुआवजा देने को लेकर फैसला लेना है। कमेटी के पास मुआवजे के लिए 100 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं, लेकिन इनमें से दो जुलाई के बाद के 27 केस ही हैं, जिसमें से 24 केस के पास डीडीआर और मेडिकल रिपोर्ट मौजूद है। बाकी तीन केसों में डीडीआर कराने का सुझाव दिया गया है, ताकि वह मुआवजे से वंचित न रह जाए।



इसके अलावा जिन लोगों ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में केस किया है, उन सभी को मुआवजा दिया जाएगा। चाहे उनका केस किसी भी दिन का हो। साथ ही अगर कोई व्यक्ति पंजाब, हरियाणा या अन्य जगह का है, लेकिन उसे कुत्ते ने चंडीगढ़ में काटा है या किसी जानवर की वजह से चंडीगढ़ में हादसा हुआ है तो भी उन्हें चंडीगढ़ द्वारा ही मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजे के लिए रकम जारी करने की जिम्मेदारी चंडीगढ़ नगर निगम की है।

नगर निगम ने अपने बजट में 20 लाख का प्रावधान भी किया है। पीड़ितों को मुआवजा जारी करने को लेकर भी कमेटी की तरफ से जल्द फैसला लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## मोदी के जन्मदिवस पर 81 लोगों ने किया रक्तदान




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी चंडीगढ़ की तरफ से जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक की अध्यक्षता में नरेंद्र मोदी के 74वें जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदानशिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिवर में 81 यूनिट डोनेट हुआ।

इस रक्तदान शिवहर में विशेष रूप से जितेंद्र पाल मल्होत्रा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, हुकम चंद महामंत्री प्रदेश भाजपा, डिप्टी मेयर राजेंद्र शर्मा जी, पार्षद नरेश पांचाल जी, जिला महामंत्री सिंधी महाजन और प्रदीप शर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष मीना चड्ढा, सोनम वर्मा, कुंदन बेरवा, अरविंदर गुजराल, जिला सचिव पुष्पा पठानिया, मंजू दुबे , दीपक माधव, सुनील बंसल हरीश रावत, मनोज बिंदल,सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष और सभी मंडल पदाधिकारी ने हिस्सा लिया।

## लेबनान में फंसा पंजाब का एक व्यक्ति 23 साल बाद घर लौटा

**चंडीगढ़ ।** गुरतेज सिंह पंजाब में अपने परिवार के भविष्य के लिए बेहतर आजीविका कमाने के लिए जब लेबनान गए थे, तो उन्हें शायद ही पता होगा कि अपने परिवार से मिलने के लिए 23 साल तक इंतजार करना पड़ेगा। लुधियाना जिले के मत्तेवाड़ा गांव के मूल निवासी सिंह 2001 में अपने गांव के पांच-छह लोगों के साथ लेबनान चले गए थे। 2006 में लेबनान में युद्ध छिड़ने के बाद बाकी लोग घर लौट आए, लेकिन गुरतेज सिंह पासपोर्ट खो जाने के कारण वहीं फंस गए।

'आप' के राज्यसभा सदस्य बलबीर सिंह सीचेवाल द्वारा विदेश मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाए जाने के बाद वह अंततः छह सितंबर को भारत लौट आए।

सीचेवाल ने कहा कि उन्होंने इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया ।

## मोंगा इंफ्राटैकज अंबाला कैंट का प्रॉपर्टी मेला शुरू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मोंगा इंफ्राटैकज अंबाला कैंट की ओर से घर खरदीने के साथ साथ आकर्षक उपहार पाने का भी सुनहरी मौका शुरू हो गया है। इस शुभ अवसर पर मोंगा इंफ्राटैकज आपके लिए लाया है घर खरीदने का सुनहरी मौका और साथ में आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे है इसलिए तुरंत मोके का फायदा उठाएं क्योंकि यह बेहतरीन स्कीम केवल दिवाली तक के लिए हे मौजूद है।

अपने खुद के घर में दिवाली का पावन त्यौहार मनाना हर किसी का सपना होता है जब बात अपने घर की हो तो बहुत सोच समझकर फैसला लेना पड़ता है क्योंकि फैमिली एंबीशन्स जुड़ी होने के अलावा जीवन भर की जमा पूंजी इसमें खर्च हो जाती है।

इस लिए घर बनाने से पहले लोकेशन, एमेनिटीज और अफोर्डेबिलिटी का बहुत महत्व होता है। मोंगा इंफ्राटैकज आपके लिए लाया है, सेक्टर 42 जगाधरी रोड नैशनल हाईवे पर स्थित दीन दयाल जन आवास योजना के अंतर्गत एटीएफएल (हरमन सिटी) के द्वारा डेवलप किया गया है यह प्रोजेक्ट मैन अंबाला कैंट में रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो कि अंबाला कैंट के वासियों के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग की दिशा में पहला सक्षम कदम है।



जहां पूरी तरह से फर्निश्ड रेडी-टू- मूव-इन अपार्टमेंट व 2/3 बीएचके फ्लैटों व कोठियों का निर्माण मोंगा इंफ्राटैकज द्वारा किया गया है, जहां पर आप भी अपना प्लाट, फ्लैट या इंडिपेंडेंट कोठी ले सकते है। इस प्रोजेक्ट में लोन की सुविधा है और तुरंत रजिस्ट्री करवाई जा सकती है। हरियाणा सरकार द्वारा अप्रूवड इस परियोजना में 50 एकड़ में फैली पहली प्लांड टाउनशिप है जहां मोंगा इन्फ्राटैकज द्वारा निर्माणाधीन इस टाऊनशिप में 82 से 179 वर्ग गज तक के प्लॉटस 24,000/- प्रति वर्ग गज, रेडी- टू- मूव- इन 2 बीएचके फ्लोर 26.95 लाख, 3 बीएचके फ्लोर 32.95 लाख तथा विल्ला इंडिपैंडेंट कोठी 41.95 लाख में उपलब्ध हैं। फ्लैट्स की कीमतें जल्द की बढ़ने वाली हैं ।अब बहुत ही काम मात्रा में प्लॉट्स/फ्लैट्स बचे है इसलिए तुरंत मोके का फायदा उठाऐ। यह परियोजना अंबाला कैंट की पहली ऐसी टाउनशिप है, जिसमें 8 पार्क, शोरूम साइट एवं कम्युनिटी सैंटर हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## बेरूत पर इसराइली हवाई हमले, 12 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**



**बेरूत** के दक्षिणी उपनगरों पर इसराइली हवाई हमलों में कम से कम 12 लोग मारे गए और 66 अन्य घायल हो गए हैं ।

वहीं, हिजबुल्लाह ने पश्चिमी गैलिली में 30 से अधिक बस्तियों और उत्तरी इसराइल में एक प्रमुख खुफिया अड्डे पर 100 से अधिक रॉकेट दागे हैं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया कि इसराइली हमले में बेरूत के उपनगर दहिएह के जमौस इलाके में एक इमारत को निशाना बनाया गया। बचाव दलों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय टीवी फुटेज में घनी आबादी वाले इलाके में भारी नुकसान और अराजकता दिखाई गई।

## कुमारी शैलजा को भाजपा में शामिल होने का ऑफर

**नई दिल्ली।** हरियाणा कांग्रेस में चल रही अंदरुनी कलह के बीच केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कुमारी सैलजा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में दलितों का अपमान हुआ है और सैलजा को अपशब्दों का सामना करना पड़ा है। खट्टर ने उन्हें शामिल में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। यदि वह बीजेपी में आती हैं, तो वे स्वागत के लिए तैयार हैं। खट्टर ने कहा कि कांग्रेस में इतनी उथल-पुथल है कि सीएम पद के लिए कोई स्पष्ट चेहरा नहीं है। पार्टी में बाप-बेटे की लड़ाई चल रही है, जिसमें दोनों अपनी दावेदारी जता रहे हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने की लेबनान के मुद्दे पर आपात बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लेबनान में हिजबुल्लाह और इसराइली बलों के बीच सीमा पार गोलीबारी में वृद्धि और आतंकवादी समूह के सदस्यों को निशाना बनाने वाले घातक वायरलेस डिवाइस विस्फोटों के बाद आपातकालीन सत्र की बैठक की। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक और शांति स्थापना मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो ने कहा कि लेबनान और इसरायल के बीच की सीमा पर लगभग एक साल से हर दिन हिंसा हो रही है, जो बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दोनों तरफ से गोलीबारी यह संघर्ष विराम के निर्देश का बार-बार उल्लंघन है।

## पीएम मोदी 26 को कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का गुरुमंत्र देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कार्यकर्ताओं से संवाद कर उन्हें अपना-अपना बूथ जीतने के तौर-तरीकों के बारे में बताएंगे।

## धारावी में मस्जिद का अवैध हिस्सा गिराने के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, मुंबई**

**मुंबई** की धारावी झुग्गी बस्ती में शनिवार को उस समय तनाव हो गया, जब सैकड़ों लोग मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिराने के खिलाफ सड़कों पर उतर आए।

अधिकारी ने बताया कि इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रशासनिक वार्ड से बीएमसी अधिकारियों का एक दल सुबह करीब नौ बजे धारावी के 90 फुट रोड पर स्थित महबूब-ए-सुब्हानी मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिराने के लिए पहुंचा था। वहां जल्द ही बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एकत्र हो गए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को उस गली में जाने से रोक दिया जहां मस्जिद स्थित है।



## बडगाम में खाई में गिरी बस 4 बीएसएफ जवानों की मौत

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर 36 बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस बडगाम जिले के वतरहाल के ब्रेल के पास खाई में गिर गई।

इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई, जबकि 28 घायल हुए हैं। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बडगाम हादसे के बारे में सुनकर बेहद दुख हुआ। वहीं, प्रियंका गांधी ने भी दुख जताया है। (अनंत ज्ञान)

## वक्फ बिल को लेकर 26 से 5 राज्यों में होगी जेपीसी बैठक

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) 26 सितंबर से 1 अक्तूबर के बीच पांच राज्यों में अनौपचारिक चर्चा करेगी। इस दौरान वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित बदलावों को सरल करने के प्रयास में विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाएगा।

## पूर्व आईएएस मोहिंद्र के घर से 42 करोड़ की ज्वैलरी और 85 लाख कैश जब्त

**नोएडा।** नोएडा लैंड स्कैम मामले में ईडी पूर्व आईएएस मोहिंद्र सिंह के घर से 42 करोड़ की ज्वैलरी और 85 लाख कैश बरामद किया है। ईडी के छापे में मिले दस्तावेजों से साफ हुआ कि बसपा सरकार में अपनी धाक जमाने वाले मोहिंद्र सिंह (अब रिटायर) की लोटस प्रोजेक्ट के संचालकों से साठगांठ रही थी। चंडीगढ़ स्थित उनकी कोठी से मिले दस्तावेजों से उनके साथ ही कई और लोगों की पोल भी खुल रही है। इन दस्तावेजों के आधार पर ही ईडी अब वर्ष 2011 में नोएडा विकास प्राधिकरण में तैनात रहे अन्य कर्मचारियों का ब्योरा जुटा रही है।



## श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव

## विक्रमसिंघे-दिसानायके और प्रेमदासा में त्रिकोणीय मुकाबला

**एजेंसी, कोलंबो**

**श्रीलंका** में शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान जारी है। इस चुनाव पर भारत समेत दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। 2022 में आर्थिक संकट के कारण दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गए इस द्वीप राष्ट्र में 39 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मुख्य मुकाबला मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेशनल पीपुल्स पांवर गठबंधन के उम्मीदवार अनुरा कुमार दिसानायके और एसजेबी नेता सजित प्रेमदासा के बीच है। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक जारी रहेगा। रविवार तक नतीजे आने की उम्मीद है। बौद्ध मंदिर हॉल, स्कूल और सामुदायिक केंद्रों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पुलिस चुनाव ब्यूरो ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। कोलंबो शहर के उप चुनाव आयुक्त एमकेएसकेके बंडारामपा ने कहा कि शाम चार बजे हम डाक मतों की गिनती शुरू करने की कोशिश करेंगे और शाम छह बजे हम सामान्य (मतों की) गिनती शुरू करना चाहेंगे। सभी चुनाव प्रबंधन प्रणालियां ठीक हैं। दो या तीन घंटे के भीतर हम परिणामों की घोषणा कर सकते हैं।

## दिल्ली की सड़कों पर केजरीवाल के खिलाफ लगाए पोस्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पोस्टर लगाए गए। यह पोस्टर दिल्ली बीजेपी नेता कपिल मिश्रा की ओर से लगवाएं गए हैं। लिखा है कि स साल दिल्ली बेहाल बाय-बाय फर्जीवाल निवेदक कपिल मिश्रा। दिल्ली के प्रमुख चौराहे आईटीओ, राजघाट, आईटीआई से नोएडा और लक्ष्मी नगर की तरफ जाने रास्तों के साथ-साथ अन्य जगहों पर यह बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं। कपिल मिश्रा पहले आप नेता थे, लेकिन मतभेद के कारण पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर अक्सर मुखर रहे हैं और खुलकर विरोध करते आए हैं।

## राहुल पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ आंदोलन करेगी कांग्रेस : खड़गे

**एजेंसी, जम्मू**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी आरएसएस-भाजपा की जहरीली मानसिकता से नहीं डरेगी और राहुल गांधी को दी गई धमकियों के खिलाफ आंदोलन करेगी।



उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले भाजपा के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया। खड़गे ने जम्मू में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता, जिनमें विधायक और सांसद भी शामिल हैं, हमारे नेताओं की जुबान काटने की बात करते हैं। राहुल पर सच बोलने के लिए हमला किया जाता है और उनके खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जाता है, जैसा कि उनकी दादी इंदिरा गांधी के खिलाफ किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भाजपा और आरएसएस के ऐसे भड़काऊ भाषणों को नजरअंदाज कर देते हैं। वह इन नेताओं पर लगाम लगाने और इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे हैं, क्योंकि वह उनसे डरते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वाणी ने 18 महीने में पहला खिताब जीता



**गुरुग्राम।** वाणी कपूर ने हिताशी बख्शी को प्लेऑफ में हराकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण में जीत हासिल की जो पिछले 18 महीने में उनका पहला खिताब है। वाणी ने अपना पिछला खिताब पिछले साल मार्च में स्वदेश में ही जीता था। यह अनुभवी खिलाड़ी दिन के शुरू में हिताशी और विधात्री उर्स से तीन शॉट पीछे चल रही थी। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया तथा अपना कुल स्कोर चार ओवर 220 पर पहुंचाया। हिताशी अंतिम दौर में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और आखिर में उनका कुल स्कोर भी वाणी के बराबर रहा। विधात्री आखिरी दिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उनका कुल स्कोर पांच ओवर 221 रहा और वह प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई। वाणी और हिताशी ने प्लेऑफ में एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। वाणी ने आखिर में तीसरे प्लेऑफ में जीत हासिल की।

### अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत ने लाओस में 25 से 29 सितंबर तक होने वाले 2025 एएफसी अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। भारत को ग्रुप-जी में ईरान, मंगोलिया और लाओस के साथ रखा गया है।

**गोलकीपर ।** दिव्यज धवल ठक्कर, साहिल, प्रियांश दुबे।

**डिफेंडर ।** परमवीर, एल हेम्बा मीताइ, एंगबम सूरजकुमार सिंह, मालेम्गाम्बा सिंह, धनजीत अशांगबम, मनबीर बासुमंत्री, थॉमस चेरियन, सोनम टी एल।

**मिडफील्डर ।** मनजोत सिंह धामी, वी गुइटे, आकाश टिर्की, एबिंदास येसुदासन, ईशान सिसोदिया, एम किपजेन।

**फॉरवर्ड।** केल्विन सिंह टी, कोरोउ सिंह टी, मोनिरूल मोल्ला, टी गांगटे, नाओबा मीतेइ पी, जी गोयारी।

### इवा स्वोबोडा टैटू की वजह से फेमस

**नई दिल्ली ।** इवा निकोला स्वोबोडापोलैंड की ट्रैक और फील्ड धावक हैं जो छोटे स्प्रिंट में माहिर हैं। अपने शरीर में टैटू की वजह से वह मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है।




### कलिकेश देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के नए अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली।** कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के नए अध्यक्ष बन गए हैं जिन्होंने वी के धाल को शनिवार को यहां हुए चुनाव में 36-21 से हराया। ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल रनिंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज देख रहे थे। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकता। इसके बाद रनिंद्र ने इस्तीफा दिया था, जिनके 12 साल 29 दिसंबर 2022 को पूरे हो गए थे। पिछले साल अप्रैल में रनिंद्र के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज इसके वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश देख रहे थे। उनके कार्यवाहक प्रमुख रहते भारत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में तीन पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 और टोक्यो ओलंपिक 2020 से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे। कलिकेश 2025 तक एनआरएआई अध्यक्ष रहेंगे।

### ब्राजील की हद्दाद माइया कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



**सियोल ।** बीट्रिज हद्दाद माइया कोरिया ओपन में बारिश के कारण देर से शनिवार को खेले गए मुकाबले में पोलिना कुदेरमेटोवा पर 6-2, 6-1 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गईं। ब्राजील की यह खिलाड़ी इस डब्ल्यूटीए 500-स्तरीय टूर्नामेंट की 2017 में उपविजेता रही है। बारिश के कारण शुक्रवार के पूरे दिन का खेल रद्द हो गया, जिसके कारण क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले गए। रूस की 21 साल की पोलिना की बड़ी बहन वेरोनिका कुदेरमेटोवा हालांकि अंतिम-8 की बाधा को पार करने में सफल रही। इस 27 साल की खिलाड़ी ने विक्टोरिया टोमोवा को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। अमेरिका ओपन 2021 की चैम्पियन एम्मा राडुकानू के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता से हटने से शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। राडुकानू शुरुआती सेट में 1-6 से पिछड़ रही थी।

## भारत vs बांग्लादेश

### बांग्लादेश को जीत के लिए चाहिए 357 रन, छह विकेट अभी शेष

# टीम इंडिया जीत के करीब

**एजेंसी, चेन्नई**

ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने महीनों की निराशा, आशंका और बैचेनी को शतकों के साथ मिटाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के लिए पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाए।

दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की।

भारत के पास कुल 514 रन की बढ़त हो गई, जिससे बांग्लादेश को 515 रन का लक्ष्य मिला। इससे पहले बांग्लादेश की टीम दूसरे दिन 149 रन पर आउट हो गई थी।

बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिए थे जब खराब रोशनी के कारण खेल चार बजकर 25 मिनट पर ही रोकना पड़ा। बांग्लादेश को अभी भी हार को टालने के लिए 357 रन बनाने हैं और पूरे दो दिन का खेल बाकी है।

कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (51) और शाकिब अल हसन (पांच) क्रीज पर हैं। बांग्लादेशी बल्लेबाज अगर स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को संभलकर खेलते तो उनकी स्थिति बेहतर हो सकती थी। अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए।



बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन शतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत।

### शंटो का नाबाद अर्धशतक

बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में बेहतर शुरूआत की। जाकिर हसन (33) और शादमान इस्लाम ( 35) ने हालांकि क्रीज पर जमने के बाद गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवा दिए। नजमुल हुसैन शंटो ने हालांकि अश्विन को तीन छक्के लगाए और 56 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।




### पंत ने की धोनी की बराबरी

**दिसंबर** 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया। उन्होंने किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक के महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पंत ने 109 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे।

### गिल का 5वां टेस्ट शतक

भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने 5वां टेस्ट शतक जड़ते हुए 176 गेंद की अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के जड़े।




### स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | | | 376/10 |
| बांग्लादेश (पहली पारी) | | | 149/10 |
| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जायसवाल क. दास ब. राणा | 10 | 17 | 2/0 |
| रोहित क. जाकिर ब. अहमद | 05 | 07 | 1/0 |
| गिल (नाबाद) | 119 | 176 | 10/4 |
| कोहली पगबाधा ब. मिराज | 17 | 37 | 2/0 |
| पंत क. एंड ब. मिराज | 109 | 128 | 13/4 |
| राहुल (नाबाद) | 22 | 19 | 4/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल : (64 ओवर) | 287/4 (घोषित) | | |

**विकेट पतन :** 1-15, 2-28, 3-67, 4-234.

**गेंदबाजी :** अहमद 7-1-22-1, महमूद 11-1-43-0, राणा 6-0-21-1, शाकिब 13-0-79-0, मिराज 25-3-103-2, हक 2-0-15-0.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बांग्लादेश (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जाकिर क. जायसवाल ब. बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| इस्लाम क. गिल ब. अश्विन | 35 | 68 | 3/0 |
| शांटो (नाबाद) | 51 | 60 | 4/3 |
| हक ब. अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| रहीम क. राहुल ब. अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब (नाबाद) | 05 | 14 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 08 | | |
| कुल : (37,2 ओवर) | 158/4 | | |

**विकेट पतन :** 1-62, 2-86, 3-124, 4-146.

**गेंदबाजी :** बुमराह 7-2-18-1, सिराज 3.2-1-20-0, आकाशदीप 6-0-20-0, अश्विन 15-0-63-3, जडेजा 6-0-29-0.

## कार्तिकेय, अमान ने ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ भारत को जीत दिलाई

**एजेंसी, पुडुचेरी**

केपी कार्तिकेय (नाबाद 85) और कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 58) के बीच चौथे विकेट के लिए 153 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19 टीम ने शनिवार को यहां तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से शिकस्त दी।



माना जा रहा था कि इस मैच से महान राहुल द्रविड़ के बेटे समित भारत की जूनियर टीम के लिए पदार्पण करेंगे, लेकिन यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उन्हें टीम संयोजन के कारण बाहर किया गया या किसी चोट के कारण।

ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव होगन (42) और रिले किंग्सले (36) के योगदान से पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 184 रन बनाए। दाएं हाथ के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान ने 10 ओवर में 32 रन देकर चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 32 रन तक तीन विकेट गंवा दिए लेकिन इसके कार्तिकेय और अमान ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

कार्तिकेय ने इस दौरान आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 99 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और दो छक्कें जड़ें। अम्मान ने 89 गेंद की संयमित पारी में पांच चौके लगाए।

## युकी भांबरी चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के विजय सुंदर प्रशांत और जीवन नेदुनचेझियान ने हांगझोउ ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में शनिवार को दूसरी वरीयता प्राप्त जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को हराया, जबकि युकी भांबरी ने फ्रांस के अपने साथी के साथ चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हांगझोउ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में प्रशांत और नेदुनचेझियान ने शुरुआती सेट गंवा दिया, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए दो घंटे तक चले मैच में 6-7 (4) 7-6 (6) 10-8 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला एरियल बेहार और रॉबर्ट गैलोवे की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।



युकी भांबरी

प्रशांत ने मैच के बाद कहा,''हमने बहुत अच्छा मैच खेला। हम जानते थे कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे इससे पहले कभी जोड़ी बनाकर खेल थे।'' उन्होंने कहा,''उन दोनों की सर्विस बहुत अच्छी है। हम जानते थे कि अगर हम अपनी सर्विस को बचाए रखते हैं तो टाइब्रेक में हमारे पास मौका रहेगा। टाइब्रेक में हमने छोटे-छोटे मौके भुनाए। हमने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।''

उधर चेंगदू में भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने भी पहला सेट हारने के बाद गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 5-7, 6-3, 12-10 से पराजित किया। अब उनका मुकाबला इवान डोडिज (क्रोएशिया) और राफेल माटोस (ब्राजील) की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

## अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका से जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, शारजाह**

अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहली बार वनडे सीरीज में हरा दिया जबकि एक मैच खेला जाना अभी बाकी है। अफगानिस्तान ने दूसरे वनडे में 177 रन से जीत दर्ज की जो रनों के हिसाब से वनडे क्रिकेट में उसकी सबसे बड़ी जीत है। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 105 रन बनाए और सात वनडे शतक जमाने वाले वह पहले अफगान बल्लेबाज बने। अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 311 रन बनाए लेकिन जवाब में दक्षिण अफ्रीका टीम शुक्रवार को 35 ओवर में 134 रन पर आउट हो गई।




लेग स्पिनर राशिद खान ने अपना 26वां जन्मदिन 19 रन देकर 5 विकेट के साथ मनाया। वह बल्लेबाजी के दौरान चोटिल भी हुए थे। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे ने चार विकेट लिए। तीसरा और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। गुरबाज और रहमत शाह ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन जोड़े जिससे अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली बार 300 पार का स्कोर बनाया। गुरबाज 110 गेंद में दस चौकों और तीन छक्कों के साथ 105 रन बनाकर आउट हुए। वहीं उमरजई ने 50 गेंद में 86 और शाह ने 66 गेंद में 50 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए तेम्बा बावुमा ने 38 रन बनाए, लेकिन कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका। दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट 39 रन के भीतर गंवा दिए।

## तीन भारतीयों ने ला सेला ओपन के कट में प्रवेश किया

**डेनिया ( स्पेन )।** भारत की रिधिमा दिलावारी, प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन गोल्फ के दूसरे दौर के बाद कट में प्रवेश कर लिया जबकि सहर अटवाल एक शॉट से चूक गई। कुल 62 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया है। रिधिमा संयुक्त 15वें, प्रणवी संयुक्त 34वें और त्वेसा संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। क्रिस्टीन आर, सारा कूस्कोवा और वर्जिनिया एलेना कार्टा संयुक्त रूप से शीर्ष पर है ।



## पराग और रावत ने भारत-ए को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**एजेंसी, अनंतपुर**

रियान पराग और शाश्वत रावत के प्रवाहमय अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने भारत सी के खिलाफ दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के आखिरी दौर के मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

पराग ने 101 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए जबकि रावत ने 67 गेंद पर 53 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल है। इससे भारत-ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बना लिए थे। कप्तान मयंक अग्रवाल ने पारी की शुरुआत करते हुए 34 रन का योगदान दिया।

पराग और रावत ने 5वें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की जिससे भारत ए की कुल बढ़त 333 रन की हो गई है।

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र 40 जबकि तनुष कोटियान 13 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत सी की तरफ से अंशुल कंबोज, गौरव यादव और मानव सुतार ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले भारत सी ने भारत ए के 297 के जवाब में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 216 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 234 रन पर आउट हो गई।

## भारत-यूजीलैंड के टेस्ट की टिकटों की कीमतों में नहीं होगा इजाफा

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक से पांच नवंबर तक यहां खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए टिकटों की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। इन दोनों टीमों ने इस स्टेडियम में 2021 में टेस्ट मैच खेला था।

भारत ने इस मैच को 372 रन से जीता था। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने इसी मुकाबले की एक पारी में 10 विकेट झटकने का कारनामा किया था। वह टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। एमसीए ने पिछली बार 2016 में टेस्ट मैचों की टिकट की कीमतों में 25 प्रतिशत का इजाफा किया था।

उस समय सबसे सस्ते दैनिक टिकट की कीमतों को 100 से बढ़ा 125 जबकि पूरे मैच के लिए इसकी कीमत को 300 से बढ़ाकर 375 किया गया था। एमसीए ने अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में अगले साल 19 जनवरी को अपने स्वर्ण जयंती समारोह में देश के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने का भी फैसला किया है।

## शतरंज ओलंपियाड

### वंतिका के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने अमेरिका से ड्रॉ खेला

# पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान के साथ अंक बांटे

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

अंतरराष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल ने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंडमास्टर इरिना क्रश को हराया, जिसकी मदद से भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 9वें दौर में अमेरिका से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान के साथ अंक बांटे।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खराब फॉर्म में चल रही डी हरिका को आराम दिया लेकिन आर वैशाली शीर्ष बोर्ड पर गुलरूखबेगम तोखिरजोनोवा से हार गई। दूसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख ने कारिसा यिप से ड्रॉ खेला। तानिया सचदेव और एलिस ली का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। इसके बाद वंतिका पर सारी



जिम्मेदारी आ गई थी, जिसने निराश नहीं किया और ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को हराया। अब भारत के 15 अंक है और स्वर्ण पदक की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए आखिरी दोनों दौर में जीत दर्ज करनी होगी। कजाखस्तान 16 अंक लेकर शीर्ष पर है, जिसने पोलैंड को 2.5-1.5 से हराया। भारत दूसरे स्थान पर हैं और 9 टीमें 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

ओपन वर्ग में भारतीय पुरुष टीम ने गत चैंपियन उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेला। लगातार आठ जीत के बाद अगर भारत 9वें दौर में भी जीत जाता तो स्वर्ण पदक तय हो जाता। भारत के अर्जुन एरिगेसी अपने विरोधी शमसिद्दीन वोखिदोव की गलती का फायदा नहीं उठा सके।

### शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी गायब होने पर एआईसीएफ शर्मिंदा

**चेन्नई ।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी के गायब होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसे टीम ने टूर्नामेंट के पिछले चरण में जीता था। इसके बाद एआईसीएफ को ट्रॉफी की प्रतिकृति की व्यवस्था करनी पड़ी और माफी मांगनी पड़ी। यह एक रोलिंग ट्रॉफी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भारतीय पुरुष टीम बुडापेस्ट में चल रहे ओलंपियाड के 45वें संस्करण में स्वर्ण पदक जीतने के करीब है। एआईसीएफ के सूत्रों ने पुष्टि की कि ओपन और महिला डिविजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को दी जाने वाली 'गैप्रिंडाशविली ट्रॉफी' गायब हो गई है। भारत इस ट्रॉफी का पिछला विजेता है जो उसने 2022 में यहीं जीती थी।